

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, शुक्रवार, 9 मई, 2025 | वर्ष-18 | अंक -33 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं ... 02
■ पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का हो जड़ से...
■ भारतीय सेना के जय हिन्द यात्रा में भाग लेगी... 03
■ सुरक्षित ठिकाने व निकासी योजना तैयार रखें...
■ अमेरिका के साथ नहीं होगी सीधी बात : ईरान 07
'देश में सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश का एक ... 09

### पाकिस्तान ने भारत के 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी

# भारत ने पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह किया

## भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर को काफी नुकसान पहुंचा



**भारत के मिसाइल हमलों से बौखलाया पाकिस्तान**

**विदेश सचिव मिस्री, कर्नल सोफिया ने की प्रेस कांफ्रेंस**

नई दिल्ली, 8 मई (देशबन्धु)। पहलगाम हमले के जवाब में भारत के मिसाइल हमलों के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। अपनी बौखलाहट में उसने भारत के कई अग्रिम स्थानों पर गोलाबारी की है। हालांकि, भारतीय सेनाओं की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी खामियाजा उठाना पड़ा है। भारत की सीमा से सटे पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा है। भारत ने लाहौर में पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। इसी के साथ, पाकिस्तान ने भारत में 15 शहरों में स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे सेना ने नाकाम कर दिया। गुरुवार शाम विदेश सचिव विवेक मिस्री, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने दोबारा प्रेस ब्रीफिंग कर इस जानकारी को दोहराया।

> भारत तनाव बढ़ाने का काम नहीं कर रहा है। हमारा मकसद सिर्फ 22 अप्रैल के हमले का जवाब देना था। उसका जवाब भारतीय फौज ने दिया है: विक्रम मिस्री, विदेश सचिव



**उत्तर व पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया**

वक्तव्य के मुताबिक, 7 और 8 मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। इनमें अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, उत्तरलाई, नाल, फलौदी और भुज शामिल थे। पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों के जरिए इन स्थानों को निशाना बनाया। हालांकि भारत ने इन हमलों को निष्क्रिय कर दिया। हमलों को निष्क्रिय करने के बाद मलबे को बरामद कर लिया गया है।

### *जम्मू में ब्लैक आउट किया गया*

*जम्मू। देर रात सवा आठ बजे के करीब पाकिस्तान ने जम्मू को निशाना बना मिसाइलों व ड्रोनों से हमला कर दिया। रक्षाधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तान के इस नापाक हमले को नाकाम बना दिया गया। इस बीच खबर यह भी है कि पाक सेना ने आर एस पुरा सेक्टर में इंटरनेशनल बार्डर पर भीषण गोलों की बरसात आरंभ कर दी थी। पाकिस्तान की ओर से इस मिसाइल व ड्रोन मिले के तुरंत बाद जम्मू में ब्लैक आउट कर दिया गया।*

**एलओसी पर गोलाबारी में 16 लोगों की जान गई**

पाकिस्तान नियंत्रण रेखा स्थित जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उड़ी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टर में मोर्टार से गोले दाग रहा है, इनमें 16 नागरिकों की जान गई है। इनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं।

### तनाव के बीच मोदी से मिले आर्मी चीफ



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से जारी तनाव के बीच आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मिलने के लिए आर्मी चीफ गुरुवार की शाम प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचे। माना जा रहा है कि जनरल द्विवेदी पीएम मोदी को ताजा घटनाक्रम के बारे में अवगत कराने आए हैं। आर्मी चीफ का इस समय प्रधानमंत्री मोदी से मिलना बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि कल देर रात ही पाकिस्तान ने भारत के 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी।

### एस-400 मिसाइल सिस्टम से हमलों का नाकाम किया

भारतीय वायुसेना ने बुधवार रात भारत की तरफ आ रहे टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली 'एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम' से निशाना बनाया। एस-400 से सफलतापूर्वक सभी टारगेट्स को तबाह कर दिया गया। वहीं भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हार्पी ड्रोन्स से पाकिस्तान के वायु सुरक्षा प्रणाली को निशाना बनाया और लाहौर स्थित रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

**पाकिस्तान के दो फाइटर जेट मार गिराए**

भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो फाइटर जेट जेएफ-17 मार गिराए। इसके अलावा, पाकिस्तान ने शनिवार रात जम्मू के सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया की तरफ 8 मिसाइलें दागीं। लेकिन राहत की बात ये रही कि इंडियन एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी मिसाइलों को समय रहते रोक लिया। 2 जेएफ-17 के अलावा पाकिस्तान के एक फाइटर जेट एफ-16 को भी भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया है।

## सार संक्षेप

### जयशंकर ने ईरान सऊदी अरब के मंत्रियों के साथ की बैठक



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास आरग्ची और सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री अदेल अलजुबेर के साथ आज यहां मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर भारत के दृष्टिकोण से परिचित कराया और कहा कि भारत इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहता है लेकिन यदि हम पर हमला हुआ तो उसका बहुत सख्त जवाब दिया जाएगा।

### सीमा पर नागरिकों को निशाना बनाना ओछी हरकत : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान की सेना पुंछ में आम नागरिकों को निशाना बना रही है और यह उसकी ओछी और अत्यंत निंदनीय हरकत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां कहा, हमने सिर्फ पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया है और पाकिस्तान की सेना तथा आम नागरिकों पर कोई निशाना नहीं साधा गया है जबकि पाकिस्तानी सेना सीमा पर हमारे नागरिकों को निशाना बना रही है।

### 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में नौ ठिकानों पर छापेमारी

**रांची।** करीब 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने गुरुवार सुबह झारखंड और बंगाल में नौ ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। झारखंड में रांची के तीन और जमशेदपुर में एक स्थान पर दबिश दी गई है।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की सिफारिश


### सीजेआई संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र



**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर नकदी मिलने के मामले में जांच समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने सख्त कदम उठाया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश केंद्र से की है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट तथा जस्टिस वर्मा से मिले जवाब को साझा किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने आंतरिक प्रक्रिया के अनुसार भारत के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। इसमें तीन सदस्यीय समिति की तीन मई की रिपोर्ट और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त छह मई के पत्र/प्रतिक्रिया की प्रति संलग्न है।

### *'निशिकांत दुबे की टिप्पणियां गैर-जिम्मेदाराना'*



***नई दिल्ली।*** *सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे की न्यायपालिका और भारत के मुख्य न्यायाधीश पर की गई टिप्पणियों को बहुत गलत बताया है। कोर्ट ने कहा कि ये टिप्पणियां 'बेहद गैर-जिम्मेदाराना' और ध्यान खींचने वाली हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि ये टिप्पणियां संवैधानिक अदालतों के कामकाज के बारे में उनकी अज्ञानता को दर्शाती हैं। हालांकि, कोर्ट ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट का कहना है कि इस तरह की बेतुकी टिप्पणियों से न्यायपालिका में जनता का विश्वास नहीं डगमगा सकता।*

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद 430 उड़ानें हुईं रद्द

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारत की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' सफलतापूर्वक किए जाने के बाद गुरुवार को करीब 430 नागरिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। यह देश की कुल शेड्यूल उड़ानों का करीब 3 प्रतिशत है। इसके साथ ही 27 एयरपोर्ट्स 10 मई तक बंद रहेंगे। फ्लाइटराडार24 प्लेटफॉर्म के फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, पाकिस्तान और भारत के पश्चिमी गलियारे का एयरस्पेस का ज्यादातर हिस्सा नागरिक विमानों से फ्री था। फ्लाइट को ट्रैक करने वाले पोर्टल के मुताबिक, पाकिस्तान के ऊपर हवाई क्षेत्र और जम्मू-कश्मीर एवं गुजरात के बीच भारत के पश्चिमी क्षेत्र में नागरिक हवाई यातायात नहीं था। इसकी वजह एयरलाइनों द्वारा संवेदनशील क्षेत्र से दूरी बनाए रखना है। जिन एयरपोर्ट्स को बंद रखा गया है, उनमें श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, हलवारा, पठानकोट, भुंतर, शिमला, गग्गल, धर्मशाला, किशनगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, मुंद्रा, जामनगर, हिंडन शामिल हैं।

> **10 मई तक बंद रहेंगे 27 एयरपोर्ट्स**

## सुकमा में 8 नक्सली ढेर

**सुकमा,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ कर्रिगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में हुई, जो तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमाओं के संगम पर स्थित है। इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने 8 नक्सलियों को मार गिराया, जिनमें दो डिवीजनल कमेटी (डीवीसी) के वरिष्ठ सदस्य भी शामिल हैं। हालांकि, इस मुठभेड़ में तेलंगाना की 'ग्रीन फाइटर' टीम के 5 जवान भी शहीद हो गए। सुकमा पुलिस और अन्य सुरक्षाबल इस ऑपरेशन में शामिल थे। खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किए गए इस अभियान का मकसद नक्सलियों के गढ़ में उनकी गतिविधियों को कुचलना था।

**सर्वदलीय बैठक में सेना के ऑपरेशन की दी गई जानकारी**

## सभी दलों ने सरकार के कदम का समर्थन किया : रिजिजू



केंद्रीय मंत्री ने कहा विपक्ष के सुझावों पर गंभीरता से विचार होगा

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट करने की कार्रवाई के संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों को जानकारी देने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अध्यक्षता की और भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए इस ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी सभी दलों के नेताओं के साथ साझा की। बैठक में सभी दलों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार और सेना के इस कदम का समर्थन किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज सर्वदलीय बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बहुत अच्छे से हुई है। रक्षा मंत्री ने सभी नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इसके बाद सभी ने अपना मत रखा और सुझाव भी दिए। सभी नेताओं ने सेनाओं को बधाई भी दी। कहा कि हम एकजुट हैं और सेना की हर कार्रवाई में साथ देंगे।

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

15th nirf
Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India
A++ Grade
Accredited by NAAC
Tier 1 NBA
Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years

KIITEE 2025
PHASE - 2
APPLY ONLINE
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
Last Date to Apply 4th June 2025 | No Examination Fee (Computer-Based Test)
KIITEE 2025 Online Test (Phase -2) starts from
8th June to 12th June 2025

Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
ABET (US) Accreditation
THE 601-800 University Ranking 2024 World University Rankings
IET ACCREDITED PROGRAMME The Institute of Engineering and Technology

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE
UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes [All 4 years Programmes are with Honors/Research]
B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/ Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- B.Tech & M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- BA LLB/BBA LLB/B.Sc LLB (Hons) 5yrs

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA
- MBA in Rural Management
- MBA in Agribusiness Management
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

CAMPUS PLACEMENT 2024 HIGHLIGHTS
700+ Companies
5585+ Job Offers
₹53 LPA Highest Salary Offered
₹8.50 LPA Average CTC
1500+ Paid Internships
1000+ Students with multiple job offers

Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India,
Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email: admission@kiit.ac.in, Website: www.kiitee.ac.in
KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha.
It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

# देश

उवाच "

कांग्रेस में कई नेता हैं। सभी के बयानों पर प्रतिक्रिया तो नहीं दी जा सकती है। कांग्रेस में राहुल गांधी या फिर मल्लिकार्जुन खड़गे बयान देते तो स्वाभाविक है कि टिप्पणी की जा सकती है। लेकिन, कांग्रेस में इतने नेता हैं, सभी के बयानों पर प्रतिक्रिया देना संभव नहीं। उदित राज जैसे कई कांग्रेस में हैं, जो 'बेचैन आत्मा' हैं, उनके बयानों पर क्या प्रतिक्रिया दें: दिलीप जायसवाल, भाजपा नेता






| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.3 | 26.6 |
| मुंबई | 32.6 | 24.6 |
| कोलकाता | 38.0 | 26.4 |
| चेन्नई | 34.6 | 26.2 |

# हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाए, मुंहतोड़ जवाब मिलेगा : राजनाथ सिंह

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ भवन में 'राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन-2025' को संबोधित किया

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पाकिस्तान को दो टूक संदेश देते हुए कहा कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाए। वरना उसे हमारी क्वालिटी कार्रवाई का सामना करने के लिए भी पूरी तरह तैयार रहना होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ भवन में 'राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन- 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि हमने हमेशा ही, एक जिम्मेदार राष्ट्र होने का रोल, बड़े संयम से निभाया है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो। इसका अर्थ यह नहीं है कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा उठाए। यदि कहीं, कोई, हमारे इस संयम का फायदा उठाने की कोशिश करता है, तो उसे कल की तरह ही, 'क्वालिटी कार्रवाई' का सामना करने के लिए भी पूरी तरह तैयार रहना होगा।

उन्होंने पाकिस्तान को चेताते हुए कहा कि भारत की संप्रभुता की सुरक्षा में, कोई भी हद हमारे लिए बाधा नहीं बनेगी, इसका मैं देशवासियों को भरोसा देता हूं। ऐसे जिम्मेदार प्रतिक्रियाओं के लिए हम आगे भी पूरी तरह तैयार हैं और यदि हमारी यह तैयारी बनी हुई है, तो इसमें आपका एक बहुत बड़ा रोल है। भारत का यह रक्षा औद्योगिक जगत का विस्तार, भारत को एक अभूतपूर्व संबल प्रदान कर रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ भवन में 'राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन- 202' को संबोधित करते हुए कहा, 'पाकिस्तान और पीओके में जिस तरह से हमारे सुरक्षा बलों ने आतंकी ठिकानों को तबाह किया है, वह हम सबके लिए एक गौरव का विषय है। क्वालिटी की क्या भूमिका होती है, यह क्या रोल अदा करती है, इसका नमूना हमने कल देखा। जिस सटीकता के साथ ऑपरेशन 'सिंदूर' किया गया, वह अकल्पनीय और सराहनीय है। इसमें 9 आतंकी ठिकाने तबाह हुए और इसमें काफी संख्या में आतंकी मारे गए। जिस तरह से इस ऑपरेशन में निर्दोषों को नुकसान पहुंचाए बिना अंजाम दिया गया, वह इसलिए संभव हो पाया है क्योंकि हमारी सेनाओं के पास बेहतरीन क्वालिटी के हथियार थे।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें भारतीय रक्षा उद्योग को एक मजबूत और विश्वसनीय ब्रांड बनाना है। आज मैं आपसे एक महत्वपूर्ण अपील करने आया हूं। यह अपील है एक मजबूत, विश्व अग्रणी और अत्याधुनिक 'ब्रांड भारत' बनाने की है, ताकि जब देशों को दुनिया के रक्षा बाजार में उत्पादों के बारे में संदेह हो, तो वे 'ब्रांड इंडिया' को चुनें।



**हमने हमेशा ही, एक जिम्मेदार राष्ट्र होने का रोल, बड़े संयम से निभाया है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो। इसका अर्थ यह नहीं है कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा उठाए : राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री**

## भारत को आंख दिखाने वालों को हम शांत करने में ज्यादा समय नहीं लगाते : मनोज झा

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक के बाद आरजेडी सांसद मनोज झा की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने सेना की तारीफ करते हुए कहा कि पूरा देश एकजुट है और हमें सेना पर गर्व है। सर्वदलीय बैठक पर आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने कहा, 'यह बहुत जरूरी था। इस ऑपरेशन से पहले और पहलगाम की बर्बर दुर्घटना के बाद भी एक सर्वदलीय बैठक की गई, जिसमें सबने एकजुटता दिखाई। आज की सर्वदलीय बैठक में भी राष्ट्रीय सुरक्षा, अखंडता और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाई गई। कोई भी पार्टी इन मामलों पर अलग तरीके से नहीं सोचती है। भले ही हमारे देश में अलग-अलग पार्टियां हैं, लेकिन सभी के विचार एक ही हैं।'

## भारत को छेड़ने वाले लोगों को छोड़ेंगे नहीं, आतंकियों का सफाया करके ही सांस लेंगे : शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत किसी को नहीं छेड़ता है, अगर कोई हमें छेड़े तो उसे हम छोड़ते नहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'हम सबका कल्याण चाहते हैं और इसलिए हम किसी को छेड़ते नहीं हैं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कोई हमें छेड़ता है तो उसे हम नहीं छोड़ते। यह अद्भुत देश है। एक साथ कई मोर्चों पर काम चल रहा है। भारत अब दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है' केंद्रीय कृषि मंत्री ने नई दिल्ली स्थित पूसा में आयोजित कृषि आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के आतंकवाद विरोधी अभियान का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'एक तरफ आईपीएल भी चल रहा है, तो दूसरी तरफ आतंकवादियों के सफाए का महाअभियान चल रहा है। हमारी बेटियों की इज्जत को तार-तार करने वालों का सफाया हो चुका है। इन आतंकवादियों और उनके ठिकानों, उन्हें समर्थन देने वालों का सफाया हो चुका है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा यही संकल्प है कि आतंकवादियों को जड़ से मिटाकर ही सांस लेंगे।' केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'विकास कोई साधारण कार्य नहीं है, यह वास्तव में असाधारण है। हालांकि, मैं इस क्षेत्र में परियोजनाओं और विकास के बारे में अभी विस्तार से नहीं बताऊंगा, लेकिन मैं इतना कहूंगा कि हमारा देश, भारत, 5,000 वर्षों से अधिक पुराने ज्ञात इतिहास वाला एक प्राचीन और महान राष्ट्र है।'



# ऑपरेशन सिंदूर के बाद कर्नाटक में सुरक्षा बढ़ाई गई : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 8 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर पूरे राज्य में खास तौर पर बांधों के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्री सिद्दारमैया ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई चल रही है। इनमें से अधिकांश को वापस भेजा जा चुका है और कुछ मामले अभी अदालतों में लंबित हैं। उन्होंने मांड्या में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, 'हमने बांधों समेत प्रमुख बुनियादी ढांचे के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है और सभी एहतियाती कदम उठा रहे हैं। केंद्र ने नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल के लिए निर्देश जारी किए हैं, जो उसी के अनुसार आयोजित किए जा रहे हैं' उन्होंने राज्य में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मांग पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'उनमें से अधिकांश को पहले ही वापस भेजा जा चुका है। हालांकि, कुछ लोगों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है और उचित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।' राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बेंगलुरु में सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा, 'रायचूर, कैगा और केआरएस इंडस्ट्रीज से विशेष पुलिस बल तैनात किए गए हैं, जिन्हें कमांडो प्रशिक्षण मिला है। सभी विभागों में पर्याप्त संख्या में कर्मी मौजूद हैं और अगर और भर्ती की जाती है तो एक साल का प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किया जाएगा।' उन्होंने केंद्र द्वारा निर्देशित मॉक ड्रिल के बारे में कहा, 'कल की मॉक ड्रिल सफल रही। केंद्र सरकार ने हमें तीन जिलों में इसे आयोजित करने का निर्देश दिया था। तैयारियों को मजबूत करने के लिए राज्य ने मैसूरु को भी चुना है।



**पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई चल रही है। इनमें से अधिकांश को वापस भेजा जा चुका है और कुछ मामले अभी अदालतों में लंबित हैं: सिद्दारमैया, मुख्यमंत्री कर्नाटक**

## कर्नाटक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मंदिरों में विशेष पूजा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में राज्य के मंदिरों में विशेष प्रार्थना करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने मुजराई विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी मंदिरों को निर्देश दिया है कि वे पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थनाएं आयोजित करें। परिवहन और मुजराई (धर्मार्थ सम्पत्ति प्रबंधन) मंत्री बी रामलिंगा रेड्डी ने गुरुवार को यहां मीडियाकर्मियों को बताया कि हिन्दू धार्मिक संस्थानों और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के आयुक्त ने एक परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र में मुजराई विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी मंदिरों को पहलगाम आतंकवादी हमले के प्रतिशोध में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि निर्देश को सख्ती से और बिना किसी अपवाद के लागू किया जाना चाहिए। परिपत्र में कहा गया है कि यह कदम पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना की कार्रवाई के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में उठाया गया है जिसमें शिवमोगा के व्यवसायी मंजूनाथ राव सहित कई नागरिकों की जान चली गई थी।

## सार संक्षेप

### मणिपुर में दो उग्रवादियों को किया गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और एक अन्य स्थान से हथियार बरामद किये हैं। पुलिस ने गुरुवार को यहां बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पुलिस थाने के अंतर्गत अवांग खुनौ मायाई लेइकाई से एक उग्रवादी गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य अभियान में पुलिस ने इसी जिले के वांगोई थाने के तहत इरमसिपाई लेइराक अशांगबा से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने थौबल जिले के नोंगपोक-सेकमाई के अंतर्गत बेंगी गांव के पास ग्वारोक हिल रेंज से मैगजीन के साथ एक .303 राइफल, चार हथगोले (बिना डेटोनेटर के) और एक 'पोम्पी गन' (इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार) भी बरामद किया।

### स्टालिन ने दो मंत्रियों के विभाग में फेरबदल किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने गुरुवार को दो मंत्रियों के विभाग में बदलाव किये। बदलाव के तहत कानून मंत्रालय जो अब तक श्री एस. रघुपति के पास था, उसे जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन को सौंप दिया गया है जबकि खनिज एवं खान विभाग के श्री दुरईमुरुगन से लेकर श्री रघुपति को दे दिया गया है और उन्हें प्राकृतिक संसाधन मंत्री बनाया गया है। राजभवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'मुख्यमंत्री की सिफारिश के आधार पर जल संसाधन मंत्री श्री दुरईमुरुगन को कानून विभाग आवंटित किया गया है।

### बीकानेर हादसा: गैस सिलेंडर विस्फोट के बाद गिरी थी इमारत, आठ लोगों की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान के बीकानेर में गैस सिलेंडर विस्फोट में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। बचाव दल ने गुरुवार सुबह घर के मलबे में दबे तीन और शवों को बरामद कर लिया है। मामला बीकानेर के कोतवाली के पास स्थित मदन मार्केट का है। बुधवार को गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण पांच मंजिला इमारत ढह गई थी। हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने मलबे से 10 लोगों को निकालकर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया था, इनमें से दो मृत पाए गए थे। बाद में मृतकों की संख्या पांच पहुंच गई, जो गुरुवार सुबह आठ हो गई है। बचाव दल की टीम को संकरी गलियों के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने में काफी परेशानी आई, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह तीन और शवों को मलबे से निकाला गया है।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का झारखंड दौरा टला

■ 10 मई को प्रस्तावित पूर्वी क्षेत्रीय अंतरराज्यीय परिषद की बैठक स्थगित

**रांची,** 8 मई (एजेंसियां)। रांची में 10 मई को प्रस्तावित पूर्वी क्षेत्र अंतरराज्यीय परिषद की 27वीं बैठक स्थगित कर दी गई है। यह बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होनी थी। इसके लिए वह 9 मई को रांची पहुंचने वाले थे। आधिकारिक सूत्रों ने बैठक स्थगित होने की वजह नहीं बताई है, लेकिन यह माना जा रहा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच जारी टकराव और तनाव की स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। परिषद के सदस्य चारों राज्यों को बैठक स्थगन की सूचना दे दी गई है। बैठक की नई तारीख बाद में तय की जाएगी। इस बैठक में भाग लेने के लिए झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों के अलावा चारों राज्यों के शीर्ष अधिकारी पहुंचने वाले थे। सरकार ने इन्हें राजकीय अतिथि घोषित किया था। बैठक में अंतरराज्यीय समन्वय, केंद्र-राज्यों के बीच परस्पर देनदारियों से संबंधित विषय, उग्रवाद उन्मूलन, परिसंपत्तियों के बंटवारे, नशीले पदार्थों के कारोबार पर नियंत्रण सहित कई मुद्दों पर विमर्श होना था। उल्लेखनीय है कि संसद से पारित राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के तहत देश को पांच क्षेत्रों उत्तरी, मध्य, पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी में विभाजित किया गया था तथा प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय परिषद का गठन किया गया था। यह एक वैधानिक निकाय है, जिसके पदेन अध्यक्ष देश के गृह मंत्री होते हैं।



# पाकिस्तानी मूल की डिजिटल सामग्री के प्रयोग पर सरकार ने लगाई रोक

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के विरुद्ध एक और कडा कदम उठाते हुए पाकिस्तानी मूल की डिजिटल सामग्री के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां जारी एक परिपत्र में कहा कि सोशल मीडिया, वेबसाइट, ओटीटी या किसी अन्य जन संचार के माध्यम में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना की कार्रवाई तथा अन्य कदमों के मद्देनजर पाकिस्तान के मूल की डिजिटल सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

परिपत्र में कहा गया है कि ऐसी कोई भी जानकारी होस्ट, प्रदर्शित, अपलोड, संशोधित, प्रकाशित, प्रेषित, संग्रहीत, अद्यतन या साझा नहीं की जानी चाहिए जो 'भारत की एकता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा या संप्रभुता, दूसरे देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पहुंचाती हो।' परिपत्र के अनुसार भारत में कई आतंकवादी हमलों का संबंध पाकिस्तान के सरकारी और गैर सरकारी लोगों के साथ साबित हुए हैं। इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, भारत में संचालित सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म, मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और अन्य जनसंचार माध्यमों को सलाह दी जाती है कि वे पाकिस्तानी मूल की वेब-सीरीज, फिल्म, गाने, पॉडकास्ट और अन्य स्ट्रीमिंग मीडिया सामग्री का प्रयोग बंद कर दें।।परिपत्र में कहा गया कि यह परिपत्र सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया, आचार संहिता) नियम, 2021 के अंतर्गत जारी किया गया है। नियमों के अंतर्गत आचार संहिता में यह प्रावधान है कि किसी भी विषय-वस्तु को प्रदर्शित करने, प्रसारित करने, प्रकाशित करने या प्रदर्शित करने का निर्णय लेते समय प्रकाशक या प्रसारक को उचित सावधानी और विवेक का प्रयोग करना चाहिए। ऐसी किसी भी सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए जो भारत की संप्रभुता और अखंडता को प्रभावित करती है, विषय-वस्तु जो राज्य की सुरक्षा को खतरा पहुंचाती है और विषय-वस्तु जो अन्य देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए हानिकारक है तथा हिंसा भड़काने या सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव में बाधा उत्पन्न करने की आशंका रखती है।



**सोशल मीडिया, वेबसाइट, ओटीटी या किसी अन्य जन संचार के माध्यम में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना की कार्रवाई तथा अन्य कदमों के मद्देनजर पाकिस्तान के मूल की डिजिटल सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए : सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय**

# टीआरएफ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अभियान चले, पाकिस्तान को एफएटीएफ-ग्रे लिस्ट में डाला जाए : ओवैसी

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के अंदर जारी आतंकवादियों के कैंप को तबाह करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी गई। सर्वदलीय बैठक के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस पर जानकारी दी। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के खिलाफ अभियान चलाया जाए और पाकिस्तान को एफएटीएफ-ग्रे लिस्ट में डाला जाए। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मैंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की प्रशंसा की है। बैठक में मैंने यह भी सुझाव दिया कि हमें 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के खिलाफ एक इंटरनेशनल कैंपेन चलाना चाहिए। खासतौर से सुरक्षा परिषद इसकी घोषणा करे। हमें यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका को बताना है कि वह अपने मुल्क में इस संगठन को तुरंत आतंकी संगठन घोषित करे।



## सर्वदलीय बैठक कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार बोले, 'हम सरकार के साथ'

**नागपुर।** पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह करने के बाद गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बारे में बताया जाएगा। इस बैठक से पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि अगर सरकार पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाना चाहती है तो हमारा पूरा समर्थन रहेगा। गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोग मारे गए।

# कर्नाटक : हावेरी में कार-ट्रक की टक्कर में 6 की मौत, 2 घायल

■ हादसा ब्यादगी तालुक के मोटेबेन्नूर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हुआ

■ एक कार ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी

**हावेरी,** 8 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के हावेरी जिले में एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा ब्यादगी तालुक के मोटेबेन्नूर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हुआ, जब एक कार ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। पुलिस के अनुसार, हादसा इतना भयावह था कि कार में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को तुरंत नजदीकी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। ब्यादगी थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कार तेज रफ्तार में थी और संभवतः चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह टक्कर हुई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक से पूछताछ की जा रही है। ब्यादगी थाने के एक अधिकारी ने बताया, 'हम हादसे के कारणों की गहन जांच कर रहे हैं। सड़क पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घायलों के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं।'

हादसे के बाद राजमार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सामान्य किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हादसे होते रहते हैं।



**तनाव** *जम्मू कश्मीर समेत कई भारतीय शहरों पर पाक के मिसाइल और ड्रोन हमलों को पछाड़ा गया*

# पाक के कई शहरों पर भारत ने ड्रोन हमले कर बरपाया कहर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)। अंततः वही हुआ जिसकी आशंका रात को प्रकट की गई थी। पाक सेना ने जम्मू कश्मीर के कई शहरों समेत देश के दो दर्जन शहरों को अपने मिसाइल हमलों से पाट देने की नापाक कोशिश की गई।

हालांकि इन सभी हमलों को नाकाम बना पाकिस्तान को करारी शिकस्त देते हुए उसके कई शहरों में भारत ने ड्रोन हमले कर कहर तो बरपा दिया। इन हमलों ने जम्मू कश्मीर के लोगों में माहौल को और दहशतजदा कर दिया है जो पहले ही उस पार से होने वाली गोलाबारी से त्रस्त हैं।

भारतीय सरकार ने इसे माना है कि पाकिस्तान ने देर रात और आज तड़के जम्मू कश्मीर के कई शहरों समेत देश के कई इलाकों को अपने मिसाइल हमलों से पाट देने का दु:साहस किया था। भारतीय अधिकारियों के बकौल, इन सभी ना'पाक मिसाइल व ड्रोन हमलों को भारत की रक्षा प्रणाली ने नाकाम बना दिया। इतना जरूर था कि भारत ने जवाबी कार्रवाई में एस-400 मिसाइलरोधी सिस्टम समेत कई प्रकार के इसरायली ड्रोनों को इस्तेमाल कर पाकिसतान के कई शहरों में त्राहि त्राहि मचा दी। दोनों मुल्कों में इस हवाई लड़ाई के उपरांत जम्मू कश्मीर में इंटरनेशनल बार्डर और एलओसी पर माहौल जबरदस्त गर्माया हुआ है। इंटरनेशनल बार्डर पर अधिकतर गांवों में भुतहा सन्नाटा है तो एलओसी पर पाक तोपखाने भारतीय नागरिक और सैन्य ठिकानों पर गोलों की बरसात को जारी रखे हुए थे। इतना जरूर था कि भरतीय पक्ष की जवाबी कार्रवाई में एलओसी पर सिर्फ सैनिक ठिकाने ही निशाने पर थे।

इस जवाबी कार्रवाई के प्रति एक रक्षा सूत्र के दावानुसार, एलओसी के पार पाक सेना के एक तोपखाना रेजिमेंट बैटरी को पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है। रक्षा सूत्रों का दावा था कि पाक सेना की 6 के करीब 155 एमएम की तोपें तबाह कर दी गई हैं और साथ ही उसके तीन अफसरों समेत 16 जवान मार दिए गए हैं।



■ **अंततः वही हुआ जिसका डर था**

■ **एलओसी के पार पाक सेना के एक तोपखाना रेजिमेंट बैटरी को पूरी तरह से तबाह किया गया**

उल्टा पुल्टा

टीचर : अगर चोर पिछले दरवाजे से घुसे तो क्या करोगे...?
पप्पू : तो मै 100 की जगह 001 पर फोन करूंगा, ताकि पुलिस भी पिछले दरवाजे से आए...।

### सर्वदलीय बैठक के बाद 'आप' सांसद संजय सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता किया गर्व, कहा

# पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का हो जड़ से सफाया : संजय सिंह

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना द्वारा चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश के लिए गौरव की बात है। इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकवादी और उनके सहयोगी मारे गए हैं। यह ऑपरेशन अभी जारी है और हर स्थिति में पूरा विपक्ष व देश भारत सरकार के साथ खड़ा है। पूरा देश चाहता है कि पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का जड़ से सफाया हो। गुरुवार को केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने यह बात कही।



पूरे विपक्ष ने पाकिस्तान को इसके जवाब में और मजबूती से कार्रवाई करने व बदला लेने की बात कही है : संजय सिंह, राज्यसभा सांसद

संजय सिंह ने कहा कि बुधवार को विदेश सचिव, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के माध्यम से 'ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी गई थी और भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर जो हमला किया था, उसके बारे में केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक में जानकारी दी। सरकार ने बताया कि इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकवादी और उनके सहयोगी मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पूरे देश के लिए गौरव की बात है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी सेना ने इतनी बड़ी कार्रवाई की है। संजय सिंह ने कहा कि बैठक में पूंछ में हुए घटनाक्रम पर भी चर्चा हुई, जहां पाकिस्तान ने हमारे निर्दोष नागरिकों को मारा। पूरे विपक्ष ने पाकिस्तान को इसके जवाब में और मजबूती से कार्रवाई करने और बदला लेने की बात कही है।

## आईआईएफसीएल ने लगातार पांचवें साल किया रिकॉर्ड प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.आर. जयशंकर ने लगातार पांचवें साल अपने सर्वकालिक उच्च प्रदर्शन की घोषणा की। अब तक की सर्वाधिक मंजूरी और संवितरण कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान क्रमशः 51,124 करोड़ रुपए और 28,501 करोड़ रुपए की अब तक की सर्वाधिक वार्षिक मंजूरी और संवितरण दर्ज की, जो पिछले वर्षों के क्रमशः 42,309 करोड़ रुपए और 22,356 करोड़ रुपए के आंकड़ों को पार कर गई। जो क्रमशः 21 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि है। संचयी मंजूरी और संवितरण रु. 31 मार्च 2025 तक आईआईएफसीएल का कुल शुद्ध लाभ 3.06 लाख करोड़ रुपए और 1.56 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जिसमें से 55 प्रतिशत संचयी मंजूरी और संवितरण पिछले पांच वर्षों में हासिल किए गए। 31 मार्च 2025 तक आईआईएफसीएल की समेकित संचयी मंजूरी और संवितरण 3.53 लाख करोड़ रुपए और 1.79 लाख करोड़ रुपए थी।

## भारतीय सेना के जय हिन्द यात्रा में भाग लेगी दिल्ली कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में हुई महत्वपूर्ण बैठक में प्रस्ताव पास करके यह निर्णय लिया कि दिल्ली कांग्रेस भारतीय सेना के मनोबल को मजबूत करने के लिए कल दिनांक 09 मई, 2025 को सायं 3 बजे जंतर मंतर पर जय हिन्द यात्रा में भाग लेंगी।

बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम में शहीद हुए 26 निर्दोष लोगों का बदला लेकर पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी कैंपों को नेस्तनाबूद करने की जवाबी कार्यवाही के लिए सराहना प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।

बैठक में रखे गए प्रस्ताव में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी का देश में संकट के समय सरकार को दिए गए समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया गया। सभी नेताओं ने एक सुर में इस संकट की घड़ी में भारतीय सेना और देश के साथ खड़े होने का प्रस्ताव भी पास किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, पूर्व दिल्ली मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ और श्री मंगतराम सिंघल, अ0भा0क0कमेटी के पूर्व सचिव रोहित चौधरी, प्रवक्ता रागिनी नायक, वरिष्ठ नेता जगजीवन शर्मा, निगम पार्षद मौहम्मद जरीफ, राजेश गर्ग व अनुज आत्रेय मौजूद थे।




■ संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए सराहना प्रस्ताव किया पारित

## फाइनल ईयर के विद्यार्थियों का हुआ विदाई समारोह 'एल वेदा-2025'

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, द्वारका द्वारा बीए. जनसंचार, बीबीए, सी.एस.आईटी, बीकॉम, बी.बी.ए बैच 2022, बैच 2020 बीए. एल.एल.बी फाइनल ईयर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह एल वेदा-2025 विवांता ताज, दिल्ली में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ हुई अध्यक्ष डॉ. आर के टंडन, डॉ. रीमा टंडन, उपाध्यक्ष, श्रेया टंडन, मिस अरश्जीत कौर डॉ. आशुतोष अग्रवाल, निदेशक ट्रिनिटी, उप निदेशक डॉ. संध्या मैत्रा, डॉ. शशिबाला, प्राचार्य विधि विभाग, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं टिप्स परिवार के सदस्यों कि उपस्थिथि में शुरू हुआ। अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण दिया गया जिसमें उन्होंने कार्यक्रम में आए गेस्ट ऑफ़ ओनर मिस अरश्जीत कौर और उपस्थित सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाए दी।




## आरईसी ने समाप्त वित्तीय वर्ष में किया लाभ दर्ज

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। आरईसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में 4236 करोड़ रुपए का एकल शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4016 करोड़ के लाभ की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है।

कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में वित्तीय लेखाजोखा पेश करते हुये कहा कि मार्च 2025 में समाप्त इस तिमाही में कंपनी की शुद्ध ब्याज आय 5876 करोड़ रुपए रही है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही की 4263 करोड़ रुपए की ब्याज आय की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस तिमाही में 45538 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए जो मार्च 2024 की तिमाही में वितरित 39374 करोड़ रुपए के ऋण की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। निदेशक ने बताया कि अनुसार सभी क्षेत्रों में वृद्धि, ऋण परिसंपत्तियों पर ब्याज दरों को पुन: निर्धारित करने और वित्त लागत के प्रभावी प्रबंधन के कारण, आरईसी अपने प्रसार और एनआईएम को बनाए रखने में सक्षम है।




## पंजाबी महासम्मेलन संघ द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। पंजाबी महासम्मेलन संघ की तरफ से आज इंटरनेशनल मदर्स डे स्थान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन पूर्वी दिल्ली शाखा कड़कड़डूमा दिल्ली के उपलक्ष्य में एक रंगारंग कार्यक्रम रखा गया जिसकी अध्यक्षता डॉ मधु मोंगा द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती बबीता मल्होत्रा व डॉक्टर नीलम लेखी इस कार्यक्रम के अंदर मातृत्व के ऊपर चर्चा की गई। यह एक वरदान है। महिलाओं के लिए कि वह मातृत्व की एक मान्यता रखते हुए अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें और सात महिलाओं को सम्मानित किया गया जो जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र के अंदर उत्कृष्ट काम किया जैसे चिकित्सा के लिए आज डॉक्टर शमा बत्रा RWA के लिए श्रीमती शिवानी आहूजा, अधिवक्ता हेतु अरोड़ा सेठी, व्यवसाय के लिए पूनम लाल आदि को सम्मानित किया गया।



## अब ग्रेजुएट्स को मिलेंगे सप्लाई चेन मैनेजमेन्ट में स्किलिंग के अवसर

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। एआईसीटीई मुख्यालय एनईपी2020 और प्रधानमंत्री जी के दृष्टिकोण के अनुरूप अकादमिक एवं उद्योग जगत के बीच के अंतर को दूर करने के लिए हमारे ग्रेजुएट्स को मौजुदा आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करना ज़रूरी है, ऐसा करके ही 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सकता है।

इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आज ऑल इंडियन काउन्सिल फॉर टेकनिकल एजुकेशन एआईसीटीई मुख्यालय ने ब्लू ओशन कॉर्पोशन सप्लाईन चेन ट्रेनिंग एवं कन्सल्टिंग में ग्लोबल लीडर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत भारत के छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। यह समझौता ज्ञापन भारत की टेकनिकल शिक्षा प्रणाली में सर्वश्रेष्ठ विश्वस्तरीय प्रथाओं को शामिल करने के लिए एआईसीटीई द्वारा उठाया गया उल्लेखनीय कदम है।

एआईसीटीई के चीफ़ कोऑर्डिनेटिंग ऑफिसर डॉ बुद्धा चन्द्रशेखर और ब्लू ओशन कॉर्पोरेशन के ग्रुप सीईओ डॉ सत्या मेनन ने अकादमिक एवं उद्योग जगत के दिग्गजों की मौजूदगी में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी एआईसीटीई के चेयरमैन प्रोफेसर टी.जी. सीताराम के नेतृत्व में एआईसीटीई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस 2025 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा में अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस 2025 के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वे थैलेसीमिया रोगियों के लिए देखभाल, गरिमा और आशा से भरे भविष्य की दिशा में सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने थैलेसीमिया से जूझ रहे रोगियों और उनके परिवारों की दृढ़ता की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।




यह कार्यक्रम दिल्ली विधानसभा परिसर में नेशनल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता उपस्थित थे। उनके साथ प्रमुख अतिथियों में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के पूर्व गृह राज्य मंत्री हंसराज गंगाराम अहीर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विनीता श्रीवास्तव भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण एवं डॉ. जे.एस. अरोड़ा एनटीडब्ल्यूएस के महासचिव उपस्थित थे।

इस वर्ष की वैश्विक थीम 'थैलेसीमिया के लिए एक साथ: समुदायों को एकजुट करना, रोगियों को प्राथमिकता देना' के अनुरूप कार्यक्रम में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। अपने संबोधन में श्री गुप्ता ने कहा कि आज का दिन केवल स्मरण का नहीं, बल्कि थैलेसीमिया की रोकथाम, जागरूकता और सहयोग के प्रति हमारे नवनिर्मित संकल्प का प्रतीक होना चाहिए। भारत थैलेसीमिया से सर्वाधिक प्रभावित देशों में से एक है, जहां 5 करोड़ से अधिक वाहक और प्रतिवर्ष अनुमानित 12,000 से 15,000 बच्चे थैलेसीमिया मेजर के साथ जन्म लेते हैं। अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण एकमात्र स्थायी उपचार है, लेकिन इसकी लागत अत्यधिक है और यह डोनर की उपलब्धता पर निर्भर करता है।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्नलिखित विवरण के अनुसार चलायेगी:–

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

भारी तूफान शहर में रहा जिसके क्रम में वसुंधरा सेक्टर-4 में गिरे पेड़ को उद्यान टीम द्वारा तत्काल हटाया गया, कवि नगर क्षेत्र में डायमंड फ्लाईओवर के आसपास पेड़ गिरने की सूचना मिलती ही तत्काल कार्रवाई की गई संजय नगर सेक्टर-23 तथा कलेक्ट्रेट के आसपास गिरे हुए पेड़ों को भी हटाया गया, सिटी के अंतर्गत टाउन हॉल तथा नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के आसपास गिरे हुए पेड़ों को भी उद्यान विभाग द्वारा हटाया गया विजयनगर तथा मोहन नगर क्षेत्र से किसी प्रकार पेड़ गिरने की सूचना प्राप्त नहीं हुई : **अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त।**

## भारी तूफान व ओलावृष्टि के बीच व्यवस्थाओं को संभालने में जुटा निगम, अधिकारी रहे सतर्क

**जल भराव के हॉटस्पॉट पर नजर बनाए रखें अधिकारी : नगर आयुक्त**



**गाजियाबाद,** 8 मई (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार भारी तूफान तथा ओलावृष्टि के दौरान गाजियाबाद नगर निगम टीम अलर्ट रही। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी जलभराव के हॉटस्पॉट स्थलों का निरीक्षण भी किया। गाजियाबाद के कुछ इलाकों में भारी बारिश रही जहां सूचना मिलते ही गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग जलकल विभाग तथा उद्यान विभाग ने व्यवस्थाओं को संभाला, 52 ऐसे हॉटस्पॉट गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत है जहां पर लगातार जल भराव की समस्या के समाधान हेतु पंप सेट में अन्य उपकरण लगे हुए हैं, सिटी तथा कवि नगर ज़ोन अंतर्गत आने वाले ऐसे स्थान जहां पर जल भराव की समस्या बनी रहती है वहां टीम के द्वारा जल निकासी का कार्य कराया गया, इसी क्रम में उद्यान विभाग द्वारा भी तूफान में गिरे हुए पेड़ों को हटाया गया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बताया कि भारी तूफान व ओलावृष्टि के दौरान व्यवस्थाओं को संभालने में निगम की टीम मौके पर डटी रही जिसमें मोहन नगर तथा विजयनगर क्षेत्र से कम जल भराव की सूचना मिली, सिटी ज़ोन अंतर्गत हिंडन अंडरपास तथा नवयुग मार्केट में हुई बारिश के दौरान जलकल विभाग टीम मौके पर बनी रही उपकरणों के माध्यम से जल निकासी की गई, मोहन नगर क्षेत्र में नागद्वार अंडरपास पर उपकरण लगाया गया जल निकासी की गई विजयनगर क्षेत्र में गौशाला अंडरपास पर जल भराव नहीं रहा।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि भारी तूफान शहर में रहा जिसके क्रम में वसुंधरा सेक्टर-4 में गिरे पेड़ को उद्यान टीम द्वारा तत्काल हटाया गया, कवि नगर क्षेत्र में डायमंड फ्लाईओवर के आसपास पेड़ गिरने की सूचना मिलती ही तत्काल कार्रवाई की गई संजय नगर सेक्टर-23 तथा कलेक्ट्रेट के आसपास गिरे हुए पेड़ों को भी हटाया गया, सिटी के अंतर्गत टाउन हॉल तथा नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के आसपास गिरे हुए पेड़ों को भी उद्यान विभाग द्वारा हटाया गया विजयनगर तथा मोहन नगर क्षेत्र से किसी प्रकार पेड़ गिरने की सूचना प्राप्त नहीं हुई, उद्यान विभाग टीम भारी बरसात के दौरान मौके पर बनी रही तथा व्यवस्थाओं को संभाल गया।

प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज द्वारा बताया गया कि भारी बरसात में गिरे हुए पेड़ों को टीम द्वारा हटाया गया बाधित हुई ट्रैफिक व्यवस्था को सरल किया गया कुछ पेड़ बहुत ही विशाल थी जिनका क्रेन के माध्यम से हटाया गया तथा उपकरणों के माध्यम से कुछ पेड़ों की कटिंग करते हुए भी हटाने का कार्य किया गया।

## एनजीटी के आदेश पर राजेन्द्र नगर में पार्क की अवैध सड़क को तोड़ा

**गाजियाबाद,** 8 मई (देशबन्धु)। एनजीटी के आदेश के बाद जीडीए ने राजेन्द्रनगर में पार्क की अवैध सड़क को तोड़ दिया।

राजेन्द्रनगर औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद में फैक्ट्री के पास स्थित पार्क की भूमि पर अनाधिकृत रूप से निर्मित सड़क को



हटाये जाने के लिए 8 मई नियत की थी। इस आदेश का पालन करते हुए प्रभारी प्रवर्तन जोन-7 के नेतृत्व में राजेन्द्रनगर औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद में फैक्ट्री के पास स्थित पार्क की भूमि पर अनाधिकृत रूप से निर्मित सड़क को प्राधिकरण पुलिस बल व स्थानीय पुलिस बल की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय प्रवर्तन जोन-7 के सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं समस्त स्टाफ तथा नगर निगम, गाजियाबाद की प्रवर्तन टीम उपस्थित रही।

**मधुबन बापूधाम के निवासियों के लिए बड़ी राहत**

## हाई टेंशन वायर शिफ्ट कर पीवीवीएनएल को हस्तांतरित

**गाजियाबाद,** 8 मई (देशबन्धु)। मधुबन बापूधाम पॉकेट बी में प्राधिकरण द्वारा नियोजित भूखंडों के बीच से 33 केवी हाईटेंशन लाइन होकर गुजर रही थी जिससे आवंटियों को भवन निर्माण में समस्या आ रही थी। आवंटियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए भूखंडों के बीच से गुजर रही पुरानी 33 केवी हाई टेंशन लाइन को शिफ्ट करते हुए सुनियोजित किए जाने हेतु उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशों के क्रम में टेंडर प्रक्रिया आमंत्रित कर लगभग 1 करोड़ 20 लाख की लागत से हाई टेंशन लाइन को भूखंडों के बीच से शिफ्ट कर सुनियोजित किए जाने उपरांत पीवीवीएनएल को हेंडओवर कर दिया गया है। इसके शिफ्टिंग से भूखंड के आवंटियों/निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी एवं किसी प्रकार के खतरे से सुरक्षा एवं बचाव भी होगा । इसके अतिरिक्त इस 33 केवी हाईटेंशन



लाइन के शिफ्ट हो जाने से गोविंदपुरम एवं चिरंजीव विहार के निवासियों को भी विद्युत सप्लाई में आ रही समस्या का स्थाई समाधान होगा। भविष्य में इस हाईटेंशन लाइन का देखभाल व रखरखाव का दायित्व पीवीवीएनएल का होगा। निर्वाध बिजली आपूर्ति से न केवल निवासियों को राहत मिलेगी, बल्कि विकास परियोजनाओं को भी नई ऊर्जा मिलेगी, जिससे क्षेत्र में प्रगति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

### सार संक्षेप

#### रुक्मिणी विवाह सुदामा चरित्र व राजा परीक्षित के मोक्ष का प्रसंग सुनकर भावुक हुए श्रद्धालु



**खोड़ा।** हिमालय इंक्लेव स्थिति प्राचीन शिव शक्ति दुर्गा मन्दिर प्रांगण में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा वाचक आचार्य पवन भारद्वाज ने रुक्मिणी विवाह सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी कृष्ण को मन ही मन अपना पति मान लिया था। रुक्मिणी के भाई रुक्मी बहन की शादी शिशुपाल से कराना चाहता था। इस बात को सुनकर रुक्मिणी ने कृष्ण को संदेश भिजवाया। संदेश पाकर कृष्ण आये और रुक्मिणी का हरण कर लिया। इसके बाद कृष्ण और रुक्मी में भीषण युद्ध हुआ। युद्ध में कृष्ण के विजय के बाद कृष्ण रुक्मिणी का विवाह हुआ। सुदामा जी भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। वे गरीबी में रहते हुए भी भगवान के ध्यान में लगे रहते थे। सुदामा की पत्नी सुशीला सुदामा से बार बार कहती थीं कि वे भगवान कृष्ण से मिलकर मदद मांगें सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं। द्वारपाल भगवान कृष्ण को सुदामा जी के आने की जानकारी देते हैं। भगवान कृष्ण नंगे पैर दौड़कर सुदामा जी से मिलते हैं और उन्हें गले लगा लेते हैं।

#### विद्या ज्योति स्कॉलरशिप वितरण समारोह सम्पन्न

**नोएडा।** रोटरी क्लब नोएडा द्वारा पब्लिक स्कूल वेलफेयर समिति और युवा क्रांति सेना के सहयोग से आयोजित विद्या ज्योति स्कॉलरशिप परीक्षा में चयनित कक्षा 6, 7 और 8 के 30 विजेता छात्र-छात्राओं को गुरुवार सेक्टर-31 स्थित रोटरी ब्लेड सेंटर के आईएमए सभागार में स्कॉलरशिप वितरित की गई। यह परीक्षा नोएडा के सर्वोदय विध्या मंदिर, कृष्णा पब्लिक स्कूल, एस.आर. पब्लिक स्कूल, सनबीज़ पब्लिक स्कूल, न्यू बाल भारती एकेडमी, एन.वी.एस. पब्लिक स्कूल, नवरंग पब्लिक स्कूल, एस.आर.बी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल, सीस्मिक पब्लिक स्कूल और न्यू लाइट पब्लिक स्कूल में 25 अप्रैल को आयोजित की गई थी। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन प्रशांत राज शर्मा, ई पैक ग्रुप के एमडी रोटेरियन संजय सिंघानिया और रोटेरियन प्रीति सिंघानिया ने किया। इस अवसर पर सिंगल मदर वॉरियर के रूप में ललिता देवी को भी आर्थिक सम्मान से सम्मानित किया गया जो अकेले कमाकर अपना घर चला रही हैं और अपने बेटे को शिक्षित कर रही हैं।

#### किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 पुलिस ने एक किशोरी को अगवा करके उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से कोर्ट ने उसको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि अड्डा गांव से एक 15 साल किशोरी एक हफ्ते पूर्व लापता हो गई थी। उसके परिजनों ने घटना की रिपोर्ट थाना सेक्टर 20 में दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने अड्डा गांव के पास से 2 दिन पूर्व किशोरी को बरामद किया। डाक्टरी परीक्षण करवाने पर पता चला कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश, प्राधिकरण पूरी का जमीन दे मुआवजा

■ **10420 वर्गमीटर जमीन से जुड़ा मामला, 1985 में खरीदी थी वादी ने जमीन**

**नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-82 में भूमि अधिग्रहण के एक महत्वपूर्ण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस नोंगमईकापम कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोएडा प्राधिकरण को पूरी जमीन का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। मामला सुनील कुच्छल से जुड़ा है, जिन्होंने अपनी मां मनोरमा कुच्छल के साथ 1985-86 में 11,680 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी। इस जमीन में से कुछ हिस्सा बेचने के बाद 10,420 वर्ग मीटर जमीन बची थी।

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2023 के फैसले को पलटते हुए कहा है कि नोएडा प्राधिकरण को पूरी जमीन के लिए मुआवज़ा देना होगा। कोर्ट ने प्राधिकरण को निर्देश दिया है कि वह 5,280 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से मुआवज़ा दे। यह फैसला भूमि अधिग्रहण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है, जिसमें कोर्ट ने भूमि मालिकों के हितों की रक्षा की है।

यह मामला इलाहाबाद हाइकोर्ट द्वारा 21 जुलाई 2023 को खारिज की गई अवमानना याचिका से जुड़ा है। हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया था कि याचिकाकर्ता सुनील कुच्छल सड़क निर्माण के लिए इस्तेमाल की गई केवल 2,520 वर्ग मीटर जमीन का मुआवज़ा पाने के हकदार हैं। जबकि शेष 6,116 वर्ग मीटर खाली जमीन के रूप में वापस किया जाना चाहिए। कुच्छल ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। जिसमें तर्क दिया गया कि अधिकारियों ने 2016 के हाइकोर्ट के फैसले की गलत व्याख्या की है।

इलाहाबाद हाइकोर्ट के 2016 के फैसले को 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था, जिसने भंगेल, बेगमपुर में भूमि के लिए 1989-90 की भूमि अधिग्रहण अधिसूचना को रद्द कर दिया था। इसने नोएडा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम, 2013 में उचित मुआवज़ा और पारदर्शिता के अधिकार के अनुसार या तो पूरी ज़मीन के लिए बाज़ार मूल्य से दोगुना मुआवज़ा दे या तीन महीने के भीतर जमीन वापस कर दे।

नोएडा प्राधिकरण ने 2,116 वर्ग मीटर के लिए मुआवजे की पेशकश की थी और 6,116 वर्ग मीटर वापस करने का प्रस्ताव दिया था, उनका दावा था कि यह खाली है और बस टर्मिनल या सड़कों के लिए अनुपयोगी है। कुच्छल ने इसे खारिज कर दिया और अवमानना की कार्यवाही शुरू की, जिसे हाइकोर्ट ने अधिकारियों द्वारा जानबूझकर अवज्ञा नहीं करने का हवाला देते हुए खारिज कर दिया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि 2016 के फैसले में पूरी जमीन के लिए मुआवजा या उसकी पूरी वापसी अनिवार्य थी।

**व्यवसायिक दर से मांगा था मुआवजा**

दरअसल 19 दिसम्बर 2016 के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर मनोरमा कुच्छल और एक अन्य ने हाइकोर्ट में अवमानना की याचिका दायर की गई थी। प्राधिकरण ने इस अपना पक्ष रखा और कोर्ट ने दोनों की अवमानना को खारिज कर दिया। इसके बाद दोबारा से कुच्छल ने 19 दिसम्बर 2016 का आदेश पूरा नहीं करने के एवज में अवमामना याचिका दायर की। साथ ही अपनी भूमि के संबंध में व्यवसायिक सेक्टर दर 182000 प्रतिवर्गमीटर का दोगुना करीब 364000 प्रतिवर्गमीटर की दर से करीब 315 करोड़ और एक अन्य की ओर से 550 करोड़ रुपए की मांग की। इस याचिकाओं पर नोएडा प्राधिकरण ने अपने तथ्य प्रस्तुत किए। जिसके बाद दोनों की याचिकाओं को कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने 19 दिसम्बर 2016 के आदेश को मानते हुए प्राधिकरण को मनोरमा कुच्छल को 6116 वर्गमीटर जमीन वापस करने का आदेश दिया। साथ 2520 मीटर जमीन जिस पर रोड का निर्माण किया गया है। डीएम की ओर से तय किए गए दर की हिसाब से मुआवजा दिया जाए। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने अब पूरी जमीन 10420 वर्गमीट पर 5280 रुपए प्रतिवर्गमीटर की दर से मुआवजा देने का आदेश दिया।

**पूरी जमीन का दिया जाएगा मुआवजा**

यह देखते हुए कि खाली 6,116 वर्ग मीटर नोएडा प्राधिकरण की विकसित भूमि से घिरा हुआ है और कुच्छल के लिए अनुपयोगी है। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि प्राधिकरण इस भूमि का अधिग्रहण करने के बाद इसका बेहतर उपयोग कर सकता है। पीठ ने नोएडा प्राधिकरण को कुच्छल के बिक्री से संबंधित दस्तावेज को सत्यापित करने के दो सप्ताह के अंदर कुल 10,420 वर्ग मीटर जमीन करने और 2023 समिति द्वारा निर्धारित 5,280 रुपये प्रति वर्ग मीटर साथ मुआवजा देने का आदेश दिया। मुआवजा छह सप्ताह के अंदर देना होगा।

## नोएडा में दो स्थानों पर ले सकेंगे स्ट्रीट फूड का मजा

■ **स्काई मार्क पर नोएडा-6 और बोटेनिकल गार्डन से जीआईपी तक 22 क्योसक, जून में होगा शुभारंभ**

**नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। नोएडा में लोगों को चिल्ला करने के लिए दो नए जोन मिलने वाले है। यहां पर घूमना- फिरना, खाने- पीने सबकी सुविधा होगी। लोगों के हैंडआउट का नया डेस्टिनेशनन जीआईपी से बॉटनिकल गार्डन पार्किंग के बीच और दूसरा स्काइमार्क के पास तैयार है। सेक्टर-38ए स्थित जीआईपी मॉल और बॉटनिकल गार्डन मल्टीलेवल पार्किंग के बीच स्ट्रीट मार्केट बन रही है।

इस मार्केट में नोएडा प्राधिकरण ने छोटे बड़े 22 कियोस्क बनाए है। ये कियोस्क और यूटिलिटी की सुविधाएं 3 करोड़ में तैयार की गई। इससे लोग यहां पर क्वालिटी टाइम बिता पाएंगे। दूसरा प्रोजेक्ट स्काईमार्क के पास नोएडा-6 नाम से है। यहां 6 क्योस्क बनाए गए है। इन क्योस्क में खाने-पीने की दुकाने होंगी। यह इंदौर के 56 मार्केट की तर्ज पर यह ठिकाना बनाया जाएगा। इसके साथ ही यहां पर 100 से ज्यादा वाहनों की सरफेस पार्किंग भी बनाई जाएगी। इससे लोगों को यहां पर वाहन खड़े करने में दिक्कत नहीं होगी। परियोजना की निर्माण लागत करीब 2 करोड़ 23 लाख रुपए है।

**नीलामी के जरिए होगा आवंटन**

इन सभी क्योस्क का आवंटन नीलामी के जरिए किया जाएगा। आवंटन होने के बाद आवंटी को खुद इसका संचालन करना होगा। बताया गया स्काईमार्क और बोटेनिकल गार्डन से जीआईपी तक बने सभी क्योस्क के लिए एक साथ ही योजना निकाली जाएगी। इसमें स्ट्रीट फूड के अलावा यहां शापिंग के लिए भी क्योस्क होंगे। ताकि लोग मनोरंजन कर सके। यहां बैठने के अलावा पार्किंग की व्यवस्था भी होगी।

**15 जून तय की गई डेड लाइन**

इन दोनों स्थानों पर सिविल और यूटिलिटीस का सभी कार्य 15 जून तक पूरे करने है। इसके बाद कभी भी इसका शुभारंभ किया जा सकेगा। इसके साथ ही योजना भी निकाली जाएगी। किराए पर होने की वजह से प्राधिकरण को इससे राजस्व भी मिलेगा। प्राधिकरण ने बताया कि ये एक प्रकार का फूड इंडस्ट्री को बढ़ावा देने वाली स्कीम भी होगी।

## नोएडा पुलिस विभाग में इंटरनल ट्रांसफर

■ **यमुना प्रसाद बने नोएडा के नए डीसीपी**
■ **राम बदन सिंह ने डीसीपी यातायात के साथ अतिरिक्त प्रभार**

**नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के इंटरनल कार्यक्षेत्र में बदलाव किए है। यह निर्णय प्रशासनिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत लिया गया है। जिससे जिले में बेहतर समन्वय, कानून व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। यमुना प्रसाद को डीसीपी नोएडा बनाया गया है। पुलिस विभाग से जारी आदेश के अनुसार राजीव नारायण मिश्रा, जो वर्तमान में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। अब उन्हें अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) के साथ-साथ रिट सेल का पर्यवेक्षण एवं दायित्व सौंपा गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को और अधिक प्रभावी बनाने के दृष्टिकोण से दी गई है। इसी क्रम में रामबदन सिंह, जो अब तक डीसीपी नोएडा के पद पर कार्यरत थे। अपर पुलिस आयुक्त (यातायात, एफआरआरओ शाखा एवं नारकोटिक्स शाखा) का प्रभार सौंपा गया है। यमुना प्रसाद, जो डीसीपी लाइन थे, अब डीसीपी नोएडा के रूप में कार्यभार संभालेंगे। नोएडा क्षेत्र की जटिल सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थितियों को देखते हुए यह पद अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त, रविशंकर निम, जो वर्तमान में डीसीपी हेडक्वार्टर के पद पर हैं, उन्हें अब अतिरिक्त प्रभार डीसीपी लाइन का दायित्व भी सौंपा गया है। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, प्रीति यादव, जो डीसीपी साइबर के रूप में कार्यरत हैं। उनको अतिरिक्त प्रभार डीसीपी महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित योजनाओं और अभियानों को और अधिक प्रभावशाली बनाने की उम्मीद की जा रही है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा लिया गया यह निर्णय जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में जन जागरण यात्रा व भारत माता महाआरती होगी कल

**गाजियाबाद,** 8 मई (देशबन्धु)। भारत माता सांस्कृतिक संस्थान के तत्वावधान में 10 मई को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में गाजियाबाद में एक विशाल जन जागरण यात्रा एवं भारत माता महाआरती का आयोजन किया जाएगा। नवयुग मार्केट स्थित एक बैंक्वेट हॉल में एक प्रेस वार्ता भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने यह जानकारी दी।




मयंक गोयल ने बताया कि देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं विकास की गति को तेज करने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' अत्यंत आवश्यक है। इस जन जागरण यात्रा का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह करेंगे। यात्रा की शुरुआत ठाकुर द्वारा स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी। इसके पश्चात गुरुकुल के सनातनी छात्रों एवं पुरोहितों द्वारा शंखनाद, ढोल-नगाड़ों व घंटा-घड़ियाल के साथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। भारी संख्या में युवाओं की सहभागिता इस यात्रा को एक जन आंदोलन का रूप देगी। यात्रा मार्ग में विविध सांस्कृतिक झांकियों के माध्यम से 'अनेकता में एकता' की झलक प्रस्तुत की जाएगी। यात्रा का मार्ग ठाकुरद्वारा से प्रारंभ होकर चंद्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा, सेठ मुकुंद लाल इंटर कॉलेज, नवयुग मार्केट होते हुए दुर्गा भाभी चौक से बाएं मुड़ते हुए शहीद स्थल पर समाप्त होगी। समापन स्थल पर एक सुसज्जित मंच पर महाआरती एवं जन संदेश का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। यात्रा के दौरान लगभग 25 स्थानों पर स्वागत एवं अभिनंदन विभिन्न रूपों में किया जाएगा। प्रेस वार्ता मे समन्वयक सरदार एस.पी. सिंह, नागरिक सुरक्षा चीफ वार्डन ललित जायसवाल, भारत माता सांस्कृतिक संस्थान से सचिन सिंघल, बॉबी त्यागी, सह-समन्वयक अभिनव जैन, मीडिया समन्वयक प्रदीप चौधरी, निगम उपाध्यक्ष पार्षद राजीव शर्मा उपस्थित रहे।

## नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश, लगाया जुर्माना

**नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम शहर में सिविल, जल और विद्युत से संबंधित चल रही परियोजना का निरीक्षण किया। यहां सेक्टर-24 सिंचाई नाले में फ्लोटिंग मैटेरियल पाया गया। इसे हटाकर फोटो सहित रिपोर्ट देने के लिए कहा गया।



**प्रबंधक का रोका वेतन, कंपनी पर जुर्माना**

फोर्टिस अस्पताल से खोड़ा को जाने वाले रास्ते पर सर्विस रोड पर जगह-जगह कूड़ा मिला। सुपरवीजन में लापरवाही के उमेश चंद त्यागी प्रबंधक (जन स्वास्थ्य प्रथम) का एक माह का वेतन रोकने का निर्देश दिए। बिजली घर के पास नाले में फ्लोटिंग पाया गया। ऐसे में कंपनी औसान कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 50 हजार का जुर्माना लगाने का निर्देश दिए। सेक्टर-62 में मुख्य रास्तों पर पॉलीथीन व कूड़े पाए गए सड़क किनारे घास मिली। कंपनी नार्थ इंडिया शो कॉज नोटिस देते हुए एक लाख का जुर्मान लगाया गया। भूखंड सी-24 सेक्टर-62 और सेक्टर-58 के टी पाइंट पर सड़क की वाइडनिंग करते हुए लैफ्ट टर्न चौड़ा किया जाए।

**इन स्थानों पर साफ-सफाई के निर्देश**

सेक्टर-25ए खाली भूखंड पर सीएंडी वेस्ट और कूड़ा पड़ा है। इसे सात दिन में साफ करने के लिए कहा गया। फोर्टिस अस्पताल के टी पाइंट का सौंदर्यीकरण किया जाए। सड़क के चौड़ीकरण में आ रहे कुछ पेड़ पौधों को शिफ्ट करने के निर्देश दिए। अस्पताल के पास टी पाइंट पर ऑटो व ई रिक्शा के लिए अलग लेन बनाने के लिए कहा गया। यहां लगे ई चार्जिंग स्टेशन को किनारे शिफ्ट करने के निर्देश दिए।सेक्टर-62 में जूडियो शॉपिंग मॉल के समीप क्षतिग्रस्त मोबाइल टायलेट खराब हालत में सर्विस रोड पर पड़ा हुआ था। उसे तत्काल हटवाने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-62 में रामलीला ग्राउंड वाले पार्क के क्रासिंग के साथ साथ नोएडा क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर पुराने क्षतिग्रस्त ट्रैफिक बूथ के स्थान पर नए ट्रैफिक बूथ लगाने व जेब्रा लाइन बनाने के लिए निर्देश दिए।

## गाजियाबाद के वस्त्र वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. परमार ने संभाली निट्रा की कमान

**गाजियाबाद,** 8 मई (देशबन्धु)। डॉ. एमएस परमार ने निट्रा के महानिदेशक पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निट्रा काउंसिल ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन के चेयरमैन विदित जैन, डिप्टी चेयरमैन संदीप होरा एवं वाइस चेयरमैन नितिन नौलखा ने उनका स्वागत किया। डॉ. परमार के योगदान को वस्त्र क्षेत्र में पथ-प्रदर्शक बताया। निट्रा के समस्त अधिकारीगण और कर्मचारीगण इस अवसर पर उपस्थित रहे और डॉ. परमार को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वस्त्र मंत्रालय की ओर से कैबिनेट मंत्री गिरिराज सिंह ने भी डॉ. परमार को बधाई दी और कहा कि आने वाले समय में निट्रा और डॉ. परमार की अनुसंधान गतिविधियां वस्त्र क्षेत्र को एक



नया आयाम देंगी और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। डॉ. एमएस परमार वस्त्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रंगाई एवं रसायन विज्ञान तथा प्राकृतिक रेशों से उत्पाद निर्माण के क्षेत्र में एक विशिष्ट वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ हैं। वे भारत में प्रोटेक्टिव टेक्सटाइल्स पर शोध करने वाले और इसको बढ़ावा देने वाले अग्रणी शोधकर्ताओं में गिने जाते हैं। उनके शोध कार्यों की सराहना स्वयं देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कर चुके हैं।

उन्होंने केवल कपास ही नहीं, बल्कि जूट, सन, पटसन, मिल्कवीड (मदार), गन्ने की खोई आदि प्राकृतिक रेशों पर भी शोध कार्य किए हैं और सैकड़ों छात्रों का मार्गदर्शन किया है। उनके द्वारा लिखित पुस्तकें देशभर के वस्त्र संस्थानों और उद्योग जगत में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा उनकी दो पुस्तकों को 'सर्वश्रेष्ठ तकनीकी पुस्तक' का पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है, जो डेनिम (प्राकृतिक फाइबर) और उसकी प्रसंस्करण प्रक्रिया पर आधारित हैं।

उवाच "

देवला प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। जिन लोगों ने यहां की जमीन पर कब्जा कर रखा है वे खुद से अवैध निर्माण को तोड़कर जमीन खाली कर दें। अन्यथा प्राधिकरण अवैध निर्माण को तोड़ने के साथ ही अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करेगा। अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण का अभियान आगे भी जारी रहेगा : **एके सिंह, जीएम प्रोजेक्ट।**

# नोएडा एयरपोर्ट को इस माह एयरोड्रम लाइसेंस मिलने की उम्मीद कम

- **एयरपोर्ट की उड़ान सुरक्षा परखेगी बकास, डीजीसीए करेगी तकनीकी मानकों की जांच**
- **जांच में तकनीकी मानकों पर खरा उतरने के बाद ही एयरोड्रम लाइसेंस होगा जारी**




**ग्रेटर नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा देश के सबसे बड़े और अत्याधुनिक हवाई अड्डों में शुमार होने की ओर बढ़ रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अब अपनी पहली उड़ान से पहले अंतिम और सबसे अहम पड़ाव पर पहुंच चुका है। वहीं एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस मई में मिलने की उम्मीद कम है। एयरपोर्ट की उड़ान सुरक्षा और तकनीकी मानकों की जांच अब बकायदा उच्च स्तरीय एजेंसियों द्वारा की जाएगी। एजेंसियां मई दूसरे सप्ताह में तकनीकी मानकों की जांच करने एयरपोर्ट पहुंचेगी। एजेंसी की रिपोर्ट के बाद एयरोड्रम लाइसेंस मिलने की उम्मीद है। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की एक विशेषज्ञ टीम मई के दूसरे सप्ताह में जेवर स्थित एयरपोर्ट का दौरा करेगी। यह टीम हवाई अड्डे पर सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं जैसे टर्मिनल की सुरक्षा व्यवस्था, स्क्रीनिंग प्रक्रिया, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट्स, और सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गहन जांच करेगी।

इसके तुरंत बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा रनवे, एप्रन, टैक्सीवे, एयरड्रोन और एटीसी सहित तमाम तकनीकी पहलुओं की जांच की जाएगी। यह निरीक्षण इस बात को सुनिश्चित करेगा कि एयरपोर्ट पर वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत से पहले सभी सुरक्षा और परिचालन मानक पूरी तरह से अनुपालन में हैं।

इस टीम के निरीक्षण के आधार पर ही एयरोड्रम लाइसेंस जारी किया जाएगा, जो एयरपोर्ट संचालन के लिए अनिवार्य है। यदि निरीक्षण संतोषजनक पाया गया, तो यह एयरपोर्ट के पहले चरण की उड़ान संचालन की ओर एक बड़ा कदम होगा। पिछले निरीक्षण के दौरान एएआई की टीम ने एयरपोर्ट की कई व्यवस्थाओं में तकनीकी और संरचनात्मक खामियां पाई थीं। इन पर सुधार के लिए विस्तृत सुझाव दिए गए थे। अब देखा जाएगा कि उन सुझावों पर कितना अमल हुआ है। यहां बता दें कि एयरपोर्ट पर वेलिडेशन फ्लाइट के सफल होने के बाद एयरोड्रम लाइसेंस के साथ ही वैमानिकी सूचना प्रकाशन (एआईपी) को लेकर सभी कागजी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। एयरोड्रम लाइसेंस के लिए ही यह टीम एयरपोर्ट के संसाधनों की पड़ताल करेगी। इसके अलावा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से एआईपी पब्लिकेशन भी किया जा चुका है, जो अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ की वेबसाइट पर किया जाता हैं, जिसमें दुनिया के सभी देशों को नए एयरपोर्ट शुरू होने की जानकारी दी जाती है। यह प्रक्रिया छह मार्च को पूरी की जा चुकी है। 70 दिन की यह प्रक्रिया 15 मई को पूरी हो रही है। यहां बता दें कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पहला चरण जून के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। उड़ानों की शुरुआत से पहले डीजीसीए की मंजूरी अनिवार्य है, जो तभी दी जाती है जब सभी तकनीकी और सुरक्षा जांचें संतोषजनक पाई जाएं। जांच के बाद यदि सभी मानक पूरे पाए जाते हैं तो डीजीसीए एयरपोर्ट को ऑपरेशनल क्लियरेंस प्रदान करेगा। इसके बाद एयरलाइंस को स्लॉट्स अलॉट किए जाएंगे और उड़ानों की शुरुआत की तारीख तय की जाएगी।

# अवैध निर्माण पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर

- **6 हजार वर्ग मीटर जमीन को कॉलोनाजरों के अवैध कब्जे से मुक्त कराया**
- **तीन फार्म हाउस और 100 तथा 200 मीटर के प्लॉट पर निर्माण को ढहाया**
- **जमीन की कीमत करीब 12 करोड़ रुपए, अन्य कालोनाइजरों को भी चेतावनी**



**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।**
**प्रेरणा सिंह, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम देवला में अधिसूचित एरिया पर अतिक्रमण के खिलाफ गुरुवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 6 हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली करा लिया है। प्राधिकरण ने तीन फार्म हाउस और कई अवैध प्लॉट के फाउंडेशन को ध्वस्त कर दिया। कालोनाइजर इस जमीन पर फार्म हाउस और अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिस पर अमल करते हुए प्राधिकरण की टीम अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को प्राधिकरण की टीम ने देवला में अतिक्रमण के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि प्राधिकरण के वर्क सर्कल तीन के अंतर्गत ग्राम देवला के खसरा संख्या 472 की जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में है। कालोनाइजर लगभग 06 हजार वर्ग मीटर जमीन पर 3 फार्म हाउस और 100 मीटर के 6 और 200 मीटर के 4 प्लॉट काटकर अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। कालोनाइजरों ने इन प्लॉटों पर अवैध निर्माण करते हुए फाउंडेशन भी तैयार कर ली थी। अतिक्रमण हटाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से कई बार नोटिस जारी की गई, लेकिन कालोनाइजर ने अवैध निर्माण को नहीं तोड़ा, जिसके चलते गुरुवार को महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह के नेतृत्व में सभी वर्क सर्किल प्रभारी, भूलेख विभाग और नोएडा पुलिस के 250 से अधिक स्टाफ मौके पर पहुंचे और 6 जेसीबी और ट्रिपर के जरिए करीब दो घंटे की कार्रवाई कर अवैध निर्माण को ढहा दिया। करीब 6 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। मुक्त कराई गई जमीन की कीमत करीब 12 करोड़ रुपए होने का आकलन है। जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह ने कहा है कि देवला प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। जिन लोगों ने यहां की जमीन पर कब्जा कर रखा है वे खुद से अवैध निर्माण को तोड़कर जमीन खाली कर दें। अन्यथा प्राधिकरण अवैध निर्माण को तोड़ने के साथ ही अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करेगा। अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण का अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान में तहसीलदार सचेंद्र सिंह, वर्क सर्किल 3 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर, वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव, वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह और वरिष्ठ प्रबंधक रतिक सहित भारी तादात में अधिकारी-कर्मचारीगण व सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

# विकासशील देशों में कट्टरता व पूर्वाग्रहों का मुकाबला करने के लिए मीडिया की होती है सक्रिय भूमिका : प्रशांत टंडन





- **शांति और सद्भाव बनाए रखने में प्रेस मीडिया की भूमिका विषय पर गोष्ठी आयोजित**

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। सामाजिक संस्था ह्यूमन टच फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय महिला परिषद ग्रेटर नोएडा शाखा ने शांति और सद्भाव बनाए रखने में प्रेस मीडिया की भूमिका विषय पर एक कार्यक्रम एपीजे इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रशांत टंडन, स्कूल की प्रधानाचार्य सरिता पाण्डे, डॉ. उपासना सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रख्यात पत्रकार प्रशांत टंडन ने अपने व्याख्यान में कहा कि पत्रकारिता समाज में सद्भाव की कुंजी है। पत्रकारिता में किसी खास विचारधारा, राजनीतिक दल, व्यक्ति या यहां तक कि किसी सामाजिक मुद्दे के प्रति पूर्वाग्रहों का हानिकारक प्रभाव पड़ता है क्योंकि यह समाज को ध्रुवीकृत करता है। जब मीडिया अपने दर्शकों के सामने पक्षपातपूर्ण विचार प्रस्तुत करता है, तो दूसरों के दृष्टिकोण के प्रति घृणा और अनादर बढ़ता है, जिसके परिणामस्वरूप अंततः समाज में विभाजन होता है। विकासशील देशों में राष्ट्र में कट्टरता और पूर्वाग्रहों का मुकाबला करने के लिए मीडिया की अधिक सक्रिय और अत्यधिक संवेदनशील भूमिका होती है। संस्था की सचिव कुमारी कृति नरेन ने संस्था का परिचय देते हुए कहा कि दुनिया कई सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक समस्याओं का सामना कर रही है। अधिकांश राष्ट्र समूहों और दलों में विभाजित हैं और जातीयता, संप्रदायवाद और राजनीतिक उथल-पुथल की समस्याएं चरम पर हैं। विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्य हैं। वे विभिन्न सामाजिक समूहों से संबंधित हैं और विभिन्न धार्मिक और राजनीतिक दलों के सदस्य हैं। उनमें एकता, सहिष्णुता और समझ की कमी है। समाज में नफरत की भावनाओं को मिटाने के लिए शांति और सद्भाव फैलाने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में स्कूल की प्राध्यापिका सरिता पाण्डेय सहित कई पत्रकार शामिल रहे।

# ग्रेनो, आईआईटीजीएनएल, एमएमएलएच-एमएमटीएच का अध्ययन करने आए 5 आईएएस अफसर

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार में बतौर सहायक सचिव तैनात 5 आईएएस अफसर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, आईआईटीजीएनएल की स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब (एमएमएलएच) का अध्ययन करने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे। इन अफसरों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह के साथ बैठक कर टाउनशिप और एमएमएलएच-एमएमटीएच के बारे में जानकारी प्राप्त की।






भारत सरकार में बतौर सहायक सचिव तैनात 5 आईएएस अफसर उत्तर प्रदेश कैडर की आईएएस अफसर इशिता किशोर और सई आश्रित शाकमुरी, तमिलनाडु कैडर से आयुश गुप्ता, बिहार कैडर से आकांक्षा आनंद, हिमाचल प्रदेश कैडर से अंजलि गर्ग और बिहार कैडर से गरिमा लोहिया गुरुवार सुबह 10 बजे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में जमीन अधिग्रहण से लेकर विकास कार्यों तक के बारे में जानकारी और अपने अनुभव साझा की। सीईओ ने कहा कि किसानों से जमीन लेकर उद्योगों को देने के पीछे मुख्य मकसद रोजगार और निवेश है, ताकि यहां के युवाओं को जीवकोपार्जन का एक जरिया बन सके। उन्होंने इन पांचों अफसरों को रोजगार सृजन की दिशा में कार्य करने की सीख दी। एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने जमीन प्राप्त करने के एवज में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब के बारे में जानकारी दी। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में अब तक 25 से अधिक बड़ी कंपनियों को जमीन आवंटित किया गया है। इनमें से हायर जैसी कई बड़ी कंपनियां फंक्शनल भी हो चुकी हैं। ये कंपनियां अब तक लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश और लगभग 23 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार भी दे रहीं हैं। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने टाउनशिप में ऑटोमेटिक वेस्ट कलेक्शन सिस्टम, 24 घंटे बिजली-पानी और सुरक्षा सिस्टम पर जानकारी दी। मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के अंतर्गत रेल, मेट्रो और बस टर्मिनल विकसित किए जाने के बारे में भी बताया। इन अफसरों के समक्ष इंफ्रास्ट्रक्चर और परियोजनाओं पर प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। इन अफसरों को प्राधिकरण की तरफ से स्मृति चिन्ह के रूप में पौधे भी दिए गए। इसके बाद मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया। इस दौरान आईआईटीजीएनएल की टीम भी मौजूद रहे।

- **ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ व एसीईओ ने साझा की जानकारी**
- **आईआईटीजीएनएल टाउनशिप के इंफ्रा को मौके पर जाकर देखा**

# एसआईटी ने गुरुवार को भी खैरपुर में की लीजबैक प्रकरणों की सुनवाई



**ग्रेटर नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत किसानों के लीजबैक के 42 प्रकरणों पर एसआईटी ने बुधवार को किसानों के पक्ष को सुना। एसआईटी के अध्यक्ष यीडा के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति में किसानों के पक्ष को सुना गया। उनसे साक्ष्य प्राप्त किए। उनके बयान दर्ज किए गए। दरअसल, एसआईटी के अध्यक्ष डॉ. अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और पूरी टीम ने बुधवार को खैरपुर गुर्जर का मौका मुआयना किया था।

किसी कारणवश कुछ किसान मौके पर नहीं पहुंच सके। अपना साक्ष्य नहीं दे सके। इसे ध्यान में रखते हुए गुरुवार को भी एसआईटी के अध्यक्ष डॉ. अरुणवीर सिंह, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा और जितेंद्र गौतम समेत अन्य संबधित अधिकारीगण व लेखपाल मौके पर पहुंचे और किसानों के पक्ष को सुना। उनसे साक्ष्य प्राप्त कर बयान भी दर्ज किए। एसीईओ ने बताया कि अगर कोई किसान किसी कारणवश इन दोनों दिनों में एसआईटी के समक्ष नहीं आ सका है, अपने साक्ष्य नहीं दे सका है तो वह आगामी बुधवार (14 मई 2025) को सुबह करीब 10 बजे से दोपहर एक बजे तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चतुर्थ तल पर स्थित बोर्ड रूम में एसआईटी के अध्यक्ष डॉ. अरुणवीर सिंह के समक्ष अपना दस्तावेज/साक्ष्य और बयान दे सकते हैं।

बता दें कि ग्रेटर नोएडा में आबादी की लीज बैक में गड़बड़ी की शिकायत पर शासन ने यीडा के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन से 1451 प्रकरणों में लीज बैक की अनुमति पूर्व में मिल चुकी है। अवशेष 86 प्रकरणों में एसआईटी की जांच चल रही है।

# बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए स्कूलों में 10 मई से चलेगा टीडी टीकाकरण अभियान

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देश पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निर्देश पर जिले में डिप्थीरिया रोग की रोकथाम हेतु एक व्यापक स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। यह अभियान 10 मई से शुरु होगा। इस अभियान के तहत 10 वर्ष एवं 16 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को टीडी वैक्सीन का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। यह टीकाकरण सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य-प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विद्यालयों में इस टीकाकरण अभियान को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा यह सुनिश्चित करें कि अभियान के दौरान सभी पात्र बच्चों का टीकाकरण किया जाए।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियन्ता/सर्वे व निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | पलवल (आईआर) – न्यू पृथला (डब्ल्यू डी एफ सी) के बीच नई रेल लाइन कनेक्टिविटी का शेष कार्य। |
| कार्य निष्पादन की अवधि | 06 माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 51835552.80/– |
| धरोहर राशि | रु. 409200.00/– |
| रेलवे की वैबसाईट पर निविदा की ब्रिकी एवं उपलब्धता | निविदा दस्तावेज दिनांक 07.05.2025 से 30.05.2025 तक समय 15.00 तक उपलब्ध रहेगें। |
| निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदा कर्ता दिनांक 16.05.2025 से 30.05.2025 समय 15.00 वेबसाईट से अपलोड कर सकते है। |
| निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक 30.05.2025 को 15.00 तक। |

निविदा संख्या–288-W-BAL-WORK-PWL-PNUN
दिनांक : 07.05.2025 1365/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**देशबन्धु** पत्र नहीं मित्र
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

**देशबन्धु** पत्र नहीं मित्र
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# टूटे पुल की वजह से दस फीट नीचे स्कूटी समेत बुजुर्ग नाले में गिरा



**दनकौर,** 8 मई (देशबन्धु)। दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर नवादा गांव को जाने वाले टूटे पुल की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। गुरुवार को भी 75 वर्षीय बुजुर्ग स्कूटी समेत पुल से करीब 10 फीट नीचे नाले में जाकर गिर गए। गनीमत रही कि उनको चोट नहीं आई है। राहगीरों द्वारा उनको कड़ी मशक्कत के बाद नाले से बाहर निकाला गया। लोगों का आरोप है कि टूटे पुल को ठीक करने की शिकायत कई बार उन्होंने की है। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। अंग्रेजों के शासनकाल का यह पुल पिछले कई वर्षों से जर्जर अवस्था में है। जिसके दोनों तरफ सपोर्ट वाली दीवार भी टूट कर गिर चुकी है। इस पुल से होकर ग्रेटर नोएडा समेत करीब 10 गांवों को लोग आते जाते हैं। लेकिन शिकायत के बाद भी पुल को ठीक नहीं कराया गया है। गुरुवार को दनकौर निवासी 75 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति अपनी स्कूटी पर सवार होकर नवादा गांव में किसी काम के लिए जा रहे रहे। पुल पर दीवार नहीं होने की वजह से किसी वाहन को बचाने के चक्कर में उनकी स्कूटी असंतुलित होकर नाले में जा गिरी। गनीमत रही कि नाले में उस वक्त ज्यादा पानी नहीं था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

# सोसाइटी की बिल्डिंग से प्लास्टर गिरने से कार हुई छतिग्रस्त

**ग्रेटर नोएडा,** 8 मई (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट्ट में बिल्ड्डर के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो हैं आए दिन छत की प्लास्टर गिरने से कई लोग चोटिल हो चुके हैं, गुरुवार को एक कार के छतिग्रस्ष्त होने का मामला सामने आया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुपरटेक ईकोविलेज 2 सोसायटी के प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा गिरने से नीचे खड़ी कार पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गई। प्लास्टर यदि नीचे खड़े किसी व्यक्ति पर गिरता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।




घटा के बाद लोगों में डर व्याप्त है साथ ही नाराजगी भी है। सोसायटी में एक व्यक्ति की कार टावर के नीचे खड़ी थी। 16 मंजिल की बालकनी से प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा कार पर गिरा। इस कारण कार का अधिकतर हिस्सा छतिग्रस्त हो गया। कार के आस-पास खड़े लोग डर गए। सोसायटी के लोगों का कहना है कि निर्माण की गुणवत्ता खराब है। कई स्थान से प्लास्टर गिर रहा है। इस कारण कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। लोगों का आरोप है कि ग्रेनो वेस्ट में बनी सोसाइटियों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है जिसकी वजह से बिल्डिंगों के प्लास्टर गिर हैं, इसकी जांच करायी जाए।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
द्वितीय तल, शापिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर ओमेगा-1 (P-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अच्छेजा बुजुर्ग में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 425 / एस0टी0-एस0डी0एम0/2024, दिनांक 27.05.2024 मृतक स्व0 श्री जमशेद पुत्र श्री कमरूद्दीन निवासी ग्राम अच्छेजा बुजुर्ग परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की दिनांक 05.03.2021 को मृत्यू हो चुकी है, के स्थान पर उनके वारिसानों / पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है:-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| अच्छेजा बुजुर्ग | 649 | श्री जमशेद पुत्र श्री कमरूददीन निवासी ग्राग अच्छेजा बुजुर्ग परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती अफसरी | पत्नी | 61 वर्ष |
| | | | श्री अब्दुल सलाम | पुत्र | 28 वर्ष |
| | | | श्री मुन फैद | पुत्र | 38 वर्ष |
| | | | श्रीमती मुस्लेमीन | पुत्रवधू | 27 वर्ष |
| | | | कु0 आहाना | पौत्री | 06 वर्ष |
| | | | मौशाद | पौत्र | 05 वर्ष |
| | | | कु0 आयसा | पौत्री | 08 वर्ष |
| | | | जियान | पौत्र | 04 वर्ष |
| | | | कु0 आशमा खातून | पौत्री | 03 वर्ष |
| | | | सादिक | पौत्र | 02 वर्ष |
| | | | इरफान | पुत्र | 29 वर्ष |
| | | | श्रीमती नसीम | पुत्री (विवाहित) | 47 वर्ष |
| | | | श्रीमती शमीम | पुत्री (विवाहित) | 49 वर्ष |
| | | | श्रीमती रानी | पुत्री (विवाहित) | 44 वर्ष |
| | | | श्रीमती रिहाना | पुत्री (विवाहित) | 39 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों / पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

**कार्यालय : नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर गाजियाबाद**

**पत्रांकः 397/न.पा.प.खो./ई-निविदा/2025** **दिनांकः 08 मई 2025**

**ई प्रोक्योरमेंट/ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर हेतु निकाय क्षेत्र में विविध निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिए गए नियम व शर्तों के अनुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 09.05.2025 की प्रातः 10:00 बजे से 02.06.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता। सभी निविदादाता दिनांक 02.06.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं। टैण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्तें जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No-393/ न.पा.परि.खो./ई-निविदा /2025 दिनांकः 07 मई 2025 |
| Publish and Time for RFP | 09.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 02.06.2025 को मध्यान्हः 12:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 02.06.2025 को अपरान्हः 2:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Khora-Makanpur, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Document Processing | As Per Tender list. |

**( अभिषेक कुमार )** **( मोहिनी शर्मा )**
**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 9 मई 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## युद्ध जैसे हालात में सरकार से अपेक्षा

मंगलवार की आधी रात को पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर स्थित जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान की तरफ से भयंकर गोली बारी शुरु की गई, जिसमें कम से कम 16 लोगों के मारे जाने की खबर है, साथ ही लांस नायक दिनेश कुमार शहीद भी हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक पाकिस्तान ने इसके अलावा भारत के अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि पाकिस्तान के इन हमलों को एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम ने बेअसर कर दिया। भारत के रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पाकिस्तानी ड्रोनों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो इस बात को साबित करते हैं कि पाकिस्तान ने हमला किया था।

जाहिर है हमारी सेना और मजबूत रक्षा तंत्र ने इस तरह देश की रखवाली की कि व्यापक तौर पर नागरिकों को पाकिस्तान की तरफ से हुए हमलों का पता ही नहीं चला। इस साहसिक कृत्य के लिए सेना की जितनी सराहना की जाए, कम है। इस समय सारा देश यही कर भी रहा है। गुरुवार को जब सरकार ने सभी दलों की बैठक फिर से बुलाई, तब भी तमाम दलों ने एकजुटता का भरोसा सरकार को दिलाया।

युद्ध के मुहाने पर खड़े इस कठिन दौर से गुजरते हुए भारत का हर विपक्षी दल और नागरिक अपने परस्पर विरोधों को भुलाकर सरकार और सेना के साथ खड़ा है लेकिन यह बेहद दुखद और आश्चर्यजनक बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो देश का नेतृत्व करते हैं, इस विषय पर गुरुवार को दिल्ली में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पुन: अनुपस्थित रहे। 'पुन:' शब्द का इस्तेमाल इसलिये किया जा रहा है क्योंकि पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई ऐसी ही बैठक में मोदी नहीं आये थे। हालांकि उन्होंने आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर से भी पकड़ लाने का वादा देश से किया था। सेना ने संयुक्त ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में दहशतगर्दों द्वारा चलाये जा रहे आतंकी कैंपों को उड़ा दिया। लेकिन इस दौरान सरकार को कम से कम सीमावर्ती इलाकों से नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने का इंतजाम कर लेना चाहिए था। अगर ऐसा होता तो शायद पुंछ में जो नुकसान हुआ, वह न होता। पुंछ इलाके में मारे गये नागरिक ज्यादातर किसान हैं। एक तरह से देखें तो ये सर्जिकल स्ट्राइक हो या सीमा के आर-पार की बम वर्षा के कारण लगभग युद्ध की स्थिति है।

ऐसे में सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री का न आना यह बतलाता है कि वे लोगों से मिल रहे जनसमर्थन के कारण विपक्ष ही नहीं, नागरिकों व यहां तक कि संसद को भी काफी हल्के में ले रहे हैं। याद हो कि 22 अप्रैल को हुए बैसरन कांड के वक्त मोदी सऊदी अरब के दौरे पर थे जिसे छोड़कर वे भारत लौटे थे। इससे यह महसूस किया गया था कि वे स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए लौटे हैं। इसके विपरीत उन्होंने न तो राष्ट्र के नाम संदेश दिया और न ही कोई ऐसा बड़ा कदम उठाया जिससे महसूस हो कि वे किसी बड़े फैसले को लेने या उसे क्रियान्वित करने के लिये उद्धत हैं। वे बिहार चले गये जहां उन्होंने वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ एक रैली की। यहां इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने हैं। मंच पर उनकी और नीतीश बाबू के बीच होती हंसी-ठिठौली की तस्वीरें व वीडियो लोगों को चकित करते रहे। उन्होंने सर्वदलीय बैठक में हिस्सा नहीं लिया और न ही सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया जिसकी सम्पूर्ण विपक्ष मांग कर रहा था। जनता को भी इसकी अपेक्षा थी।

मोदी वही कहानी दोहराते नज़र आ रहे हैं- न तो सर्वदलीय बैठक में जाना, न राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारित करना और न ही संसद का विशेष अधिवेशन बुलाने की पेशकश को सुनना। गुरुवार की बैठक में शामिल लगभग सभी दलों ने एक बार फिर से इस बात की घोषणा की कि वे पूरी तरह से सरकार के साथ हैं और वह जो भी कदम उठाये, वे उसका समर्थन करते हैं। सेना से जुड़ी गोपनीय बातों का जिक्र नहीं करना है, इसलिए बैठक से बाहर आकर किसी नेता ने कोई ऐसा बयान नहीं दिया, जिससे असुविधा हो। अलबत्ता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नहीं आए, हालांकि हम अभी इस बात के लिए उनकी आलोचना नहीं करेंगे, क्योंकि यह वक्त आलोचना का नहीं है। वहीं राहुल गांधी ने जरूर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग उठाई, ताकि दुनिया के सामने अच्छा संदेश जाए। पहले भी विपक्ष इस आशय की मांग कर चुका है। बैसरन घाटी की घटना के बाद जब राहुल पहलगाम गये थे, उन्होंने साफ किया था कि वे किसी तरह की खामी या चूक की बात इस समय नहीं करेंगे। वे बाद में कई प्रभावित परिवारों से भी मिले थे, तब भी उन्होंने किसी भी प्रकार से सरकार की आलोचना नहीं की थी। ऐसे में जब विपक्ष बेहद जिम्मेदारी व संजीदगी के साथ सरकार को साथ दे रहा है, तब मोदी द्वारा सर्वदलीय बैठक में, वह भी दूसरी बार न आना दुखद ही कहा जायेगा। बेशक, बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्थिति की जानकारी दी। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू भी इसमें मौजूद थे।

अलबत्ता महाराष्ट्र में कुछ भारतीय जनता पार्टी नेता के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पोस्टर भी लगने शुरू हो गये हैं जो बतलाता है कि किस प्रकार से भाजपा इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ लेने के लिए आमादा है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को चाहिये कि वे अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं को इससे बाज आने के लिये कहे वरना माना जायेगा कि सरकार इस सारी कवायद का सियासी फायदा लेने की फिराक में है। यह शर्मनाक भी है कि सेना की सफलता का श्रेय पार्टी ले- चाहे वह सत्तारुढ़ ही क्यों न हो। ऐसे में जब समझिये कि लड़ाई लगभग छिड़ ही गयी है, सभी को अपने तमाम मतभेद व क्षुद्र हितों को छोड़कर एक-दूसरे के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ा होना होगा।

# हिंद की सेना का जवाब कि, 'हां तुम एक विफल राष्ट्र हो!'

पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है क्योंकि इसका जन्म ही नफ़रत की बुनियाद पर हुआ है। अंग्रेजों से आज़ाद होते ही भारत का बंटवारा हुआ और मानवता ने जिस वीभत्स मंज़र को देखा, उसकी मिसाल कम मिलती हैं। कई कलाकार, लेखक और पॉलिटिशियन मज़हब के आधार पर बंटे पाकिस्तान में चले तो गए लेकिन उम्र भर सिर्फ हिंदुस्तान को ही याद करते रहे, अपने दोस्तों से मिलने के लिए तड़पते रहे जैसे उन्हें यह अहसास हो गया था कि ग़लती हो चुकी है और समय का पहिया अब पीछे नहीं खींचा जा सकता। जो लिख सकते थे, उनके शब्दों में यह दर्द बयां हुआ और बाक़ी अपने दिलों में इस टीस के साथ ज़िंदा रहे। मशहूर और बेहतरीन कहानीकार सआदत अली हसन 'मंटो' (दो दिन बाद उनकी सालगिरह है) उन्हीं में से एक थे। उन्होंने विभाजन के समय हुए दंगों की त्रासदी को भीतर तक उतारा और फिर पन्नों पर। 'टोबा टेकसिंह' और 'खोल दो' उनकी ऐसी ही महान रचनाएं हैं। मंटो दोस्तों को अक्सर लिखा करते थे कि, ञ्यार मुझे वापस बुला लो !ञ् उन्होंने खुदकुशी की कोशिश भी की थी। वे बहुत कम (43 साल) जी पाए। जैसे चिंता और जीवन का कोई गहरा रिश्ता हो। यूं तो मंटो के बारे में कहने को इतना कुछ है कि मंटो पढ़ाई-लिखाई में कुछ ख़ास नहीं थे, कि मंटो कॉलेज में उर्दू में ही फ़ेल हो गए थे, कि शायर फैज़ अहमद फ़ैज़ मंटो से केवल एक साल बड़े थे, कि उन्हें भी चेखोव की तरह टीबी था, कि वे बेहद निडर थे, कि उनकी कई कहानियों पर अश्लीलता के मुक़दमे चले और उनकी कहानियां तो बस इंसान को चीर के ही रख देती हैं। विभाजन से पहले के बॉम्बे में उनके किस्से-कहानियां फिल्म इंडस्ट्री की जान हुआ करते थे। बेशक मंटो का फिर पैदा होना मुश्किल है लेकिन अफ़सोस यह भी कि एक बेहतरीन कथाकार नफ़रत की भेंट चढ़ गया और असमय मौत की नींद सो गया।

ऐसे ही एक शायर रईस अमरोही थे जो जॉन एलिया के बड़े भाई थे। वे भी बंटवारे को बर्दाश्त नहीं कर पाए। उनका परिवार उत्तर प्रदेश के अमरोहा का था जो 1947 में पाकिस्तान चला गया। उनकी मेटाफिजिक्स, ध्यान और योग पर कई किताबें प्रकाशित हुईं। उनका भी दिल केवल भारत के लिए धड़कता रहा। वे लिखते हैं-

हिन्द की बहारों, तुम को सलाम पहुंचे
बिछड़े हुए नज़ारों, तुम को सलाम पहुंचे
भारत के चांद तारों, तुम को सलाम पहुंचे
बरसों के बाद यारों तुम को सलाम पहुंचे
ये नामा-ए -मोहब्बत यारों के नाम ले जा
ओ हिंद जाने वाले मेरा सलाम ले जा।

उनकी ऐसी कई नज़्मों का ज़िक्र और प्रकाशन विदेश सेवा के अधिकारी और सांसद रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब 'पाकिस्तान पेपर्स' में किया है। रईस अमरोही की 1988 में एक कट्टरपंथी समूह ने उनकी लाइब्रेरी में ही हत्या कर दी। कट्टरपंथी केवल किसी धर्म के ख़िलाफ़ नहीं होते। वे हर उस व्यक्ति के ख़िलाफ़ होते हैं जो उदारता की बात करता है, तरक्क़ी की बात करता है, शांति की बात करता है। वे ख़ुद में एक ज़िंदा बम होते हैं। ऐसे बीमार जिन्हें ताज़ा हवा कभी छूकर भी नहीं गुज़री होती। शक और डर में जीने वाले हैवानों का कुनबा जो निर्दोषों का खून बहाना जानता है। वे ही 22 अप्रैल को पहलगाम आए थे और कई स्त्रियों के सिंदूर उजाड़ गए। खुद मोहम्मद अली जिन्ना, जिन्हें पाकिस्तान का जनक और क़ायदे आज़म बताया जाता है, वे भी अपनी ज़िन्दगी में ही अनुभूत कर चुके थे कि पाकिस्तान का बनाना उनकी ग़लती थी। वे पाकिस्तान बनने के बाद केवल एक साल ज़िंदा रहे। मज़हब के आधार पर एक देश बनाने वाले ने कहा था- 'पाकिस्तान कोई ईश्वर शासित राज्य नहीं होगा जहां पीर-पुज्जे किसी खास मक़सद से राज करेंगे। देश में कई गैर मुस्लिम भी हैं जिन्हें समान अधिकार होंगे और वे मिलकर पाकिस्तान की तरक्की में शामिल होंगे।' अफ़सोस ऐसा हो न सका क्योंकि बुनियाद ऐसी नहीं थी।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफ़ल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था।

पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफ़ल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था। इस बार वे खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान सैन्य अकादमी में कैडेट की 'पासिंग आउट परेड' को संबोधित कर रहे थे। मुनीर ने कहा- ''द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस बुनियादी मान्यता पर आधारित था कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग मुल्क हैं, एक नहीं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं- धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा और सोच में हिंदुओं से अलग हैं।'' तब सवाल यही है कि बांग्लादेश क्यों पाकिस्तान से अलग हुआ? पाक सेना के प्रमुख यहां बुरी तरह फेल हुए हैं और फ़ेल हुआ है उनका मज़हब के आधार पर दो राष्ट्र बनाने का सिद्धांत। अगर जो भारत के सियासी दल धर्म को सियासत में शामिल करते रहे तब पाकिस्तान ज़रूर बांग्लादेश से सांठगांठ कर बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।

साफ़ है कि एक विफल राष्ट्र का सेनाध्यक्ष कैसे अपनी सोच को सही बताने के इरादे से कुतर्क का सहारा लेने लगता है, जबकि भारत का सच दुनिया के सामने है। इसकी वजह जिन्ना के समकालीन हमारे नेताओं की दृष्टि और सोच है। पाकिस्तान के मज़हबी आधार पर निर्माण के बावजूद उन्हें कोई दुविधा नहीं थी कि वे भविष्य में कैसा भारत बनाएंगे। उन्होंने विश्व का बेहतरीन संविधान गढ़ा। देश जहां हर वर्ग, धर्म के नागरिक समान और मौलिक अधिकारों के दायरे में होंगे। कोई भेदभाव नहीं होगा। आज भारत और पाकिस्तान दोनों कहां खड़े हैं? उसके पीछे 1947 की भीषण त्रासदी के बावजूद हमारे नेताओं की सर्वधर्म समभाव की सोच रही। इस सोच का परिचय भारतीय सेना ने बुधवार को तब भी दिया जब दो महिला अधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दुनिया से साझा की। उन्होंने भारतीय सेना और वायु सेना की संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की। विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने विदेश सचिव मिस्त्री के साथ ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए मंगलवार रात एक बजे से डेढ़ बजे तक पाकिस्तान में निशाना बनाए गए ठिकानों के नाम और विवरण साझा किए। सिग्नल कोर की अधिकारी सोफिया कुरैशी ने हिंदी में बात की, जबकि विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने अंग्रेजी में बात कही। कर्नल सोफिया ने 2016 में बहुराष्ट्रीय क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास में सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व भी किया था। उनके परिवार की पृष्ठभूमि सेना में सेवा देने की रही है। सोफिया कुरैशी के पिता ताज मोहम्मद कुरैशी ने कहा- 'हमें बहुत गर्व है। हमारी बेटी ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा काम किया है। पाकिस्तान को नष्ट कर देना चाहिए। मेरे दादा, मेरे पिता और मैं सभी सेना में थे। अब वह भी सेना में है।' ऑपरेशन सिंदूर के साथ यह काफ़ी है पाकिस्तान को भारत के अब तक के सफर और सोच को बताने के लिए।

उधर पाकिस्तान की सूचना मंत्री और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खर ने कई विदेशी चैनलों को साक्षात्कार दिए लेकिन आतंकवादियों को पनाह देने के ख़िलाफ़ उनके पास कोई जवाब नहीं था क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में घुसकर मारा था। भारत के ख़िलाफ़ आतंक का प्रयोग पाकिस्तान की सेना और शासन दोनों के लिए खाद-पानी का काम करता रहा। उनका लोकतंत्र हमेशा सेना की बैसाखियों पर सवार रहा। पहलगाम नरसंहार के बावजूद भारतीय सेना ने सुरक्षात्मक रवैया अपनाया है। कोई सैनिक और नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया क्योंकि युद्ध खुद एक मसला होता है किसी मसले का हल नहीं।

**( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता 9 मई से स्विट्ज़रलैंड में होगी शुरू

■ नित्य चक्रवर्ती

अब यह आधिकारिक हो गया है। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन के लिए अमेरिकी टैरिफ दरों को कम करने, वार्ता के लिए अपने इरादे की घोषणा करने, और उसके बाद कुछ दिनों तक प्रतीक्षा करने के बाद, चीन ने बुधवार की सुबह पुष्टि की कि एक उच्च स्तरीय चीनी वार्ता दल 9 मई से चार दिनों के लिए स्विट्जरलैंड का दौरा करेगा, जहां वह ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट के नेतृत्व में अमेरिकी उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता करेगा। यह राष्ट्रपति ट्रम्प और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के दो कार्यालयों द्वारा पिछले कुछ दिनों में की गयी बैक चैनल चर्चाओं का परिणाम था।

अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने पिछले महीने के अंत में सबसे पहले तब कदम उठाया जब उन्होंने कुछ चीनी वस्तुओं पर दरें कम कीं और कहा कि वह राष्ट्रपति शी से बात करेंगे और मामले को सुलझा लेंगे। इसके तुरंत बाद उन्होंने कहा कि उन्होंने चीनी राष्ट्रपति से बात की। उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर बात करने की आदत है। उन्होंने सीधे राष्ट्रपति शी से बात नहीं की, लेकिन उनके सलाहकार चीनी राष्ट्रपति के अधिकारियों के संपर्क में थे। इस तरह से ट्रंप ने शी के साथ अपनी बैठक के बारे में जो कहा, वह आधा सच था। दोनों राष्ट्रपतियों के अधिकारी बात कर रहे थे।

चीनी स्त्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा।

अब कुछ बुनियादी बातों पर चर्चा के बाद, दोनों प्रतिनिधिमंडल चार दिनों के लिए तीसरे देश स्विट्जरलैंड में बैठक करेंगे, ताकि विस्तार से चर्चा की जा सके। व्यापार वार्ता इस बार निर्णायक नहीं हो सकती है, लेकिन इससे आगे की बैठकें आयोजित करने की प्रक्रिया आसान हो जायेगी, ताकि ट्रंप और शी आखिरकार मिल सकें और समझौते पर हस्ताक्षर कर सकें। यह याद रखना होगा कि व्यापार वार्ता उस समग्र समझौते का केवल एक हिस्सा है, जिसे ट्रंप अपने वैश्विक आख्यान के हिस्से के रूप में शी जिनपिंग के साथ करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें समय लगेगा और अगर जरूरत पड़ी तो इसे अलग-अलग हिस्सों में बांटा जायेगा, ताकि अन्य क्षेत्र प्रभावित न हों।

चीनी स्त्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा। अगर हमें लड़ना होगा तो हम लड़ेंगे। अगर अमेरिका बात करना चाहता है तो हमारे दरवाजे खुले हैं। संवाद और बातचीत समानता, सम्मान और आपसी लाभ पर आधारित होनी चाहिए, प्रवक्ता ने आगे कहा।

सेंटर फॉर चाइना एंड ग्लोबलाइजेशन के वरिष्ठ फेलो ही वेइवेन ने बुधवार को ग्लोबल टाइम्स को बताया कि स्विट्जरलैंड में चीनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच होने वाली आगामी बैठक एक सकारात्मक विकास को दर्शाती है। 'यह तथ्य कि दोनों पक्ष मिलेंगे, एक अच्छा संकेत है, लेकिन कुंजी अमेरिकी पक्ष में है,' ही वेइवेन ने कहा, इस बात पर जोर देते हुए कि कोई ठोस परिणाम निकलता है या नहीं, यह वाशिंगटन की अपनी अन्यायपूर्ण और अवैध टैरिफ नीति को सही करने की इच्छा पर निर्भर करेगा-चीन पर बिना किसी पूर्व शर्त के या किसी मांग के। उन्होंने कहा, 'केवल तभी सार्थक बातचीत हो सकती है जब अमेरिका अपनी गलतियों को बदल दे।'

वैश्विक व्यापार विशेषज्ञों ने उल्लेख किया है कि ट्रम्प जल्दी बातचीत में अधिक रुचि रखते थे क्योंकि उनके सलाहकारों ने उन्हें बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका के कई व्यापार भागीदारों से बात कर रहे हैं और यदि ट्रम्प अभी भी चीन और अन्य देशों पर अपने मजबूत टैरिफ रुख पर कायम रहते हैं, तो शी जिनपिंग इस समय का उपयोग कुछ और देशों को अमेरिका के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रभावित करने के लिए करेंगे। अमेरिका के 180 देशों के साथ व्यापार भागीदारी है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण 50 से 75 देश हैं, जिनके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति 90 दिन के विराम के भीतर व्यापार वार्ता शुरू करने की उम्मीद करते हैं, जो इस साल जुलाई के पहले सप्ताह में समाप्त हो रहा है।

केवल कुछ ही दिन पहले 4 मई को इटली के मिलन में आयोजित 28वीं आसियान प्लस थ्री वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया सहित आसियान सदस्यों ने जारी एक संयुक्त बयान में बढ़ती संरक्षणवाद और अस्थिर वैश्विक वित्तीय स्थितियों सहित बढ़ती अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए क्षेत्रीय एकता और सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया था।

संयुक्त बयान, जिसमें अमेरिका का नाम नहीं लिया गया था, ऐसे समय में आया जब अमेरिका द्वारा लगाये गये नये टैरिफ दक्षिण पूर्व एशिया को बुरी तरह प्रभावित करने का खतरा पेश कर रहे हैं, निक्केई एशिया ने रिपोर्ट की। चीनी वित्त मंत्री लैनफोआन ने बैठक में भाग लिया और कुछ सत्रों की सह-अध्यक्षता की। लैन ने जोर देकर कहा कि- वैश्विक अर्थव्यवस्था गहन समायोजन से गुजर रही है, वैश्वीकरण के सामने चुनौतियां हंक और एकतरफावाद और संरक्षणवाद बढ़ रहा है। अस्थिरता और अनिश्चितताएं उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हैं। 10+3 क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाएं मजबूत लचीलापन प्रदर्शित करती हैं और उनमें महत्वपूर्ण विकास क्षमता है, लेकिन वे जटिल और गंभीर आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का भी सामना करती हैं।

लैन ने कहा कि चीन 10+3 ढांचे में सभी पक्षों के साथ काम करने के लिए तैयार है ताकि खुलेपन और समावेशिता को बनाये रखा जा सके, एकजुटता और सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके और इस क्षेत्र की स्थिरता और निश्चितता के साथ वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को संबोधित करने के लिए क्षेत्रीय वित्तीय सहयोग को लगातार गहरा किया जा सके। बैठक के बाद आसियान वेबसाइट पर जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि 'बढ़ते व्यापार संरक्षणवाद से वैश्विक व्यापार पर भार पड़ता है, जिससे वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है। आर्थिक विखंडन के कारण व्यापार, निवेश और पूरे क्षेत्र में पूंजी प्रवाह प्रभावित हो रहा है। निकट भविष्य की संभावनाएं अन्य बाहरी जोखिमों से भी प्रभावित हो सकती हैं, जिसमें सख्त वैश्विक वित्तीय स्थितियां, प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में विकास में मंदी और निवेश प्रवाह में कमी शामिल है।'

अमेरिका जापान और आसियान देशों के साथ सबसे अधिक मित्रवत है, फिर भी शिखर सम्मेलन के बाद जारी किये गये बयान के लहजे से पता चलता है कि ट्रंप के एकतरफा टैरिफ वृद्धि कदम के खिलाफ उसे दिशा देने में चीन का प्रभाव है। व्यापार कूटनीति में अमेरिका को मात देने के लिए चीन अब जो कर रहा है, वह यह है कि राष्ट्रपति शी खुद को अमेरिका के घोर संरक्षणवाद के खिलाफ नियम आधारित वैश्वीकरण के नायक के रूप में पेश कर रहे हैं। अमेरिकी सलाहकारों ने इस पर ध्यान दिया है और ट्रंप से कहा है कि वे चीन को व्यापार वार्ता में शामिल करें ताकि अन्य देश भी इसका अनुसरण करें।

वैश्विक टैरिफ युद्ध ने कुछ क्षेत्रों में चीन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। हालांकि चीन यह स्वीकार नहीं करता है कि कुछ क्षेत्रों में उत्पादन पैमाने को कम किया गया है, जो नवीनतम टैरिफ युद्ध में अत्यधिक प्रभावित हुए हैं। चीनी अर्थव्यवस्था में लचीलापन है, लेकिन यह अमेरिकी बाजार को निर्यात पर इतना अधिक निर्भर है कि अगर ट्रंप अपनी दरों में बदलाव नहीं करते हैं तो उसके पास बहुत सीमित विकल्प हैं। इसी तरह ट्रम्प के पास भी चीन के साथ जल्द से जल्द व्यापार समझौता करने की मजबूरी है। लेकिन भू-राजनीति भी इसमें बहुत बड़ी भूमिका में है क्योंकि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं वर्चस्व के लिए लड़ रही हैं। 9 मई से होने वाली स्विटजरलैंड वार्ता दोनों देशों के बीच विकसित हो रहे व्यापार संबंधों के रुझान का संकेत देगी।



## ललित सुरजन की कलम से

### वियतनाम: विश्व शांति के लिए एक पहल

*'चीन, भारत, जापान, वियतनाम ये सब एशियाई देश हैं। याने एक-दूसरे के पड़ोसी हैं। यह हर शांतिप्रिय नागरिक चाहेगा कि एशिया में शांति का वातावरण बना रहे। इस दृष्टि से यह आवश्यक हो जाता है कि हिन्द महासागर हो या प्रशांत महासागर, लाल सागर हो या बंगाल की खाड़ी या दक्षिण चीन समुद्र या मलक्का जल डमरूमध्य- इस पूरे जल क्षेत्र में किसी तरह की कोई सैनिक हलचल न हो। यदि दो महाशक्तियों की प्रतिद्वंद्विता के बीच एशिया के समुद्रों में सैनिक अड्डे आदि बनते हैं तो उससे इन एशियाई देशों के अनिष्ट की आशंका हमेशा बनी रहेगी। इस परिदृश्य पर गौर करते हुए कार्यशाला में एकमतेन स्वीकार किया गया कि ये जलराशियां मानवता की साझी धरोहर हैं और इनमें किसी भी तरह की सामरिक गतिविधियां होना अवांछित है तथा इन्हें सदा के लिए शांति का क्षेत्र बने रहना चाहिए।'*

*'तीन दिवसीय कार्यक्रम में इन दो प्रमुख मुद्दों के अलावा परमाणु निशस्त्रीकरण, आतंकवाद, अमेरिका की बढ़ती हुई दादागिरी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। दूसरी ओर दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच तनाव कम करने के जो प्रयत्न हो रहे हैं इन पर संतोष व्यक्त किया गया।'*

**( देशबन्धु में 21 जून 2018 को प्रकाशित )**

## पावन प्रसंग

### सबसे बड़ा संतोष धन

जीवन में असंतोष का अपना ही महत्व है। यदि व्यक्ति या समाज अपनी यथास्थिति से संतुष्ट होकर हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाए तो उसकी सभ्यता, संस्कृति के विकास का मार्ग ही अवरुद्ध हो जाए। इस संदर्भ में असंतोष उचित माना जा सकता है। जहां इसके द्वारा जीवन की उन्नति, प्रगति एवं उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, लेकिन जब असंतोष के प्रेरक तत्व लोभ अनावश्यक प्रतिद्वंद्विता और ईर्ष्या, द्वेष जैसे नकारात्मक भाव हो जाएं तो यह जीवन की सुख-शांति को चौपट कर देता है।

आज चारों ओर ईर्ष्या-द्वेष और अस्वस्थ होड़ का बोलबाला है। जीवन मूल्यों के क्षरण और नैतिक पतन के कारण इंसान प्रतिद्वंद्विता की अंधी दौड़ में शामिल है। जो सहज रूप से उपलब्ध है, उसमें संतुष्ट नहीं, जबकि उससे जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी हो रही हैं, सामान्य जीवनयापन चल रहा हो लेकिन जब दूसरों से तुलना करने का, उनकी तरह ठाठ-बाट, महंगे शौक और वैभव प्रदर्शन का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है तो फिर इसका कोई अंत नहीं।

असंतोष से जुड़ी समस्या यहीं से प्रारंभ हो जाती है। इस अंधी दौड़ में यह भी नहीं सूझ पड़ता कि दूसरे का जो वैभव या चमक-दमक दिख रही है, उसका यथार्थ क्या है? क्या वह ईमानदारी की कमाई है। यदि बेईमानी, भ्रष्टाचार या चापलूसी से रौब-दाब, प्रभाव या संपत्ति अर्जित की है तो उसका क्या मोल? ऐसे में दूसरों की चिकनी-चुपड़ी रोटी से तो अपनी रूखी-सूखी ही श्रेष्ठ है, जिसमें मन की शांति संतोष साथ में रहें और जीवन की सद्गति भी सुनिश्चित हो।

यदि दूसरे की कमाई ईमानदारी की है तो उसके वैभव. पद या प्रभाव के पीछे निहित अथक श्रम, त्याग- बलिदान और समर्पण से सीख लेने की आवश्यकता है। भाग्यवश कोई फल-फूल रहा है तो वह भी अनायास ही नहीं होता। किसी पुण्य कर्मों का सुफल वह भोग रहा है। ऐसे में उस व्यक्ति से तो प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, जिसके आधार पर आप भी उचित कर्म एवं पुरुषार्थ के बल पर अभीष्ट उपलब्धि की ओर कदम बढ़ा सकें। वास्तव ईश्वर ने पहले ही इंसान को सब कुछ देकर ही धरती पर भेजा है। इतना क्षमतावान शरीर, कल्पनाशक्ति से युक्त मन, निर्णय लेने व योजना बनाने में सक्षम बुद्धि, परिस्थितियों को देखकर संवेदित आंदोलित होने वाला हृदय, जिसके केंद्र में दैवी संभावनाएं लिए स्वयं परमेश्वर विराजमान है।

इनके साथ इंसान अपनी संवेदनशक्ति के साथ मनचाही सृष्टि की रचना कर सकता है। बीज रूप में वह सारी क्षमताएं ईश्वर ने दे रखी हैं, जिनके आधार पर वह महामानव, देवमानव बन सकता है और दैवी संपति का उचित अधिकारी बन सकता है। इस पृष्ठभूमि में नश्वर सांसारिक वैभव संपत्ति के लिए किसी से प्रतिद्वद्विता में अपना समय और ऊर्जा नष्ट करने में कौन सी समझदारी है? जीवन की वास्तविक संपदा अंदर छिपी है, उसको प्राप्त करने के लिए किससे प्रतिद्वंद्विता? आदर्शों का, श्रेष्ठता का सेवा साधना का, त्याग, बलिदान का वह मार्ग तो खाली पड़ा है जिसमें प्रतिदिन स्वयं के ही कीर्तिमान तोड़ने हैं और नित्यप्रति आंतरिक विकास के पथ पर ही अग्रसर होना है।

**-अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### लगातार आतंकी हमलों के विरोध में उठाया गया कदम

140 करोड़ भारतीय जनमानस की भावनाओं के अनुरूप भारत की जांबाज सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों पर सैन्य कार्रवाई करते हुए आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाकर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। भारत ने सैन्य कार्रवाई करते हुए केवल आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करके विश्व को यह भी संदेश दिया है कि हम भारतीय गांधी और बुद्ध के शांतिपूर्ण एवं न्याय की अवधारणा से जुड़े हैं। भारत एक शांतिप्रिय देश है और भारत का यह कदम पाकिस्तान के द्वारा लगातार आतंकी हमलों के विरोध में उठाया गया जरूरी कदम है, जिसको विश्व समुदाय जरूर समझेगा। भारत के प्रधानमंत्री ने सैनिक कार्रवाई के बाद महामहिम राष्ट्रपति से मुलाकात करके स्थिति से अवगत कराया जो भारत की सर्वोच्च कमांडर भी है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने इस कार्रवाई को गौरवमय एवं सराहनीय कदम बताया है। इस घटना के बाद सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने एक स्वर में केंद्र सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों का पूर्ण समर्थन किया है। भारत की यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध मे की गई है। इस आतंकी घटना के बाद देशभर में उत्तेजना और आक्रोश का माहौल बन गया था और भारत सरकार से यह अपेक्षा थी कि भारत की सरकार आतंकी हमलों के बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगा जिसकी परिणति अब देखने को मिली है। यह पाकिस्तान के लिए चेतावनी है कि जितनी जल्दी हो सके आतंकवादी गतिविधियों को अपने देश से समाप्त कर दे और किसी तरह का भी संरक्षण और सहयोग ना करे। आतंकी घटनाओं के कारण पाकिस्तान बेनकाब हो चुका है। यदि समय रहते ऐसा नहीं किया तो पाकिस्तान की तबाही निश्चित है।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## ग्रीनलैंड के खिलाफ कथित जासूसी रिपोर्ट को लेकर डेनमार्क फिक्रमंद

**ओस्लो,** 8 मई (एजेंसियां)। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने कहा है कि वह डेनमार्क में अमेरिकी राजदूत को समन करेंगे। ये फैसला उन्होंने मीडिया में ऐसी खबरें प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद लिया है जिसमें कहा गया कि वाशिंगटन, ग्रीनलैंड को निशाना बनाकर जासूसी गतिविधियां बढ़ा रहा है। यह कदम उस रिपोर्ट के बाद लिया गया जो वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मंगलवार को छापी गई। जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को ग्रीनलैंड और डेनमार्क में ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं जो आर्कटिक द्वीप के लिए अमेरिकी रणनीतिक उद्देश्यों को सपोर्ट करते हैं।

भारत-पाक तनाव के बीच अमेरिकी दूतावास ने जारी की चेतावनी, कहा

# सुरक्षित ठिकाने व निकासी योजना तैयार रखें अमेरिकी नागरिक

**लाहौर,** 8 मई (एजेंसियां)। लाहौर और पंजाब में ड्रोन विस्फोटों, ड्रोन गिरने और हवाई क्षेत्र में संभावित घुसपैठ की खबरों के बीच, अमेरिकी वाणिज्य दूतावास, लाहौर ने सभी अमेरिकी कर्मियों को सुरक्षित स्थान पर शरण लेने का निर्देश दिया है। वाणिज्य दूतावास को प्रारंभिक जानकारी मिली है कि स्थानीय प्रशासन लाहौर के मुख्य हवाई अड्डे के आसपास कुछ इलाकों को खाली कर सकता है।

**'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत ने आतंकी ठिकानों को बनाया था निशाना**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाक के बीच तनाव चरम पर पहुंच चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

पाकिस्तान में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने सलाह दी है कि अमेरिकी नागरिक अगर खुद को किसी संघर्ष वाले क्षेत्र में पाते हैं, और वहां से सुरक्षित निकलना संभव हो तो वहां से निकल जाएं। अगर निकलना सुरक्षित नहीं है, तो वे स्थान के अंदर ही रहें। दूतावास जरूरत के अनुसार अपने मैसेजिंग सिस्टम के माध्यम से अपडेट भेजेगा। साथ ही, अमेरिकी नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे सुनिश्चित करें कि उन्होंने स्मार्ट ट्रैवलर एनरोलमेंट प्रोग्राम में पंजीकरण भी कराया हुआ है।



यह सलाह भी दी गई है कि अमेरिकी नागरिक सुरक्षित ठिकाने की तलाश करें। अमेरिकी सरकार की सहायता पर निर्भर न रहकर अपनी निकासी योजना तैयार रखें। अपनी यात्रा दस्तावेज अपडेट करें और आसानी से उपलब्ध रखें। स्थानीय मीडिया के माध्यम से ताजा अपडेट्स पर नजर रखें। स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग करें।

बता दें, भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन 'सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सधी हुई लक्षित कार्रवाई की। इस कार्रवाई में भारतीय सेना ने इन सभी आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। भारत ने कहा कि उसकी कार्रवाई सोच-समझकर की गई थी।


## लाहौर स्थित वाल्टन एयरपोर्ट के पास सुनाई दी धमाके की आवाज



**लाहौर।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान के लाहौर में धमाकों से जुड़ी खबरें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि लाहौर में एक के बाद एक कई धमाकों की आवाज सुनी गई है। लाहौर पुलिस के मुताबिक लाहौर के वाल्टन रोड पर जोरदार धमाका हुआ है। करीब 2 से 3 ब्लास्ट हुए हैं। इन धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि लोग घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल धमाकों की वजह और जानमाल के नुकसान का पता नहीं चल पाया है। साथ ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और किसी को भी घटनास्थल पर जाने नहीं दे रही है। लाहौर में धमाकों से जुड़ी यह खबर उस समय सामने आई है, जब 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया।

## पाकिस्तान संसद में रोते हुए पूर्व मेजर बोले-'अल्लाह हमारी हिफाजत करे'

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के करारे जवाब से पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। वहां के लोग डरे-सहमे नजर आ रहे हैं और दुआ कर रहे हैं कि वे सुरक्षित रहें। इसका उदाहरण पाकिस्तानी संसद से भी सामने आया है, जहां चर्चा के दौरान नेशनल असेंबली के सदस्य और सेना के पूर्व मेजर रो पड़े।



**अल्लाह, तू हमें माफ कर दे। हम तेरे सामने सर झुकाते हैं, माफी मांगते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम तेरे बड़े गुनहगार हैं : ताहिर इकबाल, पूर्व पाकिस्तानी मेजर**

पूर्व पाकिस्तानी मेजर ताहिर इकबाल ने नेशनल असेंबली में कहा कि हम अपनी कौम से कहते हैं कि सब मिलकर चलो और अपने रब से दुआ करो कि हम सबकी हिफाजत करें। इस मुल्क की रक्षा करें। ताहिर इकबाल ने कहा कि अल्लाह ने चाहा कि पाकिस्तान बने और उन्होंने ही इस मुल्क को बनाया है। अब वही इसकी हिफाजत करेंगे। उन्होंने रोते हुए कहा कि अल्लाह, तू हमें माफ कर दे। हम तेरे सामने सर झुकाते हैं, माफी मांगते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम तेरे बड़े गुनहगार हैं। पूर्व पाकिस्तानी मेजर ने कहा कि अल्लाह की रहमत काम आएगी। उनकी रहमत मिलेगी तो हम कामयाब होंगे और इस मुल्क की हिफाजत करेंगे।

## सुडोकू 6907

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | 5 | | | | 4 | | | 3 |
| | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | | | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | |
| 8 | | | 4 | | | | 3 | |
| 9 | | | | | 3 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6907

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री जिनका जन्म दिवस चार वर्षों में एक बार आता है
३. गतिरोध
५. आकर्षक, उच्चकोटि का
६. किराया, भाड़ा
७. पानी से भरा, सजल
९. निवासी (उर्दू)
१०. भारतीय सेना का एक अंग
१२. तबाही, बाढ़
१३. रक्तवाहिनी, नस, नाड़ी
१४. पुलिस का सिपाही
१६. और, एवं
१८. मुर्गा के सिर का आभूषण
२०. निपुणता
२१. आवश्यकता (उर्दू)
२३. टकराव, भिड़न्त

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौदेबाजी
२. लाल कमल
३. अप्रसन्न, खफ़ा
४. भ्रम, भ्रांति, संशय (उर्दू)
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ज्यों का त्यों
१०. जीर्ण-शीर्ण
११. नौकर, खिदमतगार
१२. नम्र, प्रार्थी
१३. घुला हुआ, निर्मल
१४. प्रार्थी
१५. सामर्थ्य, शक्ति
१७. थाली
१८. परिश्रमी
१९. सियार
२२. खुशी, मजा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6906

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ए | क | २ च | र | ■ | ■ | ३ अ | लं | ४ कृ | त |
| क | ■ | रि | ■ | ५ प | ड़ा | व | ■ | प | ■ |
| ६ प | वि | त्र | ■ | ट | ■ | ७ ग | लि | या | ८ रा |
| दी | ■ | ही | ■ | ९ रा | ह | त | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० म | न | ११ मा | नी | ■ | ■ | १२ सु | ल | भ |
| ■ | द्धि | ■ | णि | ■ | १३ दु | वि | धा | ■ | व |
| १४ सा | म | १५ रि | क | ■ | श्म | ■ | १६ र | १७ ह | न |
| धु | ■ | श्व | ■ | १८ क | नी | १९ ज | ■ | मे | ■ |
| २० वा | हि | त | ■ | त | ■ | २१ बा | द | शा | २२ ह |
| द | ■ | ■ | २३ बे | ई | मा | न | ■ | ■ | ठ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 9 मई , 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 11**

### राशिफल

मेष - आज का दिन वित्तीय और व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक है। आपकी लंबी योजनाएं पूरी होंगी। बिजनेस में नई योजनाएं बना सकेंगे। लोकहित के लिए किए गए प्रयासों से आपका मन खुश रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ - आज परिश्रम की अपेक्षा कम फल प्राप्त कर सकेंगे। फिर भी आप दृढ़तापूर्वक अपना काम आगे बढ़ा सकेंगे। आप अपने व्यवहार और वाणी से लोगों को प्रभावित कर सकेंगे। उनकी तरफ से लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन - आज आपका कुछ ज्यादा ही इमोशनल बना रहेगा। विशेष रूप से पानी वाली जगहों पर जाने से बचें। मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। आज आपमें निर्णयशक्ति का अभाव रहेगा।

कर्क - आज भाइयों से लाभ होगा। दोस्तों से मुलाकात और स्वजनों से खुशी मिलेगी। किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आपको हर काम में सफलता प्राप्त होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

सिंह - पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों से विशेष मदद मिल सकेगी। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे।

कन्या - आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

तुला - आज आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपका मन बैचेन रहेगा। आपकी लापरवाही के कारण आप कठिनाई में पड़ सकते हैं। आपको अपनी वाणी पर अंकुश में रखना होगा।

वृश्चिक - नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ होगा। इसके साथ मित्रों, सगे- संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ मिलेगा। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि पर जा सकेंगे। शरीर और मन से आप खूब खुश रहेंगे।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावनाएं बढ़ेंगी। तंदुरुस्ती बनी रहेगी। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। बौद्धिक कामों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। लेखन और साहित्य से संबंधित प्रवृत्तियों में आपकी रचनात्मकता दिखाई देगी।

कुंभ - नियम विरुद्ध कामों से आप दूर रहें। वाणी पर संयम बरतें। इससे पारिवारिक विवाद को आप टाल सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु या घटना को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की जरुरत है।

मीन - दैनिक कामों से बाहर निकल कर आज आप घूमने- फिरने और मनोरंजन के पीछे समय व्यतीत करेंगे। स्वजनों तथा मित्रों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1540-मुगल शासक अकबर से संघर्ष करने वाले मेवाड़ के महाराणा प्रताप का जन्म।
1653-विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत और दुनिया के अजूबों में शुमार ताजमहल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद पूरा हुआ।
1689-अंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की।
1866-स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी, विचारक एवं सुधारक गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म।
1874-बंबई (अब मुंबई) में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्राम कार शुरू हुई।
1930-प्रसिद्ध भारतीय व्यंग्यकार और लेखक रवीन्द्रनाथ त्यागी का जन्म।
1935-प्रसिद्ध हिन्दी कवयित्री स्नेहमयी चौधरी का जन्म।
1946-डॉ. राम मनोहर लोहिया की अगुआई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ।
1960-अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन ने पहली गर्भनिरोधक गोली को मंजूरी दी।
1975-पहली विद्युत टंकण मशीन बनायी गयी।
1986-पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे का निधन।
1998-प्रसिद्ध भारतीय गजल गायक और अभिनेता तलत महमूद का निधन।
1999-भारतीय शिक्षाविद करमशी जेठाभाई सोमैया का निधन।
2000-जाफना प्रायद्वीप के एलीफेंट दर्रे पर कब्जे के लिए लिट्टे के साथ हुए संघर्ष में श्रीलंका के 358 सैनिक मारे गये।
2002-कराची विस्फोट में पाकिस्तान के ही संगठन का हाथ होने के संकेत।
2004-चेचेन्या में एक विस्फोट में वहाँ के राष्ट्रपति अखमद कादरोव का निधन।
2005-मास्को में रूस द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी सेना पर विजय की 60वीं वर्षगांठ के जलसों में भारत के प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह ने भाग लिया।
2008-अमेरिका ने पाकिस्तान को 8.1 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देने से इन्कार किया।

## अमेरिका के साथ नहीं होगी सीधी बात : ईरान

**मीडिया रिपोर्ट व अफवाहों को मनगढ़ंत व बेबुनियाद बताया**

**तेहरान,** 8 मई (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें यह कहा गया था कि तेहरान ने वाशिंगटन के साथ सीधे परमाणु वार्ता का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने बुधवार को ईरान के प्रेस टीवी से बात करते हुए इजरायली न्यूज वेबसाइट वाईनेट की एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमेरिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था। साथ ही उन्होंने ओमानी मध्यस्थता से निराशा के कारण सीधे परमाणु वार्ता का अनुरोध किया था।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बाघई ने इस बात से भी इनकार किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह सऊदी अरब की अपनी आगामी यात्रा के दौरान ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से मिल सकते हैं। प्रवक्ता ने मीडिया रिपोर्ट और अफवाहों को मनगढ़ंत और बेबुनियाद बताया।



साथ ही कहा कि ईरान की कूटनीतिक गतिविधियों, जिसमें अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता शामिल है, उसकी सारी जानकारी विदेश मंत्रालय पारदर्शी, पेशेवर और समय पर तरीके से साझा करता है। ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व अराघची और विटकॉफ कर रहे हैं, उन्होंने अब तक तीन दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है।

## संरा महासभा अध्यक्ष ने भारत, पाक के बीच बढ़ती शत्रुता को लेकर जताई चिंता

**न्यूयार्क,** 8 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिन्दूर के बाद दोनों देशों में बढ़ती शत्रुता को लेकर चिंता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। श्री यांग ने यहां अपने एक वक्तव्य में कहा कि मैं दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और तत्काल तनाव कम करने का आह्वान करता हूं। मैं सभी आतंकवादी हमलों और नागरिकों तथा नागरिक बुनियादी ढांचे के विरुद्ध हमलों की निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप बातचीत तथा कूटनीतिक समाधान ही मतभेदों को सुलझाने, स्थायी शांति और स्थिरता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में करीब 26 लोग मारे गए थे।



## हूती ने इजरायल पर ड्रोन अटैक का किया दावा

**सना,** 8 मई (एजेंसियां)। यमन के हूती समूह ने दावा किया है कि उसने इजरायल के खिलाफ ड्रोन हमले किए हैं। यह हमले अमेरिका के साथ युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर करने के एक दिन बाद किए गए। समूह ने कहा कि यह समझौता इजरायल के खिलाफ उसके अभियानों पर लागू नहीं होता है। बुधवार को समूह के अल-मसीरा टीवी पर एक बयान में, हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि समूह ने दक्षिणी इजरायल के रामोन हवाई अड्डे पर दो ड्रोन दागे, और तेल अवीव में भी एक ड्रोन लॉन्च किया। हमलों के परिणामों या उनके सटीक समय के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया, यद्यपि हूती टीवी ने बताया कि यह पिछले 24 घंटों में हुआ।



बुधवार को ही इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने घोषणा की है कि उसने पूर्व से आ रहे एक ड्रोन को रोक लिया है। माना जा रहा है कि वह यमन से आ रहा था।

हूती की ओर से यह हमले उस वक्त हुए जब इससे पहले इजरायली वायुसेना द्वारा हूती नियंत्रित सना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और लाल सागर पर होदेदाह बंदरगाह पर हवाई हमले किए गए।

## ट्रंप ने की तनाव को रोकने के लिए मदद की पेशकश

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर हवाई हमला करने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चिंता जताई है और कहा है कि वह इस मामले में मदद के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ता हुआ यह झगड़ा जल्द से जल्द रुक जाए।

ट्रंप ने कहा कि यह बहुत दुखद है। मेरी स्थिति यह है कि मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं। मैं दोनों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं। मैं चाहता हूं कि वे आपस में मिलकर मामला सुलझाएं। उन्होंने एक-दूसरे को जवाब दिया है, लेकिन अब रुक जाना चाहिए। अगर मैं कुछ मदद कर सकता हूं तो मैं तैयार हूं। मैं उन दोनों को जानता हूं, हम दोनों देशों के साथ बहुत अच्छे से मिलकर काम करते हैं। अगर मैं इसमें कुछ मदद कर सकता हूं तो मैं इसके लिए तैयार हूं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पीओके और पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। यह हमला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में किया गया था, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी कहा कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।



**अगर मैं कुछ मदद कर सकता हूं तो मैं तैयार हूं, मैं उन दोनों को जानता हूं : डोनाल्ड ट्रंप**

**सफलता** *कंधार प्लेन हाईजैक से पठानकोट हमले तक में शामिल था मारा गया आतंकवादी*

# भारत की मोस्ट वांटेड आतंकवादियों की सूची में था रऊफ अजहर

**नई दिल्ली, 8 मई (एजेंसियां)। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने के लिए 7 मई को किए गए भारतीय सेना के ऑपरेशन 'सिंदूर' में मारे गए आतंकवादियों में जैश-ए-मोहम्मद का मुखिया अब्दुल रऊफ अजहर भी शामिल था। उसके साथ उसके 14 परिजन भी मारे गए हैं। रऊफ अजहर वही आतंकवादी है, जो कंधार प्लेन हाईजैक, भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला और पठानकोट आतंकवादी हमले समेत कई आतंकी वारदातों के लिए जिम्मेदार था।**

भारत की मोस्ट वांटेड आतंकवादियों की सूची में भी उसका नाम था। भारत ने 27 अक्टूबर 2020 को यूएपीए के तहत नामित आतंकवादियों की सूची में उसे शामिल किया था।

अब्दुल रऊफ अजहर उर्फ मुफ्ती अजहर उर्फ सादा बाबा का जन्म 1 जनवरी 1977 को पाकिस्तान में हुआ था। वह आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद में शामिल हुआ और जल्द ही एक प्रमुख सदस्य बन गया। उसे 24 दिसंबर 1999 को इंडियन एयरलाइंस की उड़ान आईसी-814 के अपहरण का मास्टर माइंड माना जाता है। विमान को नेपाल की राजधानी काठमांडू से हाईजैक कर अफगानिस्तान के कंधार ले जाया गया था। इसके बाद 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर हुए आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में वह शामिल था। वह पंजाब के पठानकोट में 2 जनवरी 2016 को वायुसेना स्टेशन पर हुए हमले के साजिशकर्ताओं में भी शामिल था। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के कठुआ में जंगलकोट स्थित सेना के शिविर पर, कठुआ में राजबाग थाना क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले, सांबा जिले में सेना के शिविर पर हुए हमले और पंजाब के गुरदासपुर में दीना नगर थाना क्षेत्र और जम्मू-कश्मीर के तंगधार में सेना के शिविर पर हुए हमलों में भी रऊफ अजहर आरोपी था। रऊफ अजहर के खिलाफ साल 2000 से ही रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। अमेरिका ने भी साल 2010 में उसे आतंकवादी घोषित किया था। भारतीय सेना ने उसे मारकर जैश-ए-मोहम्मद की कमर तोड़ दी है। यह आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में भारत की बड़ी सफलता है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ भारत ने 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था।



- **रऊफ अजहर के खिलाफ जारी किया गया था रेड कॉर्नर नोटिस**
- **अमेरिका ने भी साल 2010 में घोषित किया था आतंकवादी**

## दुनिया को जानें

### दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में मिला उन्नीसवीं सदी के जहाज का मलबा

**कैनबरा,** 8 मई (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के तट के पास 1857 में डूबे 19वीं सदी के डच व्यापारिक जहाज़ कोनिंग विलेम डी ट्वीडे का मलबा खोज लिया है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक 800 टन का यह डच जहाज़ ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड रश दौर में चीनी प्रवासियों को लाने में शामिल था। यह जहाज 400 से ज़्यादा चीन के खनिकों को विक्टोरिया के गोल्डफील्ड पहुंचाने के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के रोबे कस्बे के पास गीचेन बे में डूब गया था।

विज्ञप्ति के अनुसार, 25 क्रू सदस्यों में से सोलह डूब गए और लॉन्ग बीच, रोब के टीलों में दब गए। खोजी टीम ने मरीन मैग्नेटोमीटर और अंडरवाटर मेटल डिटेक्टर की मदद से जहाज़ के विंडलास, लकड़ी के तख्ते और हुल के हिस्सों की पहचान की जो अब समुद्र तल के नीचे दबे हैं। मलबे की जगह ऐतिहासिक रिकॉर्ड से मेल खाती है और आसपास किसी अन्य बड़े जहाज़ के डूबने के प्रमाण नहीं हैं। चुंबकीय आंकड़े जहाज की 42.7 मीटर लंबाई से मेल खाते हैं। मार्च 2023 में, 19वीं सदी की चीनी मिट्टी के बर्तन के टुकड़े मिलने से एक डूबे जहाज की पहचान की पुष्टि हुई है।

# प्रादेशिकी

## न्यूनतम पारिश्रमिक 26 हजार रुपए प्रतिमाह करे सरकार : सीटू

**चंडीगढ़।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) ने गुरुवार को मांग की कि हरियाणा में न्यूनतम पारिश्रमिक 26 हजार रुपये प्रति माह किया जाए। यह मांग सीटू प्रदेश अध्यक्ष सुरेखा और महासचिव जय भगवान ने हरियाणा सरकार के श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन के सवाल पर बुलाई गई केंद्रीय श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक में रखी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा श्रम आयुक्त मनीराम शर्मा ने की। बैठक में सरकार की ओर से संयुक्त श्रम आयुक्त परमजीत ढुल, उप श्रम आयुक्त भगत प्रताप सिंह, अजयपाल डूडी ने भी हिस्सा लिया। सीटू नेताओं ने कहा कि पिछले पांच साल से न्यूनतम वेतन संशोधन न करने से राज्य के लाखों मजदूरों की करोड़ों-अरबों रुपए की मजदूरी का नुकसान हुआ है। बैठक में श्रमिक संगठनों की ओर से सीटू प्रदेश अध्यक्ष सुरेखा, महासचिव जय भगवान, एटक चेयरमैन बेचू गिरी, हिंद मजदुर सभा के अध्यक्ष एस डी त्यागी, कोषाध्यक्ष जसपाल राणा, इंटक के प्रवक्ता नसीब जाखड़, बी एम एस सहित अन्य श्रमिक संगठन प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।

# उत्तरकाशी के गंगापानी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर क्रैश, छह की मौत, एक घायल

○ टीम ने घटनास्थल पर बेस बनाकर खाई में उतरकर रेस्क्यू कार्य किया ○ गुरूवार सुबह सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए भरी थी उड़ान

■ घायल को उपचार के लिए लाया गया ऋषिकेश एम्स

■ अमरनाथ तिवारी

**उत्तरकाशी,** 8 मई (देशबन्धु)। गुरूवार की सुबह जनपद के गंगनानी के समीप एक हेलीकॉप्टर के क्रैश होने से पायलेट सहित उसमे सवार छह लोगों की मौत हो गयी। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। घायलों को उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स लाया गया है। हेलीकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। हेलीकॉप्टर ने दून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए उड़ान भरी थी। गुरूवार की सुबह लगभग आठ बजे हेलीकॉप्टर क्रैश होने की सूचना मिलते ही प्रशासन और राहत-बचाव टीमें मौके की ओर रवाना हो गई। दुर्घटनास्थल पर पहुंचते ही टीमों ने रेस्क्यू शुरू कर दिया। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत कुल 7 लोग सवार थे। इनमें से छह लोगों की दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल हुआ हैं। बताया जा रहा है



कि यह प्राइवेट कम्पनी का हेलीकाप्टर एयरोट्रांस सर्विस का था। दुर्घटनास्थल पर पुलिस, आर्मी फोर्स, आपदा प्रबंधन, 108 एंबुलेंस वाहन, तहसीलदार भटवाड़ी, एसडीएम भटवाड़ी और राजस्व टीम पहुंचीं और उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से गंगनानी की दूरी करीब पचास किलोमीटर है। जहां पहुंचने में कामी समय लगता है। यह हेलीकॉप्टर गंगनानी के पास जंगल में क्रैश हुआ है। गंगनानी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होते ही पोस्ट भटवाड़ी से मुख्य आरक्षी नवीन कुमार के नेतृत्व में टीम तत्काल रवाना की गई। वहीं पोस्ट उजेली से उपनिरीक्षक पुष्कर जीना के नेतृत्व में दूसरी टीम रवाना हुई। रेस्क्यू टीम भटवाड़ी द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर देखा गया कि हेलीकॉप्टर लगभग 200 से 250 मीटर गहरी खाई में गिरा हुआ है। टीम ने घटनास्थल पर बेस बनाकर खाई में उतरकर रेस्क्यू कार्य किया गया। एम्स ऋषिकेश से भी एक हेलीकॉप्टर मौके के लिए भेजा गया था। घायलों को ऋषिकेश एम्स अस्पताल लाया गया। हेलीकॉप्टर में सवार चार यात्री मुंबई और दो आंध्रप्रदेश के बताए जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर ने देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए उड़ान भरी थी।

### हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृतकों के नाम

- काला सोनी (61 वर्ष), मुंबई
- विजया रेड्डी (57 वर्ष), मुंबई
- रुचि अग्रवाल (56 वर्ष), मुंबई
- राधा अग्रवाल (79 वर्ष), उत्तर प्रदेश
- वेदवती कुमारी (48 वर्ष), आंध्र प्रदेश
- रॉबिन सिंह (60 वर्ष), गुजरात, पायलट

### हेलीकॉप्टर दुर्घटना में घायल का नाम

- मस्तू भास्कर (51 वर्ष), आंध्र प्रदेश गंभीर रूप से घायल

### मुख्यमंत्री धामी ने व्यक्त किया शोक



**देहरादून।** हादसे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए घायल यात्री को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं और स्थिति पर निगरानी रखे हुए है।

### हादसे के बाद रोकी गई केदारनाथ हेली सेवा फिर बहाल

**देहरादून।** उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रैश की घटना के बाद एक घंटे तक केदारनाथ हेली सेवा को भी सुरक्षा की दृष्टि से रोका गया था। फिर एक घंटे बाद फिर से केदारनाथ हेली सेवा को बहाल कर दिया गया। इस दौरान तीर्थयात्रियों को थोड़ी मुश्किलों का जरूर सामना करना पड़ा। बता दें कि गुरुवार सुबह उत्तरकाशी जिले के गंगनानी में हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।. इस घटना के बाद केदारनाथ हेली सेवा को भी करीब एक घंटे तक रोका गया। इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि कुछ तीर्थयात्री तो पैदल ही केदारनाथ धाम के लिए निकल गए थे। केदारनाथ के लिए गुप्तकाशी, सिरसी और फाटा तीन जगहों से 9 हेली कंपनियों के हेलीकॉप्टर उड़ान भरते हैं।

### सचिव आपदा प्रबंधन ने कंट्रोल रूम से की हेलीकॉप्टर दुर्घटना की रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी

**देहरादून।** उत्तरकाशी के गंगनानी के समीप हेलीकॉप्टर दुर्घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ कंट्रोल रूम पहुंचे और रेस्क्यू अभियान की मॉनीटरिंग की। उन्होंने जिलाधिकारी उत्तरकाशी मेहरबान सिंह बिष्ट से फोन पर वार्ता कर रेस्क्यू अभियान की जानकारी ली। एसईओसी से ग्राउण्ड जीरो में मौजूद राहत और बचाव दलों से भी लगातार अपडेट लिया जाता रहा। गुरुवार को सुबह 8.30 बजे यूएसडीएमए स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र को एरोट्रांस कंपनी के हेलीकॉप्टर के उत्तरकाशी जनपद स्थित गंगनानी के पास क्रैश होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राज कुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, स्वास्थ्य विभाग के आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी डॉ. बिमलेश जोशी, एसईओसी प्रभारी रोहित कुमार तथा यूएसडीएमए के अन्य विशेषज्ञ कंट्रोल रूम पहुंचे। एसईओसी से तत्काल घटनास्थल के जियो कोआर्डिनेट्स प्राप्त किए गए ताकि राहत और बचाव कार्यों के दौरान एयर सपोर्ट की आवश्यकता महसूस होने पर कोई दिक्कत न आए। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि इस दुखद हादसे में छह लोगों की मृत्यु हुई है तथा एक व्यक्ति घायल हुआ है। घायल व्यक्ति को हेली एम्बुलेंस के जरिये एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। मृतकों का पोस्टमार्टम उत्तरकाशी जिला मुख्यालय में किया जा रहा है। इस दौरान डॉ. वेदिका पन्त, डॉ. पूजा राणा, मनीष भगत, हेमंत बिष्ट, सुश्री तंद्रिला सरकार मौजूद रहे।

**सार संक्षेप**

### लोडर में लगी आग,सारा सामान जलकर राख

**श्रीनगर।** गुरूवार को ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सौड़पाणी के समीप एक लोडर वाहन में अचानक आग लग गई, जिससे वाहन में लदा सारा माल जलकर राख हो गया। घटना के समय वाहन हरिद्वार से गुप्तकाशी के लिए जा रहा था। बछेलिखाल पुलिस स्टेशन प्रभारी दीपक लिंगवाल ने बताया कि लोडर वाहन स्थानीय दुकानदारों के लिए पत्ते, गिलास, दौने, फिनाइल, जलजीरा जैसी वस्तुओं की डेली सर्विस करता था। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहनों के चालकों ने जब लोडर के पीछे से धुआं और आग निकलते देखा, तो उन्होंने तुरंत वाहन चालक को बताया। चालक ने गाड़ी रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग बेकाबू हो चुमौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन का सम्पूर्ण सामान जल चुका था। चालक दीपक (निवासी रुड़की) को इस घटना में किसी प्रकार की शारीरिक क्षति नहीं हुई है। पुलिस ने घटना की जाँच शुरू कर दी है और आग लगने के सही कारण का पता लगाया जा रहा है।

### देर रात कैफे संचालक की गोली मारकर हत्या

**देहरादून।** देर रात प्रॉपर्टी के विवाद में मुनि की रेती थाना क्षेत्र अंतर्गत तपोवन में एक रेस्टोरेंट कैफे संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इसकी सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्कूटी सवार दो हमलावर भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। जिसके बाद पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए सक्रिय हो गयी है। ुलिस के अनुसार नोएडा निवासी नितिन देव का तपोवन स्थित डेक्कन वैली में फ्लैट है। देर रात नितिन अपने कैफे से फ्लैट पर वापस आ रहे थे। फ्लैट के नीचे ही दो बदमाशों ने नितिन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। चार गोली लगने से नितिन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

### अमृतसर में 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने विदेशी तस्कर जस्सा द्वारा संचालित एक अंतरराष्ट्रीय नार्को-तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उसके भारत स्थित दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों की पहचान गुरपिंदर सिंह और साजन, दोनों निवासी अमृतसर के तौर पर हुई है। उनके पास से 10 किलोग्राम हेरोइन और एक लाख रुपए ड्रग मनी बरामद हुई है।

### सुडोकू 6907 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 |

केदारनाथ धाम में प्रशासन ने यात्रियों के लिए की नई पहल

## आस्था पथ और मंदिर प्रागंण में लगाए एलसीडी स्क्रीन

■ स्क्रीनों के जरिये यात्रियों को बताई जा रही है केदारनाथ धाम की व्यवस्था

■ आस्था पथ पर स्मार्ट टॉयलेट की भी दी जा रही है यात्रियों को सुविधा



*यात्रियों की सुविधा के लिये आस्था पथ पर स्मार्ट टायलेट भी बनाये गये हैं। यह टॉयलेट पुरूषों और महिलाओं के लिये अलग-अलग बनाये गये हैं। स्मार्ट टायलेट आधुनिक सुविधाओं से लेस हैं। यात्री लाइन में खड़े रहने के दौरान इन टॉयलेटों का जमकर उपयोग कर रहे हैं। खासकर टायलेट की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां हर समय सफाई कर्मचारी तैनात हैं। यात्रियों ने स्मार्ट टायलेटों की सराहना भी की है। यात्रियों का कहना है कि उन्हे स्वच्छ एवं सॉफ टायलेट मिल रहे हैं।*

**रुद्रप्रयाग,** 8 मई (देशबन्धु)। केदारनाथ धाम में तीर्थ यात्रियों की सुविधा में इजाफा किया गया है। केदारनाथ मंदिर प्रांगण के अलावा आस्था पथ पर जगह-जगह एलसीडी टीवी प्रशासन की ओर से लगाये गये हैं। टीवी में केदारनाथ धाम के दर्शन के साथ ही मौसम, यात्रियों के टोकन सहित अन्य जानकारियां भी दी जा रही हैं।

केदारनाथ धाम की इस वर्ष की यात्रा को और भी भव्य एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक अभिनव पहल की है। अब श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शनों के साथ-साथ उनकी दिव्यता और महिमा का साक्षात अनुभव मंदिर प्रांगण और आस्था पथ पर भी कर सकेंगे। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिये केदारपुरी पहुंचते हैं। अक्सर मंदिर तक पहुंचने से पहले लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है। ऐसे में श्रद्धालुओं की आस्था और धैर्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष योजना के तहत आस्था पथ और मंदिर प्रांगण में एलसीडी स्क्रीन लगाए गए हैं, जिन पर बाबा केदारनाथ जी के लाइव दर्शन दिखाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त मौसम सहित अन्य जानकारियां भी साझा की जा रही हैं।

जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि आस्था पथ पर 50 इंच के 10 एलसीडी टीवी लगाए गए हैं। वहीं मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से एक विशाल 10म20 फीट का एलसीडी टीवी लगाया गया है, जिस पर बाबा केदार के लाइव दर्शन के साथ-साथ भगवान शिव से जुड़ी कथाएं, उनकी महिमा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी प्रसारित की जाएंगी। यह पहल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का एक अनूठा प्रयास है। इतना ही नहीं, इन टीवी स्क्रीनों के माध्यम से स्वास्थ्य एवं यात्रा मार्गदर्शिका से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं भी समय-समय पर प्रसारित की जाएंगी, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालु सुरक्षित और जागरूक रहें। उन्होंने बताया कि सोनप्रयाग में भी एक बड़ी स्क्रीन लगाने की तैयारी अंतिम चरण में है, जिससे यात्रा की शुरुआत करने वाले श्रद्धालुओं को भी बाबा केदार के दर्शन और आवश्यक जानकारी मिल सके।

## पंजाब सरकार पानी के मुद्दे पर राजनीति कर रही है : सैनी

**चंडीगढ़,** 8 मई (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को आरोप लगाया की पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार न तो संविधान को मानती है, न संवैधानिक संस्थाओं को मानती है और न ही संविधान का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने जल विवाद पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को दरकिनार किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से आग्रह किया कि वे पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले को मानते हुए हरियाणा के पानी को छोड़ें। मुख्यमंत्री आज पंचकूला स्थित नाडा साहिब गुरुद्वारा में थे, जहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री सैनी ने आरोप लगाया कि पंजाब की मान सरकार अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए यह भेदभाव खड़ा कर रही है। उन्होंने कहा कि हम पंजाब के हक का पानी नहीं मांग रहे हैं, बल्कि जो हरियाणा का हिस्सा है, वो भी पीने के पानी का, हम केवल वही मांग रहे हैं। श्री सैनी ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार अदालत की अवमानना कर रही है। उन्होंने श्री मान से आग्रह करते हुए कहा कि पानी के विषय पर राजनीति न करें। उन्होंने यह भी कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पड़ोसी देश से तनावपूर्ण स्थिति में श्री माँ का राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**पंजाब की मान सरकार अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए यह भेदभाव खड़ा कर रही है : नायब सिंह सैनी**





## प्रदेश में विकसित हो रही है खेल संस्कृति : रेखा आर्या



**खेल मंत्री ने प्रेम नगर में किया मिनी स्टेडियम का लोकार्पण**

**देहरादून,** 8 मई (देशबन्धु)। खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रेम नगर के दशहरा ग्राउंड में नवनिर्मित मिनी स्टेडियम का लोकार्पण किया। मिनी स्टेडियम के निर्माण में लगभग 292 लाख रुपए की लागत आई है।

इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पहले प्रदेश की जनता अपने प्रतिनिधियों से ज्यादातर सड़क, बिजली, पेयजल, अस्पताल और स्कूल आदि बनाए जाने की मांग करती थी। लेकिन प्रदेश में खेलों की प्रति अब जागरूकता इतनी बढ़ चुकी है कि इससे भी ज्यादा डिमांड अब खेल मैदान और स्टेडियम बनाने की आने लगी है । इससे यह भी पता चलता है कि देवभूमि को खेल भूमि के रूप में विकसित करने का जो लक्ष्य प्रदेश सरकार ने तय किया है, उसके साथ हमारे प्रदेश का युवा और आम जनता भी पूरी तरह जुड़ चुकी है।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि बीते कुछ साल से प्रदेश खेल संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है इसमें छोटे कस्बों और शहरों में लगातार खेल मैदान, मिनी स्टेडियम की सुविधा शुरू होने से भी मदद मिली है। खेल मंत्री में कहा कि सरकार ने दो खिलाड़ी प्रोत्साहन योजनाएं चलाकर 8 से 14 वर्ष की उम्र वाले खिलाड़ियों और 14 से 23 वर्ष तक की उम्र के खिलाड़ियों की आर्थिक मदद देनी शुरू की है, जिससे हर खेल में नए-नए खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 38 वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से भी प्रदेश में स्पोर्ट्स को लेकर एक नया माहौल बना है और इस आयोजन की सफलता के बाद यहां युवाओं में खेलों को लेकर जागरूकता बढ़ गई है।

## संसदीय राजभाषा समिति के संयोजक ने अन्य सदस्यों के साथ किया लेखक गांव का भ्रमण



**देहरादून,** 8 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार की संसदीय राजभाषा समिति के संयोजक उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने गुरूवार को समिति के अन्य सदस्यों के साथ लेखक गाँव, देहरादून का भ्रमण किया।

इस अवसर पर दिनेश शर्मा ने कहा कि हिन्दी भाषा के संवर्द्धन के लिए लेखक गाँव के रूप में यह एक पुण्य प्रयास है। यहाँ तमाम मूर्धन्य लेखकों और रचनाधर्मियों को अपना सृजन करने के लिये एक सुंदर वातावरण मिलेगा।

उन्होंने कहा कि यहाँ पर लेखकों का मिलन स्थल, परम्पराओं का संरक्षण और हिमालय की शान्ति का यहाँ पर अद्भुत संगम है। लेखक गाँव में स्थापित नालंदा पुस्तकालय प्राचीन नालंदा की तर्ज पर शोध एवं अनुसंधान का एक उत्कृष्ट केन्द्र बनेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

समिति के सदस्य एवं लोकसभा सांसद किशोरी लाल ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के साहित्य प्रेम और साहित्यकारों के प्रति पीड़ा को लेकर स्थापित किया गया यह लेखक गाँव सृजनशील लोगों की कर्मस्थली के रूप में उभर कर सामने आया है।

लेखक गाँव की निदेशक विदुषी निशंक ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये, लेखक गाँव के संरक्षक डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा हिन्दी और तमाम भाषाओं के संवर्द्धन के साथ-साथ लेखक गाँव नवोदित साहित्यकारों शोधार्थियों और शिक्षकों के लिये भी एक महत्वपूर्ण स्थली के रूप में कार्य कर रहा है। इससे पूर्व दिनेश शर्मा और अन्य समिति सदस्यों द्वारा लेखक गाँव में स्थापित अटल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।

## केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर धोड़े-खच्चरों के संचालन पर रोक जारी

**रुद्रप्रयाग,** 8 मई (देशबन्धु)। केदार पैदल यात्रा में घोड़ा-खच्चरों की अहम भूमिका होती है। किन्तु पिछले कुछ दिनों से इनमें इक्वाइन इंफ्लुएंजा के लक्षण दिखाई देने और कुछ पशुओं की मौत होने के बाद जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कई कदम उठाए हैं। प्रशासन ने पिछले 48 घंटे से केदारनाथ यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के परिचालन पर पूरी तरह से रोक लगाई है। जो फिलहाल जारी है। इसके अलावा 18 चिकित्सकों की टीम के साथ पंतनगर विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान हिसार के विशेषज्ञ लगातार सैंपलिंग एवं परीक्षण कर रहे हैं। घोड़ा-खच्चर मालिकों को तात्कालिक राहत देने के लिए जिला प्रशासन ने एक और कदम उठाया है। जिला प्रशासन ने दो क्वारंटाइन सेंटर, चेतक 1 एवं चेतक 2 बनाए हैं। घोड़े खच्चरों के मालिकों से अपील की है कि वे अपने बीमार घोड़े-खच्चरों को इन सेंटरों में रखें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आशीष रावत ने बताया कि क्वारंटीन सेंटरों में बीमार घोड़े-खच्चरों टीक होने तक खाने के चारे से लेकर सभी तरह की देखभाल पशुपालन विभाग की ओर से की जाएगी।

# 2025 में अभी तक त्रियुगीनारायण मंदिर में संपन्न हो चुके हैं 500 विवाह

■ बड़ी-बड़ी हस्तियां पहुंच रही मंदिर में विवाह संपन करने के लिए

■ लगातार हो रही शादियों से स्थानीय लोगों को मिल रहा रोजगार



**रुद्रप्रयाग,** 8 मई (देशबन्धु)। जनपद में स्थित शिव-पार्वती विवाहस्थल त्रिजुगीनारायण वैश्विक वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा है।

देश-विदेश से लोग सनातन परम्पराओं के अनुसार विवाह करने के लिए यहां भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। शादियों के सीजन में अब यहां हर महीने 100 से अधिक शादियां हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई मौकों पर डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखंड की ब्रांडिंग कर चुके हैं। इसका असर त्रिजुगीनारायण मंदिर में साफ तौर पर नजर आ रहा है। जहां लोग देश विदेश से डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए पहुंच रहे हैं। इससे यहां होटल कारोबारियों से लेकर पंडे पुजारियों, वेडिंग प्लानर, मांगल टीमों और ढोल दमौ वादकों सहित कई अन्य लोगों को काम मिल रहा है।

### 2025 में हुई पांच सौ शादियां

क्षेत्र की वेडिंग प्लानर रंजना रावत के मुताबिक 7 से 9 मई के बीच सिंगापुर में कार्यरत भारतीय मूल की डॉक्टर प्राची यहां शादी करने के लिए पहुंच रही है। इसके लिए उन्होंने जीएमवीएन टीआरएच बुक किया हुआ है। उन्होंने बताया कि इस साल अप्रैल माह तक ही यहां करीब पांच सौ शादियां हो चुकी हैं, जबकि 2024 में कुल छह सौ शादियां ही हुई थी। उन्होंने बताया कि अब तक यहां इसरो के एक वैज्ञानिक, अभिनेत्री चित्रा शुक्ला, कविता कौशिक, निकिता शर्मा, गायक हंसराज रघुवंशी, यूट्यूबर आदर्श सुयाल, गढ़वाली लोकगायक सौरभ मैठाणी के साथ ही कई जानी मानी हस्तियां सात फेरे ले चुके हैं।

### रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य

मंदिर के पुजारी सच्चिदानंद पंचपुरी ने बताया कि यहां सनातन मतावलंबियों का विवाह वैदिक परंपराओं के अनुसार सम्पन्न होता है, इसके लिए पहले से रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। साथ ही माता-पिता या अभिभावकों की मौजूदगी में ही विवाह समपन्न होता है। उन्होने बताया कि सात फेरों के लिए मंदिर परिसर में ही वेदी बनाई गई है, इसके बाद अखंड ज्योति के साथ पग फेरा लिया जाता है। इसके अलावा अन्य सभी आयोजन, नजदीकी होटल और रिजॉर्ट में सम्पन्न किए जाते हैं। सीतापुर तक के होटल में अन्य विवाह समारोह भी स्थानीय पुजारियों द्वारा सम्पन्न कराए जाते हैं, इसके लिए दक्षिणा की दरें तय की गई हैं।

### त्रिजुगीनारायण मंदिर का महत्व

त्रिजुगीनारायण मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। मान्यता है कि यहां भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। स्वयं भगवान विष्णु ने इस विवाह में देवी पार्वती के भाई (कन्यादानकर्ता) का कर्तव्य निभाया था। मंदिर प्रांगण में एक पवित्र अखंड अग्नि है, मान्यता है कि शिव पार्वती ने इसी अग्नि के सात फेरे लिए थे। मंदिर की बनावट केदारनाथ मंदिर से मिलती-जुलती है।

# प्रादेशिकी

## सेना के शौर्य के आगे नतमस्तक है पूरा देश : कृपाशंकर

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम के आगे पूरा देश नतमस्तक है। श्री सिंह ने यहां पत्रकारों से बातचीत में महिला सैन्य अधिकारियों कर्नल सोफिया कुरैशी और और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के शौर्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे यहां का इतिहास देखा जाए तो बेटियां कभी शालीनता की मूर्ति के रूप में सीता होती हैं तो कभी पालन पोषण करने वाली अन्नपूर्णा देवी होती हैं मगर आसुरी शक्तियों का दमन करना होता है तो वह रौद्र रूप धारण करके महाकाली बन जाती हैं। उन्होने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद जौनपुर और देश का आक्रोश चरम पर था। आतंकवाद के विरोध में जनता मुखर हो रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की धरती से कहा था कि आतंकवादियों को जो सजा मिलेगी उसकी कल्पना नहीं की जा सकती।

# 'देश में सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश का एक नया वातावरण बना'

### मुख्यमंत्री ने करप्शन और क्राइम के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई

■ उ.प्र. अन्य राज्यों तथा देशों के लिए मिसाल बना : वित्तमंत्री



**मेरठ/लखनऊ,** 8 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इण्डिया बुलियन एण्ड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) कॉन्क्लेव प्रदेश सरकार के 08 साल बेमिसाल अभियान को एक गति देने के लिए आयोजित किया गया है। अर्थव्यवस्था की दृष्टि से जेम्स और ज्वेलर्स की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। जेम्स एण्ड ज्वेलरी सेक्टर में हमें समाज की मांग के अनुरूप उत्पादों को तैयार करना होगा। इसके उत्पादों को बेहतरीन डिजाइन, पैकेजिंग के साथ मार्केट उपलब्ध करवाना अत्यन्त आवश्यक है। जिस प्रकार 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना ने उत्तर प्रदेश को पहचान दिलाई है, उसी प्रकार जेम्स एण्ड ज्वेलर्स की भूमिका हो सकती है।

मुख्यमंत्री इण्डिया बुलियन एण्ड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के कॉन्क्लेव '08 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी को एक प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि जेम्स एण्ड ज्वेलर्स का भारत की अर्थव्यवस्था में एक बड़ा योगदान है। देश की जीडीपी में रत्न और आभूषण उद्योग की 07 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोल्ड इम्पोर्ट के माध्यम से देश को इम्पोर्ट ड्यूटी प्राप्त होती है। जब एक उपभोक्ता ज्वेलर्स से ज्वेलरी खरीदता है, तब वह जीएसटी के माध्यम से अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण हो, पर्यटन के साथ अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप लोग खरीददारी कर सकें, यह किसी भी चुनी हुई सरकार की जिम्मेदारी है। विगत 10 वर्षों में देश में तथा विगत 08 वर्षों में प्रदेश में आप लोगों ने इस प्रकार के माहौल का एहसास किया होगा। आज देश में सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश का एक नया वातावरण बना है। हम एक नए भारत में रह रहे हैं, जिसमें विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 08 वर्ष पूर्व कानून व्यवस्था की दृष्टि से देश में उत्तर प्रदेश की स्थिति सर्वाधिक खराब थी। प्रदेश में सुरक्षा का कोई वातावरण नहीं था। प्रदेश में दंगे होते थे, पर्व व त्योहार मनाने के लिए सुरक्षित माहौल नहीं था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी सुरक्षित था। प्रदेश में अराजकता का माहौल था।

### योगी सरकार की जनसुनवाई से शिकायतों के निस्तारण में हुआ बड़ा सुधार

**लखनऊ,** 8 मई (एजेंसियां)। योगी सरकार आमजन मानस की जनशिकायतों के निस्तारण में आए दिन नए आयाम स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉनिटरिंग से ही संभव हो पाया है कि प्रदेश में जनशिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में बड़ा सुधार आया है। यही वजह है कि लगातार जनसुनवाई से शिकायतों के मामलों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। यह बात सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस (इंटिग्रेटेड ग्रिवांस रीड्रेसल सिस्टम) की अप्रैल माह की रैंकिंग में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, पूरे प्रदेश में जनशिकायतों के निस्तारण में श्रावस्ती ने बाजी मारी है। वहीं, शाहजहांपुर ने दूसरा और अमेठी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

## उद्यमिता विकास हेतु मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण संपन्न



**मेरठ,** 8 मई (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सैनिकों के लिए रीसेटलमेंट कोर्स के अंतर्गत खाद और औषधि मशरूम उत्पादन तकनीकी विषय पर 19 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया। समय से पूर्व समापन का कारण सैनिकों की छुट्टियां कैंसिल होने के कारण उनको अपने हेड क्वार्टर पर रिपोर्ट करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय के कुलपति जनरल दीप अहलावत ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा की 44 साल की सेवा के बाद सैनिक अपनी सेवा से सेवा निवृत हो जाते हैं इसलिए उनके पास कई क्षेत्रों में कार्य करने के लिए समय होता है उन्होंने कहा कि इस तरह की ट्रेनिंग करने के बाद वह स्टार्टअप और अन्य लाभकारी खेती को प्रारंभ कर सकते हैं सैनिक अपनी नॉलेज को उपस्किल करके और आगे बढ़ सकते हैं उन्होंने कहा कृषि विश्वविद्यालय का वर्क कल्चर बहुत अच्छा है इसलिए ऐसे संस्थान से ट्रेनिंग लेने के उपरांत वह आसानी से कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाते हुए आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा देश सेवा करते हुए अपने एक अच्छी डिसिप्लिन लाइफ की है सेवानिवृत्ति के बाद गांव में जाकर आप अपने-अपने गांव में अपनी नॉलेज को किसने तक पहुंचाए उन्होंने कहा कि आजकल टेक्नोलॉजी का जमाना है इसलिए आपको टेक्नोलॉजी के साथ साथ आगे बढ़ना होगा उन्होंने कहा शिक्षा ही पावर है शरीर नहीं इसलिए शिक्षा लेने के बाद उसका सदुपयोग किया जाना चाहिए।

## सार संक्षेप

### नगर पालिका ने विशेष सफाई अभियान चलाया

**मवाना।** नगर पालिका परिषद् मवाना द्वारा नगर के मेरठ रोड पुलिस चैकी से बड़ा महादेव शिव मंदिर तक सड़क की दोनों साइडों में पटरियों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उक्त अभियान पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक की देख-रेख में चलाया गया। जिसमें पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा सडक की दोनो साईडों पर झाड़ू, कूडे आदि की सफाई की गयी तथा उक्त कूडे को पालिका वाहनों से पीछे से तुरन्त उठवाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के साथ सफाई नायक मनोज कुमार, दीपक शर्मा व सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं ने प्रेमी युगल पकड़ पुलिस को सौंपा

**मवाना।** हिंदु संगठन के लोगों ने बुधवार रात किला बस स्टैंड पर खड़े शादीशुदा प्रेमी युगल को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस युगल को थाने ले आई। मामला दो संप्रदाय से जुड़ा है। कार्यकर्ताओं ने महिला को समझाया लेकिन वह मुस्लिम प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ी रही। कार्यकर्ताओं ने आरोपित को जेल भेजने की मांग की। गुरुवार को पुलिस ने महिला को नारी निकेतन भेज दिया। जबकि उसके प्रेमी का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। परीक्षितगढ़ के गांव निवासी शादीशुदा मुस्लिम युवक का दिल्ली निवासी हिंदु महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला की हाल ही में दूसरी शादी हुई थी। प्रेम परवान चढ़ा तो उसके प्रेमी ने दो दिन पहले महिला को मवाना बुला लिया। बुधवार को रात प्रेमी युवक ने नगर के किला बस अड्डे पर खड़े हुए थे। इस की भनक हिंदू संगठन के लोगों को लगी तो दोनों को पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना दी।

### कृषक इण्टर कॉलिज में मॉकड्रिल का सफल आयोजन

**मवाना।** कृषक इण्टर कालेज में विद्यालय के राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में 73 यूपी बटालियन एनसीसी मवाना के कमान अधिकारी कर्नल मृदुल मित्तल के निर्देशन व उप कमान अधिकारीध्प्रशासनिक अधिकारी कर्नल आशीष मोहन अग्रवाल के पर्यवेक्षण में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। कैडेट्सध्छात्रों को सायरन बजने या युद्ध की सम्भावना के मद्देनजर खुद के बचाव, ब्लैक आउट का पालन करने, खुले मैदान छोडने, सुरक्षा फार्मेशन आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि मॉकड्रिल का उद्देश्य हाल ही में बदलती परिस्थिति के मद्देनजर भविष्य में किसी भी सम्भावित खतरे से बचाव के बारे में जागरुक करना है। विद्यालय में इस महत्वपूर्ण आयोजन के सफल आयोजन के लिए मैं समस्त एनसीसी बटालियन स्टाफ का आभार व्यक्त करता हूं।

### मंदिर के बाहर से युवक की बाइक चोरी

**मवाना।** मंदिर में पूजा करने गए युवक की मंदिर से बाहर से चोरों ने बाईक चोरी कर ली पूजा करने के बाद बाहर आए युवक को जब अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली तो उसने मोटरसाइकिल की काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर उसने पुलिस को इस सम्बन्ध में तहरीर सौंपी है।

## मेरठ में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाएं की शुरुआत




**मेरठ,** 8 मई (देशबन्धु)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली ने आज मेरठ स्थित मैक्स मेडसेंटर में अपनी विशेष रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। वे अब हर गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैक्स मेडसेंटर मेरठ में मरीजों को परामर्श देंगे।

सेवाओं के शुभारंभ के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. संदीप अग्रवाल ने कहा कि कैंसर से पीड़ित मरीजों की स्थिति अक्सर देरी से निदान, जागरूकता की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच के कारण गंभीर हो जाती है। हालांकि, न्यूक्लियर मेडिसिन और पीईटी सीटी जैसी अत्याधुनिक कैंसर डायग्नोस्टिक तकनीकों से यदि समय रहते कैंसर का पता लगाया जाए, तो सफल इलाज की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। बीते कुछ वर्षों में कैंसर उपचार के तरीकों में काफी प्रगति हुई है, जिससे उपचार के परिणाम बेहतर हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि कैंसर के इलाज में रेडिएशन थेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस उपचार के लिए समर्पित ओपीडी सुविधा प्रदान कर हम मरीजों को अधिक सुविधा, व्यक्तिगत देखभाल और बेहतर परिणाम देने का प्रयास कर रहे हैं। मेरठ में इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत से मैक्स हॉस्पिटल अब शहर और आस-पास के क्षेत्रों के अधिक मरीजों की सेवा कर सकेगा।

## मुकदमे में फैसले का दबाव बनाने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**किठौर,** 8 मई (देशबन्धु)। दो वर्ष पूर्व मेरठ के निजि अस्पताल में हुई मासूम की मौत के मामले में हुए मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। राधना निवासी ताजमुहम्मद पुत्र जफर ने बताया कि दो वर्ष पूर्व उसने अपने भतीजे हस्सान को मेरठ के सरस अस्पताल की नर्सरी में भर्ती कराया था। वहां मेडिकल स्टाफ की लापरवाही के कारण मासूम हस्सान इतना झुलस गया कि उसकी मौत हो गई। ताजमुहम्मद ने जिला प्रशासन से शिकायत की तो मामले की मजिस्ट्रेटी जांच हुई। जिसमें अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही के आरोप साबित हो गए। बहरहाल, इस प्रकरण में तत्कालीन अस्पताल संचालकों डा. सोमवीर, जावेद, सालिम, सुलेमान व शमीम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो गया। ताजमुहम्मद का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से उक्त आरोपी उस पर फैसले का दबाव बना रहे हैं। फैसला न करने पर पीड़ित को अंजाम भुगतने की धमकी दी जा रही है। आरोप ये भी है कि अस्पताल संचालक ने उसे कई बार फोन और वाह्टसप कॉल कर धमकाया। रास्ते में रोककर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने गुरुवार को आरोपी सुलेमान निवासी राधना को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय ने बताया कि आरोपी का शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

■ मेरठ के निजि अस्पताल में लापरवाही से मासूम की मौत से जुड़ा है मामला

## हॉकी के महान खिलाड़ी थे स्व. मेजर ध्यान चंद : डॉ. विनीत त्यागी



**हापुड़,** 8 मई (देशबन्धु)। डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वर्गीय मेजर ध्यान चंद के सुपुत्र अशोक कुमार सिंह का आगमन हुआ है। प्रधानाचार्य डॉ. विनीत सिंह त्यागी ने समस्त शिक्षकों, तथा छात्रों के साथ उनका भव्य स्वागत किया । अशोक कुमार जी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं, उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि खेल जगत में प्रसिद्ध है। उनके पिता तत्कालीन हॉकी के महान खिलाड़ी थे, अपनी प्रतिभा का लोहा सभी देशों से मनवाया था। इसीलिए उन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता था । उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उनके होनहार सुपुत्र भी एक महान खिलाड़ी हैं। उन्हें उनकी इन उपलब्धियों के लिए अनेक सम्मान भी प्राप्त हुए हैं । अर्जुन अवार्ड से सम्मानित माननीय अशोक जी ने अपनी प्रतिभा के बल पर हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष, नेशनल वुमन्स हॉकी टीम के चयन में एक अहम भूमिका निभाई है । उनके नेतृत्व में भारत तीन ओलंपिक खेलों में भागीदारी कर चुका है । उन्हें हॉकी के सर्वोच्च पुरस्कार मेजर ध्यान चंद से भी नवाजा गया है । उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हॉकी ऐतिहासिक स्थान रखती है अतरू इसकी प्रतिष्ठा और गरिमा को बनाये रखने के लिए विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करनी आवश्यक है। प्रधानाचार्य ने उनके मार्गदर्शन और निर्देशन से विद्यार्थियों में उत्साह की लहर का संचार देखने को मिला।

## भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**मवाना,** 8 मई (देशबन्धु)। ए एस इंटर कॉलेज मवाना में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की गाजियाबाद ब्रांच के तत्वावधान में मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे रिसोर्स पर्सन मुकन्द वल्लभ शर्मा ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा उनको मानक लिखने की विधि को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संयोजन संजय कुमार निमेष मेंटोर बीआईएस ने किया, प्रतियोगिता में 140 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 मेघराज सिंह ने बताया कि बीआईएस की मानक लेखन प्रतियोगिता में जिन छात्र छात्राओं ने प्रथम तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है उनकी मेहनत से उन छात्र-छात्राओं को आगामी होने वाली प्रतियोगिता के लिए अधिक का अंक लाने का संकल्प लेना चाहिए लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए सफलता आपके कदम चूमेगी तथा छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में मानकों के प्रति जागरूक रहने के लिए भी प्रेरित किया। मानक लेखन प्रतियोगिता में पूर्वी, खुशबू रानी,भूमी वाला, खुशबू,प्रियांशी, शुभी अग्रवाल समूह ने प्रथम स्थान व खुशी, शिवी, आयुषी, खुशबू रानी, जिया खान समूह ने द्वितीय स्थान और अरमिश, इकरा,राधिका, आरोही, अलशिफा, मानवी, इशिका फरीन समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया, प्रतिभाग करने वाले अन्य समस्त छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## सांसद निधि के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**मेरठ,** 8 मई (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में सांसद लोकसभा अरूण चंद्रप्रकाश गोविल की अध्यक्षता में सांसद निधि के कार्यो की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में सीडीओ द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत भौतिक विवरण प्रस्तुत किया गया। सांसद निधि के अंतर्गत मिले प्रस्ताव तथा उनकी अद्यतन स्थिति के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सांसद ने कहा कि कार्यों में आ रही बाधाओ से अवगत कराया जाये तथा धीमी प्रगति वाले कार्यों में तेजी लाते हुये समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाये। उन्होने कार्यदाई संस्था को कार्य त्वरित व गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी, जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह, सीडीओ नूपुर गोयल, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## किशोरों को सशक्त बनाने की अभिनव पहल




**मेरठ,** 8 मई (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के विधि संकाय मे भारत सरकार के विधि मंत्रालय द्वारा स्थापित प्रो बोनो क्लब ने 'न्याय दूतरू किशोरों को जागरूकता एवं सहयोग के माध्यम से सशक्त बनाना' विषयक एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम संकाय निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरुद्ध किशोरों के साथ संवाद से हुई, जिसके दौरान विद्यार्थियों की टीम ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक -'एक नई दिशा' का प्रभावी मंचन किया जिसके माध्यम से किशोरों को उनके विधिक अधिकारों, सामाजिक दायित्वों एवं आत्मविकास की संभावनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर संकाय निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार गोयल, डॉ. शैल ढाका, डॉ. पल्ववी जैन, डॉ. दीपशिखा तथा श्री पवन कुमार ने किशोरों के सामाजिक पुनर्वास में विधिक सहायता की भूमिका पर विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता के माध्यम से जीवन में नव निर्माण के लिए प्रेरित किया।

**कार्यक्रम** — *मेरठ पब्लिक स्कूल फॉर गर्ल्स में किया गया अनुशासन समिति का गठन*

# अनुशासन से ही प्रज्वलित होती है ज्ञान की ज्योतिः अशोक ध्यानचंद

मेरठ, 8 मई (देशबन्धु)। वेस्ट एण्ड रोड स्थित मेरठ पब्लिक स्कूल फॉर गर्ल्स के विशाल प्रांगण में अनुशासन समिति का गठन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक ध्यानचंद ( अर्जुन पुरस्कार विजेता, हॉकी खिलाड़ी, एवं महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी के पुत्र) तथा प्रतिभा जोशी (स्टेट शूटर) रहीं। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया ।तत्पश्चात भारतीय परंपरा का निर्वहन करते हुए दीप-प्रज्वलन किया गया।

■ ग्रुप के एमडी विक्रमजीत सिंह शास्त्री ने छात्रों को दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम की शुरुआत अनुशासन समिति में गठित छात्राओं द्वारा गांधी हाउस, नेहरू हाउस, शास्त्री हाउस व टैगोर हाउस द्वारा मार्च पास्ट द्वारा की गयी, जिसका नेतृत्व चयनित कप्तानों द्वारा किया गया। अनुशासन समिति के लिए छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाचार्या रचना शर्मा द्वारा कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई गई तथा अनुशासन समिति में गठित छात्राओं को बैज देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सामूहिक गान के माध्यम से शपथ का अनुसरण करने का संकल्प लेना और पिरामिड बनाकर नेतृत्व के महत्त्व को दर्शाना,




उनकी रचनात्मकता और टीम वर्क की भावना को दर्शाता है स इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए धृति जैन को हेड गर्ल,अन्वी को वाइस हेड गर्ल, जैनब खान को स्पोर्ट्स कैप्टन, सारा जिया को कैप्टन(गाँधी हाउस), वंशिका चैधरी (कैप्टन नेहरू हाउस ), साँची कोहती (कैप्टेन शास्त्री हाउस),मेहरीन (कैप्टन टैगोर हाउस), दीक्षा (प्रेजिडेंट लिटरेरी क्लब इंग्लिश ), मंतशा खान (प्रेजिडेंट लिटरेरी क्लब हिंदी ), अल्वीरा खान (प्रेजिडेंट फोटोग्राफी क्लब ), तनुष्का गिरी (प्रेजिडेंट स्टेम क्लब), सलोनी मण्डल (प्रेजिडेंट एस्थेटिक क्लब), भवनीत कौर भाटिया (प्रेजिडेंट कैनवस क्लब ), फातिमा खान (प्रेजिडेंट कुजीन क्लब ), अनुष्का मित्तल (प्रेजिडेंट सोशल मीडिया रिप्रेजेन्टेटिव ), कनिष्का गुप्ता (डिबेट एंड पब्लिक स्पीकिंग रिप्रेजेन्टेटिव ), कृतिका शर्मा (हेड गर्ल मिडिल सेक्शन ), एलीना जावेद (जूनियर हेड गर्ल प्राइमरी सेक्शन), चुनाव के संदर्भ में उनकी नेतृत्व- क्षमता और विद्यालय के प्रति समर्पण को देखते हुए किया गया। इसी अवसर पर वंशिका चैधरी को कुसुम शास्त्री अवार्ड से सम्मानित किया गया, जो उनकी विशिष्ट उपलब्धियों और विद्यालय के प्रति योगदान को दर्शाता है। मुख्य अतिथि अशोक ध्यानचंद ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की तारीफ करते हुए चयनित छात्राओं को टीम भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया तथा अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार अनुशासन का हमारे जीवन में महत्व है, उन्होंने नारी सशक्तिकरण पहलू पर बल देते हुए समाज के प्रत्येक क्षेत्र में नारी के योगदान की प्रशंसा की ।इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय के प्रबंध निदेशक विक्रमजीत सिंह शास्त्री तथा प्रबंध निदेशिका केतकी शास्त्री उपस्थित रहीं। प्रबंध निदेशक ने छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दीं तथा उनको बताया कि अनुशासन समिति के विभिन्न सदस्यों को अन्य छात्राओं के साथ सरल,सहज व सकारात्मक व्यवहार करने तथा शैक्षिक उद्देश्य के अनुसरण के संदर्भ में आदर्श छात्राओं के रूप में कार्य करना चाहिए। इसके बाद उपस्थित अभिवाकगणों का आभार व्यक्त किया सकार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

देशबन्धु नई दिल्ली, शुक्रवार, 9 मई, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# ऑपरेशन सिंदूर

प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक, अखनूर सेक्टर के लोगों में 1971 तथा 1965 के युद्धों की याद अभी भी ताजा है।

# ऑप्रेशन सिंदूर के बाद भरपूर युद्ध की आशंका प्रबल हुई, कस्बों से भी पलायन



■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तान के साथ भरपूर युद्ध की आशंका अब और बढ़ गई है। नतीजतन पाक हवाई हमलों की रेंज में आने वाले सीमाई कस्बों से भी पलायन आरंभ हो गया है। जिन कस्बों से पलायन आरंभ हुआ है उनमें अखनूर, पल्लांवाला तथा ज्यौड़ियां सेक्टर के कई गांव हैं जो सीमा से तो नहीं सटे हुए हैं लेकिन इन गांवों के लोगों को शंका है कि युद्ध की स्थिति में पाक सेना उनके गांवों पर कब्जा कर सकती है। ऐसी आशंका इन गांवों के लोगों को इसलिए है क्योंकि पहले भी 1971 तथा 1965 के युद्धों में पाक सेना इन गांवों तथा कस्बों पर कब्जा जमाने में कामयाब रही थी। मिलने वाले समाचारों के अनुसार, दरिया चिनाब के किनारे पर बसे हुए अखनूर सेक्टर से भी अब पलायन का क्रम आरंभ हो गया है। हालांकि पहले से पल्लांवाला तथा ज्यौड़ियां के उन कस्बों तथा गांवों से सैंकड़ों लोग पलायन कर चुके हैं जो एलओसी से सटे हुए हैं। मिलने वाली खबरें यह भी कहती हैं कि अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों के वे गांव तथा कस्बे, जो रक्षा खाई के इस ओर आते हैं, से भी सैंकड़ों परिवारों में युद्ध की शंका प्रबल होती जा रही है जिस कारण वे पलायन करने के मूड में हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक, अखनूर सेक्टर के लोगों में 1971 तथा 1965 के युद्धों की याद अभी भी ताजा है। यही कारण है कि वे समय रहते अपना कीमती सामान समेट कर उसे सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा देना चाहते हैं। इसे भूला नहीं जा सकता कि 1971 तथा 1965 के भारत-पाक युद्धों के दौरान पाकिस्तान छम्ब, ज्यौड़ियां, पल्लांवाला तथा चिकन नेक सेक्टरों में भारतीय पक्ष पर भारी साबित हुआ था और हजारों भारतीय नागरिकों को घरों से बेघर होना पड़ा था। स्थिति यह है कि छम्ब के इलाके से बेघर होने वाले छम्ब के विस्तार वाले पल्लांवाला, ज्यौड़ियां तथा अखनूर सेक्टरों में लोग समय रहते आपात उपाय कर लेना चाहते हैं।

अधिकारियों के अनुसार, इन क्षेत्रों के दिलोदिमाग में यह बात बैठ गई है कि पाकिस्तान दरिया चिनाब पर बने हुए पुलों को उड़ा देना चाहता है और उसके पीछे का मकसद इन सेक्टरों पर युद्ध की स्थिति में कब्जा कर लेना है। इस पुल को उड़ाने के लिए पाकिस्तान ने मिसाइलें भी तैनात कर रखी हैं, ऐसी खबरें सोशल मीडिया पर चल रही हैं। इसके उपरांत से इन सेक्टरों के निवासियों में जबरदस्त दहशत का माहौल है। और इसी माहौल का परिणाम है कि अखनूर जैसे सीमा के काफी दूर बसे कस्बे से पलायन का क्रम अब तेजी पकड़ता जा रहा है जिसके एक ओर दरिया चिनाब तो दूसरी ओर एलओसी भी है तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा भी। हालांकि सीमा व एलओसी से सटे इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाने का आदेश सरकारी तौर पर दिया जा चुका है। ऐसी स्थिति सिर्फ अखनूर बेल्ट में ही नहीं बल्कि अब अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों के उन कस्बो में भी पैदा हो गई है जो रक्षा खाई के पीछे कुछ किमी की दूरी पर हैं। यहां के निवासियों में युद्ध की शंका के चलते पलायन का क्रम जोर पकड़ने लगा है। ऐसे कस्बों में हीरानगर, रामगढ़, अबताल, कान्हाचक जैसे कस्बे भी हैं जो जीरो लाइन से पीछे रक्षा खाई के पीछे बसे हुए हैं। रक्षा खाई के आगे वाले निवासियों को तो अपने घर-बाहर खाली करने का हुक्म अप्रत्यक्ष तौर पर सुनाया गया है। अधिकारियों ने माना है कि ऐसे क्षेत्रों से, जो पाक गोलाबारी की रेंज में तो नहीं आते, लेकिन हवाई हमलों के निशाने बन सकते हैं, से लोगों का पलायन चिंता की स्थिति पैदा कर रहा है। अधिकारी उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करने को तैयार नहीं हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे जानते हैं कि युद्ध होने की स्थिति में ये कस्बे हवाई हमलों के निशाने बन सकते हैं नतीजतन उनके पलायन को रोक पाना फिलहाल उनके बस की बात नहीं है। स्थिति सीमाओं पर यह है कि पलायन करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गैर सरकारी तौर पर सीमाओं पर बनी स्थिति के चलते अभी तक एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों से हजारों लोग अस्थाई पलायन कर चुके हैं।

## तैं की दर्द नहीं आया

### ना पाक गोलाबारी में 12 साल के जुड़वा भाई बहन की मौत



**जम्मू।** पुंछ के जोया और जैन यह दो वे मासूम हैं जो कल पाक गोलाबारी की दुखद तस्वीर को पेश करते हैं। दोनों एक साथ पैदा हुए, एक साथ पले-बढ़े और एक साथ इस दुनिया से चले गए। पुंछ शहर के ही 12 साल के एक जुड़वा भाई-बहन जोया और जैन की दुखद मौत हो गई। दोनों पाकिस्तानी गोलीबारी में पुंछ सेक्टर में मरने वाले 16 नागरिकों में से एक थे।

बच्चों की मां अरुसा खान आज उदास है और पिता के सामने घोर अंधेरा और उदासी के सिवा कुछ भी नहीं है। जोया और जैन के माता-पिता उनके बेहतर जीवन, शिक्षा और जीवन की तलाश में अपने पैतृक गांव कलानी चकथरू से पुंछ शहर में चले गए थे लेकिन उन्हें कहां पता था कि पड़ोसी मुल्क के नापाक मंसूबों की भेंट उनके बच्चे ही चढ़ जाएंगें भारत और पाकिस्तान के बीच की दुश्मनी ने एक हंसते और खेलते परिवार को तबाह कर दिया। एक तरफ उनकी मां को पाकिस्तानी पक्ष की आक्रामकता में अपने बच्चों को खोने का दर्द है और दूसरी तरफ उनके जीवन साथी रमीज खान (50), जो इस नुकसान को सहने की उनकी आखिरी उम्मीद हो सकते थे, सरकारी मेडिकल कालेज (जीएमसी) राजौरी में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्हें रेयर बी-नेगेटिव खून की आवश्यकता थी। जैसे ही यह संदेश सोशल मीडिया पर फैला, परिवार को अज्ञात लोगों के दर्जनों फोन आए, जो जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए गए। पत्रकारों से बात करते हुए जीएमसी राजौरी में रमीज खान के साथ मौजूद परिवार के रिश्तेदार आदिल पठान ने कहा कि यह वास्तव में उस परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। बुधवार को सुबह करीब 7 से 7.30 बजे क्राइस्ट स्कूल पुंछ के पास गोले गिरे, जिसमें पास में किराए के मकान में रहने वाला यह परिवार चपेट में आ गया। बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल रमीज खान को जीएमसी राजौरी रेफर किए जाने से पहले जिला अस्पताल पुंछ में ट्रांसफर कर दिया गया। पाकिस्तान की तरफ से हुई गोलीबारी में जोया और जैन की मां अरूसा खान को भी मामूली चोटें आईं और उन्हें डीएच पुंछ में प्राथमिक उपचार दिया गया। अरूसा खान एक व्यावसायिक प्रशिक्षक हैं जबकि रमीज खान भी एक शिक्षक हैं। दोनों पुंछ में सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडी में कार्यरत हैं, और अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने और जिला मुख्यालय में बेहतर जीवन के अवसरों का लाभ उठाने के लिए पुंछ शहर में चले गए थे। अब उन्हें अपने बच्चों को अपनी आंखों के सामने इस दुनिया से जाते हुए देखना किसी असहनीय पीड़ा से कम नहीं है।

# हालात के मद्देनजर जम्मू कश्मीर में सभी की छुट्टियां रद्द

### प्रायवेट अस्पतालों को भी अपने आपको तैयार रखने को कहा गया

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)। भारत तथा पाकिस्तान के बीच भरपूर युद्ध की आशंका और बढ़ गई है। इस आशंका के बीच जम्मू कश्मीर सरकार ने अपने सभी कर्मचारियों,अधिकारियों की छुट्टियों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। सभी अस्पतालों में नियुक्त डाक्टरों, अर्द्धचिकित्सा स्टाफ की छुट्टियों को भी रद्द करते हुए सभी को अपने कार्य पर वापस लौटने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच सरकार ने स्थिति को आपात बताते हुए जहां नागरिक सुरक्षा के उपायों को तेज किया है वहीं मेडिकल कालेज, प्रायवेट नर्सिंग होम्स को आपात स्थिति से निपटने के लिए अपने आपको तैयार रखने के लिए कहा है।

पाकिस्तानी इलाकों में कल भारत के ऑप्रेशन सिंदूर के बाद लड़ाई के पूर्ण युद्ध में बदल जाने की आशंका अब और बढ़ गई है। इसकी पुष्टि प्रदेश सरकार द्वारा उठाए जा रहे आपात कदमों से होती है। जम्मू कश्मीर सरकार ने युद्ध की आशंका के चलते किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी जहां आरंभ कर दी है वहीं पाक हमले की सूरत में नागरिकों को बचाव के लिए नागरिक सुरक्षा के उपायों को तेज किया है।

युद्ध की आशंका के चलते सरकार ने अपने सभी कर्मचारियों द्वारा अवकाश लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जबकि जो कर्मचारी तथा अधिकारी अवकाश पर गए हुए हैं उन्हें वापस ड्यूटी पर आने के लिए तत्काल प्रभाव से नोटिस जारी किया गया है। राज्य सरकार द्वारा जारी नोटिस के अनुसार,किसी भी प्रकार का कोई अवकाश पारित न किया जाए।

सिर्फ सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियों को ही रद्द नहीं किया गया है बल्कि मेडिकल कालेज तथा संबंधित अस्पतालों के डाक्टरों, अर्द्ध चिकित्सा स्टाफ तथा अन्य संबंधित कर्मियों के अवकाश को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए अवकाश लेने पर प्रतिबंध लागू कर दिया है।

अधिकारियों के अनुसार, आपात स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार ने मेडिकल कालेज तथा संबंधित अस्पतालों को आपात उपाय करने, एमरजेंसी वार्ड को पूर्ण रूप से सुसज्जित रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त एमरजेंसी वार्ड को खोलने के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है।

अधिकारियों के अनुसार, युद्ध की स्थिति से बचाव के लिए किए जाने वाले आपात उपायों के संबंध में प्रदेश सरकार के अधिकारियों तथा सेनाधिकारियों के बीच बैठकें हुई हैं। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार ने युद्ध की स्थिति में चिकित्सा सहायता के लिए प्रायवेट नर्सिंग होम्स के मालिकों से भी तालमेल बनाया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका इस्तेमाल सैनिक कार्यों के लिए किया जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि युद्ध की संभावना को देखते हुए नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस), विभाग को अपने आपको पूरी तरह से तैयार रहने के लिए कहा गया है। जबकि अधिकारियों ने लोगों को युद्ध की स्थिति में बचाव व सुरक्षा के उपाय के प्रति जानकारियां देनी आरंभ करने का अभियान भी शुरू करने की योजना बनाई है।

# पिछले 77 सालों से न सिर्फ खबरों में, बल्कि जीवित जंग के मैदान के रूप में भी जानी जाती है एलओसी

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)। 814 किमी लम्बी एलओसी अर्थात नियंत्रण रेखा आखिर है क्या? जो पिछले 77 सालों से न सिर्फ खबरों में है बल्कि जीवित जंग के मैदान के रूप में भी जानी जाती है। सचमुच यह कोई सीमा है या फिर जमीन पर खींची गई लकीर जो दो देशों को बांटती है। जी नहीं, नदी, नालों, गहरी खाईयों, हिमच्छादित पहाड़ों और घने जंगलों को जमीन पर खींची गई कोई इंसानी लकीर बांट नहीं सकती। यही कारण है कि पाकिस्तान और भारत के बीच चार युद्धों के परिणाम के रूप में जो सीमा रेखा सामने आई वह मात्र एक अदृश्य रेखा है जो न सिर्फ जमीन को बांटती है बल्कि इंसानी रिश्तों, इंसान के दिलों को भी बांटने का प्रयास करती है।

जम्मू प्रांत के अखनूर सेक्टर में मनावर तवी के भूरेचक गांव से आरंभ हो कर करगिल में सियाचिन हिमखंड से जा मिलने वाली एलओसी अर्थात नियंत्रण रेखा आज विश्व में सबसे अधिक खतरनाक मानी जाती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता होगा जिस दिन दोनों पक्षों में गोलाबारी की घटना न होती हो। यही कारण है कि इसे विश्व में जीवित जंग के मैदान के रूप में भी जाना जाता है। रोचक बात यह है कि कहीं भी सीमा का कोई पक्का निशान नहीं है कि जिसे देख कर कोई अंदाज लगा सके कि आखिर सीमा रेखा है कहां। कई जगह घने चीड़ व देवदार के वृक्षों ने सीमा को इस तरह से घेर कर रखा है कि सूर्य की किरणें भी सीमा पर नजर नहीं आती। इसी तरह करगिल से सियाचिन तक बर्फ से ढके पहाड़ साल के बारह महीनों मानव की पहुंच को कठिन बनाते हैं। सीमा की अगर किसी को पहचान है तो उन सैनिकों को, जो विषम परिस्थितियों में भी सीमा पर नजरें जमाए हुए हैं। उनकी अंगुलियां ही यह बता सकने में सक्षम हैं कि आखिर एलओसी है कहां जो



अदृश्य रूप में कायम है और पूरे विश्व में चर्चा का विषय है।

अधिकतर लोग समझ नहीं पाते कि भारत पाक एलओसी व भारत पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा में अंतर क्या है। दरअसल भारत पाक एलओसी वह सीमा है जिसे सही मायनों में युद्धविराम रेखा कहा जाना चाहिए। दोनों देशों की सेनाएं इस रेखा पर एक दूसरे के आमने सामने हैं और युद्ध की स्थिति हर पल बनी रहती है।

और यही अदृश्य रेखा जिसे एलओसी अर्थात लाइन आफ कंट्रोल या नियंत्रण रेखा का नाम इसलिए दिया गया है क्योंकि एक ओर पाकिस्तानी सेना का नियंत्रण है तो दूसरी ओर भारतीय सेना का। लेकिन यह सच्चाई है कि उन लोगों पर दोनों ही सेनाओं में से किसी का भी नियंत्रण नहीं है। उनके आधे रिश्तेदार पाकिस्तान में हैं तो आधे भारत में। यही कारण है कि एलओसी के आर-पार आने-जाने वालों का जो सिलसिला 1947 के बंटवारे के उपरांत आरंभ हुआ था वह अनवरत रूप से जारी है।

इस अदृश्य रेखा रूपी एलओसी का दुखद पहलू यह है कि यह हमेशा ही आग उगलती रहती है जिसमें कमी तो नहीं आई है पिछले 77 सालों के भीतर मगर तेजी हमेशा ही आती रही है। इसी तेजी का अंग कभी छोटे हथियारों से की जाने वाली गोलीबारी है तो कभी बड़े तोपखानों से की जाने वाली गोलाबारी। इसी दुखद पहलू का परिणाम किसी और को नहीं बल्कि एलओसी की परिस्थितियों से जूझ रहे आम नागरिकों को जूझना पड़ता है। विश्व में यही एक ऐसी सीमा रेखा है दो देशों के बीच जहां स्थिति पर नियंत्रण करना किसी भी देश की सेना के बस की बात नहीं है क्योंकि उबड़-खाबड़ पहाड़, गहरी खाईयां, घने जंगल आदि सब मिल कर जिन भौगोलिक परिस्थितियों की भूल भुलैइया का निर्माण करते हैं उन पर सिर्फ हिन्दुस्तानी सेना ही काबू पाने में कामयाब हुई है। हालांकि पाकिस्तानी सेना भी एलओसी पर नियंत्रण रखती है लेकिन उसे इतनी कठिनाईयों का सामना इसलिए नहीं करना पड़ता है क्योंकि उसके अग्रिम ठिकानों से सड़क मार्ग और मैदानी क्षेत्र अधिक दूर नहीं हैं तो साथ ही में वह किसी प्रकार की तस्करी तथा घुसपैठ की समस्या से दो-चार इसलिए नहीं हो रही क्योंकि वह आप ही इन्हें बढ़ावा देती रही है।

# अजीबो गरीब हैं जम्मू-कश्मीर की सीमाएं

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में दो देशों-पाकिस्तान तथा चीन-की कुल 2062 किमी लम्बी सीमा लगती है। हालांकि इसमें से 1202 किमी लम्बी सीमा तो सबसे खतरनाक है जो पाकिस्तान के साथ सटी हुई है क्योंकि यह दिन रात आग उगलती रहती है। देश की जनता के लिए सीमा, सीमा ही होती है लेकिन वह यह नहीं समझ पाती है कि आखिर पाकिस्तान के साथ लगने वाली सीमा पर तोपें आग क्यों उगलती रहती हैं। पाकिस्तान के साथ लगने वाली सीमा तीन किस्म की है।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा

पाकिस्तान के साथ जम्मू कश्मीर की 264 किमी लम्बी अंतरराष्ट्रीय सीमा भी है जो पंजाब राज्य के पहाड़पुर क्षेत्र से आरंभ होकर अखनूर सैक्टर में मनावर तवी के भूरेचक गांव तक जाती है। इसे अंतरराष्ट्रीय सीमा का नाम इसलिए दिया गया है क्योंकि इस पर संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्ववधान में सीमा बुर्जियों की स्थापना की गई है। अर्थात इस पर निशानदेही की गई है जो यह दर्शाती है कि दोनों देशों की हद यहां तक आकर खत्म होती है। और इस सीमा पर अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए कभी भी गोलीबारी न करने के निर्देश होते हैं जिसकी उल्लंघना पाकिस्तानी सेना की ओर से की जा रही है।

पाकिस्तान से सटी 264 किमी लम्बी अंतरराष्ट्रीय सीमा का एक चौंकाने वाला पहलू यह भी है कि इसके भीतर भी कई स्थान ऐसे हैं जिन्हें वर्किंग बार्डर कहा जाता है। ऐसे स्थानों की संख्यां दस के करीब है। इन्हें वर्किंग बार्डर इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह सभी विवादास्पद क्षेत्र हैं। जिनमें कहीं सीमाबुर्जी का विवाद है तो कहीं कब्रिस्तान का। तो कहीं खेतीबाड़ी करने वाली जमीन का।

### एलओसी अर्थात नियंत्रण रेखा बनाम युद्ध विराम रेखा

वर्ष 1949 में पाकिस्तान तथा भारत के बीच हुए कराची समझौते के अंतर्गत युद्ध को रोकने के बाद जो सीमा का निर्धारण किया गया था युद्धक्षेत्रों में उसे युद्धविराम रेखा अर्थात नियंत्रण रेखा के नाम से जाना



जाता है। इसके मायने यही होते हैं कि युद्ध विराम के समय जिसका जिस स्थान पर कब्जा था वह वहीं तक रहेगा और इस प्रकार दोनों देशों के बीच इस युद्ध विराम रेखा अर्थात् नियंत्रण रेखा अर्थात मानसिक व अदृश्य रूप से दोनों देशों को बांटने वाली रेखा की लम्बाई 814 किमी है जो अखनूर सेक्टर के मनावर तवी के क्षेत्र के भूरेचक गांव से आरंभ होकर करगिल सेक्टर के उस स्थान पर जाकर समाप्त होती है जहां से सियाचिन हिमखंड की सीमा आरंभ होती है। जिस स्थान पर यह नियंत्रण रेखा समाप्त होती है उस स्थान को एनजे-9842 का नाम दिया गया है जिसके मतलब हैं-पूर्वी अक्षांश पर 98 डिग्री और उत्तरी अक्षांश पर 42 डिग्री। जबकि इस नियंत्रण रेखा का रोचक पहलू यह है कि इस नियंत्रण रेखा पर पिछले 77 सालों में गोलीबारी कभी भी रूकी नहीं है जो अब जंग में तब्दील हो चुकी है।

वास्तविक जमीनी कब्जे वाली रेखा6एजीपीएल8

एजीपीएल अर्थात् सियाचिन हिमखंड की सीमा रेखा। जो 124 किमी लम्बी है। इसकी शुरूआत एनजे-9842 से आरंभ होती है और भारतीय दावे के अनुसार इसका अंतिम छोर के-2 पर्वत की चोटी के बाईं ओर इंद्र श्रृंखला के पास है तो पाकिस्तानी दावे के अनुसार यह एनजे-9842 के निशान से सीधे काराकोरम दर्रे पर जाकर खत्म होती है और यही झगड़ा 1984 से आरंभ हुआ है जिसका परिणाम यह है कि इस करीब 110 वर्ग किमी के लम्बे क्षेत्र में दोनों ही देशों के बीच विश्व के इस सबसे ऊंचे युद्धस्थल पर मूंछ की लड़ाई जारी है जिस पर प्रतिमाह कई सौ करोड़ रूपयों से अधिक का खर्चा भारतीय पक्ष को करना पड़ रहा है और इतना ही पाकिस्तानी पक्ष को भी।

#### पाकिस्तान से लगी जम्मू कश्मीर की सीमा

| | |
|---|---|
| अंतरराष्ट्रीय सीमा | 264 किमी |
| नियंत्रण रेखा | 814 किमी |
| एजीपीएल | 124 किमी |

#### जम्मू कश्मीर का क्षेत्र

| | |
|---|---|
| भारत के साथ | 1,39,000 वर्ग किमी |
| पाक के साथ | 86,500 वर्ग किमी |

# शोभीपुर ही नहीं, पत्रकारिता जगत की शोभा थे बाबू शेष नारायण सिंह

**शोभीपुर/सुल्तानपुर,** 8 मई (देशबंधु)। देशबन्धु के पोलिटिकल एडिटर रहे शेष नारायण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर उनके गांव शोभीपुर में कार्यक्रम हुआ। सुबह से देर शाम तक श्रद्धांजलि देने वालों का आगमन होता रहा। रूंधे गले से लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

देशबंधु संवाददाता ओम प्रकाश सिंह के शब्दों में कार्यक्रम को जानिए। जाना सबको है। कुछ शून्य में मिल जाते हैं तो कुछ अपनी यादों, कर्मों पर 'शेष' रह जाते हैं। शेष रह जाने वालों में एक नाम है देश के वरिष्ठ पत्रकार रहे बाबू शेष नारायण सिंह का। कोरोना से लड़ते हुए चार साल पहले सात मई को उन्होंने इहलोक से विदा ले लिया था। बाबू शेष नारायण सिंह उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जनपद में शोभीपुर के रहने वाले थे। लंभुआ से जब आप कादीपुर की तरफ लगभग ढाई किमी चलेंगे तो उनकी याद में स्मृति द्वार बना है। क्षेत्रीय विधायक ने बनवाया है। इस स्मृति द्वार से सौ मीटर आगे सड़क किनारे बायीं तरफ शेष नारायण सिंह के आवासीय परिसर में जाने के लिए एक विशाल गेट है। अंदर प्रवेश करने पर बाएं हाथ बैठकी के लिए एक छप्पर है। विभिन्न प्रकार







के आम, अमरुद, कटहल, रामफल के पौधों से सुसज्जित विशाल प्राकृतिक हाता है। इसी हाते में उनकी चौथी पुण्यतिथि मनी। हाते के बाद पुराने व नए आवास में जाने के लिए गेट है। प्रवेश करने पर सामने श्याम कुंवरि आवास है जिसे शेष नारायण सिंह ने बनवाया था। बाएं हाथ पर खपरैल वाला पुश्तैनी आवास है। जहां शेष नारायण सिंह जन्मे और शोभीपुर का नाम देश दुनिया में रोशन किया। सामने एक मोटे तने वाला नीम का पेड़ है, जिसे उन्होंने अपने हाथ से लगाया था। इसके चबूतरे पर देश दुनिया के कई बड़े पत्रकार बैठकर गांव जहान की बातें कर चुके हैं। बाबू शेष नारायण सिंह के छोटे भाई सूबेदार सिंह रूंधे गले से बताते हैं कि भइया को नीम के इस पेड़ से बड़ा प्रेम था। एक बार उन्होंने भइया से कहा इसे कटवा देते हैं तो भइया ने कहा कितना पैसा मिल जाएगा। जवाब था लगभग पांच हजार तो बाबू शेषनारायण सिंह ने कहा हमसे पंद्रह हजार लो लेकिन यह कटना नहीं चाहिए। पुण्यतिथि के अवसर पर अयोध्या के पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय, बाबू शेषनारायण सिंह के साथ 15 सितम्बर 1973 को मुंशी गेस्ट हाउस गोरखपुर विश्वविद्यालय में नौकरी का प्रथम इंटरव्यू देने वाले बड़े लेखकों में शुमार, संस्कृत हिंदी के विद्वान सुशील कुमार पांडेय साहित्येन्दु, बाबू अनिल सिंह के साथ हमने भी नीम पेड़ के नीचे दाल चावल ग्रहण किया। बाबू शेषनारायण सिंह की छोटी बिटिया टिनीचा व परिवारीजनों ने स्वयं भोजन परोसा। पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शोभीपुर पढ़े लिखे लोगों का गांव है। यह इसलिए भी है कि बाबू शेष नारायण सिंह 'शिक्षित बनो' के पर्यायवाची थे।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 1.05 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.81 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.80 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.69 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.21 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 3.14 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.85 प्रतिशत |
| मारुति | 2.04 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.86 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.81 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 96,024 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,600 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# आयात घटाने व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में जैव ईंधन अहम : गडकरी

■ भविष्य के लिए एक बड़ा बाजार बनेगा सस्टेनेबल विमानन ईंधन

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को देशव्यापी जैव ईंधन क्रांति की वकालत की। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने इसे भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने, जीवाश्म ईंधन के बड़े पैमाने पर आयात को कम करने और वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सदी में एक बार मिलने वाला अवसर बताया।

इंटरनेशनल समिट एक्सपो ऑन बायोएनर्जी वैल्यू चेन में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि कृषि अपशिष्ट, फसल अवशेष, बांस और बायोमास को हरित ईंधन और वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स में बदला जाए। गडकरी ने भारत के 22 लाख करोड़ रुपए के जीवाश्म ईंधन आयात बिल में कटौती करने, फसल अपशिष्टों को जलाने और वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन से होने वाले प्रदूषण को कम करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि भारत



**अब समय आ गया है कि कृषि अपशिष्ट, फसल अवशेष, बांस व बायोमास को हरित ईंधन और वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स में बदला जाए : नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री**

को ऊर्जा आयातक से ऊर्जा निर्यातक बनना होगा, सस्टेनेबल जैव ऊर्जा पहल के माध्यम से इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने विमानन जैव ईंधन के क्षेत्र में सफलता के लिए ब्राजील की प्रशंसा की और कहा कि भारत ने भी अपने हवाई अड्डों पर इसी प्रकार के ईंधन विकल्पों को लागू करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सस्टेनेबल विमानन ईंधन भविष्य के लिए एक बड़ा बाजार है। उन्होंने क्वालिटी रिसर्च और आर्थिक रूप से व्यवहार्य टेक्नोलॉजी की जरूरत पर बल दिया। उत्तर भारत में पराली जलाने के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि इसे समस्या के रूप में नहीं बल्कि अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा से प्राप्त चावल के भूसे को बायो-सीएनजी, इथेनॉल, बायो-बिटुमेन और यहां तक कि विमानन ईंधन में भी बदला जा सकता है। उन्होंने इंडियन ऑयल की मानपुर परियोजना को एक सफल उदाहरण बताया, जो हर साल दो लाख टन फसल अपशिष्ट को उच्च मूल्य वाले ईंधन में बदल देती है।

## मस्क की कंपनी को मिला एलओआई

**नई दिल्ली।** दिग्गज अरबपति कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक भारत में इंटरनेट सेवा शुरू करने के और करीब आ गई है। कंपनी को डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम (डीओटी) से लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) मिल गया है। स्टारलिंक द्वारा सैटकॉम ऑपरेटरों के लिए नए राष्ट्रीय सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने पर सहमति जताने के बाद प्रारंभिक मंजूरी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि स्टारलिंक को अब भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) से एप्रूवल की आवश्यकता है और सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सर्विस स्पेक्ट्रम आवंटित किए जाने से पहले ही कंपनी ने इसके लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए हैं। पिछले महीने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश में कंपनी की निवेश योजनाओं पर चर्चा करने के लिए स्टारलिंक के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक के बाद गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया कि स्टारलिंक के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसमें उपाध्यक्ष चाड गिब्स और वरिष्ठ निदेशक रयान गुडनाइट शामिल थे। बैठक में स्टारलिंक के अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, उनकी मौजूदा साझेदारियों और भारत में भविष्य की निवेश योजनाओं पर चर्चा हुई।



## सीसीआई ने ई-कॉमर्स व क्विक कॉमर्स में कीमत निर्धारण को लेकर सख्त किए नियम

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स सेक्टरों में अनुचित मूल्य निर्धारण से निपटने के लिए नए नियम लागू किए हैं।

इन नियमों का उद्देश्य बड़े ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म की ओर से अपनाई जाने वाली जीरो-प्राइसिंग जैसी नीतियों के संबंध में बढ़ती चिंताओं पर अंकुश लगाना है। नए फ्रेमवर्क के तहत 2009 के मौजूदा लागत नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। इसमें सभी सेक्टरों में गैर-प्रतिस्पर्धी कीमतों का आकलन करने के लिए एक स्पष्ट कार्यप्रणाली दी गई है। नए नियम 7 मई से लागू हो चुके हैं। नए नियमों के तहत अनुचित कीमत की पहचान के लिए औसत परिवर्तनीय लागत को प्राइमरी बेंचमार्क माना जाएगा।




■ 2009 के मौजूदा लागत नियमों में किया गया बदलाव
■ 7 मई से लागू हो चुके है नए नियम

हालांकि, सीसीआई के पास वैकल्पिक लागत उपायों का उपयोग करने का विवेकाधिकार रहेगा, जिसमें औसत कुल लागत, औसत टालने योग्य लागत या दीर्घकालिक औसत वृद्धिशील लागत शामिल हैं और इनका निर्धारण उद्योग की विशिष्टताओं और मामले की जटिलताओं पर निर्भर करता है। जांच प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए जांच के दायरे में आने वाली कंपनियों को अब अपने खर्च पर स्वतंत्र विशेषज्ञों की मदद लेकर लागत आकलन को चुनौती देने का अधिकार होगा।

यह कदम आक्रामक मूल्य निर्धारण रणनीतियों पर नियामकीय निगरानी बढ़ाने का संकेत देता है। इससे छोटी कंपनियों को भी बड़ी कंपनियों की तरह अपने उत्पादों को उपभोक्ताओं के सामने रखने के लिए समान अवसर मिलेंगे।

## केंद्र ने नॉन-फेरस मेटल रिसाइक्लिंग इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए लांच किया पोर्टल

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने भारत में व्यवस्थित, पारदर्शी और टिकाऊ पुनर्चक्रण (रिसाइकलिंग) इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एक नॉन-फेरस मेटल रिसाइकलिंग वेबसाइट और हितधारक पोर्टल लॉन्च किया। नॉन-फेरस मेटल यानी अलौह धातु वे होती हैं, जिनमें लोहे की मात्रा या तो बहुत कम होती है या बिल्कुल भी नहीं होती है। एल्युमिनियम, कॉपर, जिंक और टिन नॉन-फेरस मेटल के उदाहरण हैं।


इस पोर्टल को कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे और खान मंत्रालय और जेएनएआरडीडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में लॉन्च



किया गया। इस पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं में डिस्मेंटलर्स, रिसाइक्लर्स, ट्रेडर्स और कलेक्शन सेंटर्स की नेशनल रजिस्ट्री, रॉ मटीरियल फ्लो, प्रोडक्ट टाइप, टेक्नोलॉजी अडॉप्शन और वर्कफोर्स डेटा को ट्रैक करने के लिए टूल्स; परफॉर्मेंस बेंचमार्किंग मैकेनिज्म; रीजनल, सेक्टोरल इंफ्रास्ट्रक्चर और स्किल गैप की पहचान; स्टैंडर्ड्स, सर्टिफिकेशन सिस्टम और जागरूकता अभियानों के विकास का समर्थन शामिल है।

# केंद्र ने क्लाइमेट फाइनेंस टैक्सोनॉमी को विकसित करने के लिए मांगे विचार

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने भारत के जलवायु वित्त वर्गीकरण (क्लाइमेट फाइनेंस टैक्सोनॉमी) के विकास के लिए ड्राफ्ट फ्रेमवर्क पर एक्सपर्ट्स के कमेंट्स को आमंत्रित किया। इसका उद्देश्य क्लाइमेट-फ्रेंडली टेक्नोलॉजीज और गतिविधियों के लिए ज्यादा रिसोर्स फ्लो की सुविधा लाना है ताकि देश के 2070 तक शुद्ध शून्य (नेट जीरो) उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल किया जा सके। केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि हम जलवायु अनुकूलन के लिए पूंजी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए क्लाइमेट फाइनेंस के लिए एक टैक्सोनॉमी विकसित करेंगे। यह देश



की जलवायु प्रतिबद्धताओं और ग्रीन ट्रांजिशन की प्राप्ति का समर्थन करेगा।

इस घोषणा के बाद ही क्लाइमेट फाइनेंस टैक्सोनॉमी का एक ड्राफ्ट फ्रेमवर्क विकसित किया गया है। यह फ्रेमवर्क दृष्टिकोण, उद्देश्यों और सिद्धांतों को रेखांकित करता है, जो टैक्सोनॉमी का मार्गदर्शन करेंगे।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इसमें भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं में योगदान देने वाली गतिविधियों, परियोजनाओं और उपायों को वर्गीकृत

■ क्लाइमेट-फ्रेंडली टेक्नोलॉजीज व गतिविधियों के लिए ज्यादा रिसोर्स फ्लो की सुविधा लाना है उद्देश्य

करने की कार्यप्रणाली का भी विवरण दिया गया है। साथ ही 2047 तक विकसित भारत को प्राप्त करने से जुड़े लक्ष्यों को भी ध्यान में रखा गया है।

बयान में कहा गया है कि ड्राफ्ट फ्रेमवर्क क्षेत्रीय अनुबंधों (सेक्टोरल एनेक्सर्स) को विकसित करने का आधार होगी, जो जलवायु-समर्थक माने जाने वाले उपायों, गतिविधियों, परियोजनाओं और ट्रांजिशन को बढ़ावा देने के लिए पहचाने जाने वाले उपायों की रूपरेखा तैयार करेगी।

## सार संक्षेप

### अवाना कैपिटल ने हाई टाइम फूड्स में किया निवेश

**बेंगलुरु।** वेंचर कैपिटल फंड अवाना कैपिटल ने भारत से वैश्विक स्तर पर किफायती और प्रशीतन-मुक्त संयंत्र प्रोटीन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फूड-टेक स्टार्टअप हाई टाइम फूड्स के सीड फंडिंग राउंड का नेतृत्व करते हुए 12 लाख डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपए) का निवेश किया है। हाई टाइम फूड्स के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आकाश शाह ने कहा कि हम भारत से दुनिया की सबसे बड़ी संयंत्र-आधारित खाद्य कंपनी बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं ताकि हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण प्रोटीन सुलभ हो सके। हम ऐसे मूल्य पर लांच कर रहे हैं, जो अंततः मांस से भी सस्ता होगा। अवाना कैपिटल की निवेश निदेशक श्रुति श्रीवास्तव ने कहा कि हाई टाइम सस्ती, स्केलेबल और टिकाऊ प्रोटीन की समस्या को हल कर रहा है। इनका नवाचार उन बाजारों के लिए बेहद प्रासंगिक है, जहां कोल्ड चेन सपोर्ट सीमित है।

### एशियन पेंट्स का तिमाही मुनाफा 45.04 प्रतिशत लुढ़का

**मुंबई।** घरों के रंग, सजावट और फिटिंग का निर्माण करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी एशियन पेंट्स लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 1275.30 करोड़ रुपए के मुकाबले 45.05 प्रतिशत लुढ़ककर 700.83 करोड़ रुपए पर आ गया। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में उसे 700.83 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के 1275.30 करोड़ रुपए के मुकाबले 45.05 प्रतिशत कम है। इस अवधि में उसकी कुल आय 8917.87 करोड़ रुपए से 5.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8458.76 करोड़ रुपए रह गई। वहीं, उसका कुल व्यय 7319.10 करोड़ रुपए से 0.6 प्रतिशत कम होकर 7276.60 करोड़ रुपए पर आ गया।

### गोल्ड खरीदारों के लिए खुशखबरी, कम हुई कीमत


**नई दिल्ली।** सोने के खरीदारों के लिए खुशखबरी है और गुरुवार को सोने के दाम में 1,400 रुपए से अधिक की गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 1,402 रुपए घटकर 96,024 रुपए हो गया है, जो कि इससे पहले 97,426 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 22 अप्रैल को 24 कैरेट सोने का भाव 1,00,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। वहीं, 22 कैरेट सोने का दाम कम होकर 93,720 रुपए प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 85,460 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोने का भाव कम होकर 77,780 रुपए प्रति 10 ग्राम है। सोने की कीमतों में कमी आने की वजह इंटरनेशनल बाजार में दाम गिरना है।

# चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

■ सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 80,334.81 अंक पर रहा
■ निफ्टी 0.58 प्रतिशत लुढ़ककर 24273.80 अंक पर बंद

**मुंबई,** 8 मई (एजेंसियां)। विश्व बाजार में तेजी रहने के बावजूद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से सतर्क निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 411.97 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 80,334.81 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.60 अंक यानी 0.58 प्रतिशत लुढ़ककर 24273.80 अंक पर आ गया।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1.90 अंक प्रतिशत की गिरावट लेकर 42,154.47 अंक और स्मॉलकैप 1.05 प्रतिशत टूटकर 46,882.73 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4032 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2548 में बिकवाली जबकि 1349 में लिवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2935 कंपनियों में से 2027 में गिरावट जबकि 820 में तेजी रही वहीं 88 में टिकाव रहा।




विश्लेषकों के अनुसार, फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को यथावत रखने के निर्णय तथा मुद्रास्फीति एवं श्रम बाजार को लेकर सख्त रुख अपनाने के बावजूद डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के बिडेन युग के एआई चिप प्रतिबंधों को हटाने पर विचार करने की रिपोर्ट आने से विश्व बाजार में तेजी का रुख रहा। लेकिन, भारत द्वारा सीमा पार और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाए जाने की खबर से निवेशकों में सतर्कता रही, जिससे बाजार पर दबाव रहा। हालांकि विश्लेषकों का मानना है कि आगे अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में संभावित प्रगति से निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को अल्पकालिक राहत मिल सकती है, जिससे बाजार को कुछ स्थिरता मिलेगी। विश्व बाजार में लिवाली का जोर रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26, जर्मनी का डैक्स 1.17, जापान का निक्केई 0.41, हांगकांग का हैंगसेंग 0.37 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.28 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 166 अंक की तेजी के साथ 80,912.34 अंक पर खुला और दमदार लिवाली के दम पर दोपहर से पहले 80,927.99 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने नुकसान उठाया उनमें इटरनल 3.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.85, मारुति 2.04, बजाज फाइनेंस 1.86, टाटा स्टील 1.81, एशियन पेंट 1.29, भारती एयरटेल 1.23, बजाज फिनसर्व 1.14, पावरग्रिड 1.09, एसबीआई 0.95, एचडीएफसी बैंक 0.94, इंडसइंड बैंक 0.94, सन फार्मा 0.85, एनटीपीसी 0.72, अडानी पोर्ट्स 0.62, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.62, आईसीआईसीआई बैंक 0.60, नेस्ले इंडिया 0.34, अल्ट्रासिम्को 0.23, रिलायंस 0.08, टेक महिंद्रा 0.08, आईटीसी 0.07 और एलटी 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एचसीएल टेक 1.05, कोटक बैंक 0.81, एक्सिस बैंक 0.80, टाइटन 0.69, टाटा मोटर्स 0.21, इंफोसिस 0.18 और टीसीएस के शेयर 0.07 प्रतिशत लाभ में रहे।

## अमेजन फ्रेश के साथ अपनी समर बॉस्केट् को करें फुल


गुरुग्राम। सूरज की तपिश बढ़ने के साथ, सीजन के बेस्टा डिलाइट्स से अपनी कार्ट और अपनी बचत को बढ़ाएं। फिर बात चाहे रसीले, फार्म-फ्रेश आम का स्टॉलक जमा करने की हों या आपके मपनपसंद स्नैक्स के साथ आईपीएल मैच का लुत्फ उठाने की, अमेज़न फ्रेश सीधे आपके घर पर 2 घंटे में सुपर फॉस्टन डिलीवरी एवं विश्वसनीय और स्लॉ टेड डिलीवरी सुविधा के साथ अल्टी्मेट सीजनल बचत प्रदान करता है। वीकली सुपर वैल्यू डेज़ के साथ, हर शुक्रवार से रविवार तक ग्राहक किराने के सामान पर बड़ी बचत के साथ शानदार डील और वैल्यू ऑफर का आनंद उठा सकते हैं।

अमेजन फ्रेश द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए मैंगो मेनिया स्टोर से इस मौसम के सबसे मीठे उत्पोदों का लुत्फ़ उठाएँ और आम की 10 से ज़्यादा किस्मों, मिठाइयों, कैंडीज़, ड्रिंक्स और अन्यप पर बड़ी बचत पाएं। सीधे 260 से ज़्यादा भरोसेमंद किसानों से लिए गए इन आमों को प्राकृतिक तरीकों से पकाया गया है और इनमें कार्बाइड का उपयोग नहीं किया गया है। इनकी गुणवत्ताो की जांच चार चरण वाली प्रक्रिया से की जाती है। अमेजन फ्रेश पर कोका कोला और हेरिटेज द्वारा प्रायोजित, क्रिकेट रेडी स्टोर मैच के हर दिन के लिए एक डेडिकेटेड स्नैकिंग डेस्टिनेशन प्रदान करता है, जिसमें चिप्स, पेय पदार्थ, रेडी-टू-ईट ट्रीट और अन्य ढेर सारी मजेदार चीजें मिलती हैं; स्वाद और बचत को सीधे आपके घर तक पहुँचाया जाता है। ग्राहक इन गर्मियों में क्वालिटी वॉल्स, नेस्कैफे, रियल, कोका कोला, मिल्की मिस्ट, प्लक, लेज़ जैसे शीर्ष ब्रांड पर 40प्रतिशत तक की और आइसक्रीम पर 50प्रतिशत तक की छूट भी पा सकते हैं।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 3770 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट की तेजी के साथ 47.85 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 219 रुपये और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि पाम ऑयल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता

# भारत के वस्त्र क्षेत्र के लिए बनेगा गेम-चेंजर

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को भारत की अर्थव्यवस्था, खासकर परिधान और वस्त्र क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। इस समझौते के अंतर्गत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ हटा दिए गए हैं, जिससे भारतीय उत्पादों के लिए यूके जैसे प्रीमियम बाजार में बड़े स्तर पर नए अवसर खुलेंगे।

यह समझौता परिधान, वस्त्र, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, जूते, खिलौने आदि जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को खास फायदा देगा। खास तौर पर परिधान और वस्त्र उद्योग के लिए यह समझौता बड़ी व्यापारिक बाधाओं को हटाता है, बाजार की पहुंच बढ़ाता है। यह भारत को एक ग्लोबल हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारतीय हस्तकला और नवाचार को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुसार है। डॉ. ए. सक्थिवेल, चेयरमैन,



अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल ने इस समझौते का स्वागत किया और माननीय प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस ऐतिहासिक समझौते के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो भारत के वस्त्र निर्यात को नई रफ्तार देगी और इस क्षेत्र में रोजगार व विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता भारत को ग्लोबल परिधान और वस्त्र हब के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी, खासकर ब्रेग्ज़िट के बाद यूरोप में भारत की व्यापार मौजूदगी को और मजबूत बनाएगी।

मुक्त व्यापार समझौता सिर्फ माल के व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि यह सेवाओं के लिए भी नए रास्ते खोलता है, जिससे भारतीय डिजाइनर, पेशेवर और स्टार्टअप्स को अंतरराष्ट्रीय फैशन और खुदरा बाजार से जुड़ने का मौका मिलेगा। इस समधौते की एक और खास बात यह है कि यूके में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों को तीन साल तक सामाजिक सुरक्षा में योगदान से छूट मिलेगी, जिससे उन्हें अधिक आमदनी होगी और दोनों देशों के बीच कौशल आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता न सिर्फ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करता है, बल्कि युवा और महत्वाकांक्षी भारतीयों के लिए वैश्विक अवसरों के नए रास्ते भी खोलता है।

■ भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ हटा दिए गए
■ भारत के वस्त्र निर्यात को मिलेगी नई रफ्तार

# खेल जगत

## यात्रा और व्यस्त कार्यक्रम के कारण आईपीएल में खेलना चुनौतीपूर्ण है : स्टार्क

**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा कि लगातार यात्रा और व्यस्त कार्यक्रम के कारण 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना चुनौतीपूर्ण है। स्टार्क अब तक टूर्नामेंट में डीसी के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, उन्होंने 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। उन्होंने ब्रॉडकास्टर्स से बातचीत में कहा कि आपके पास एक ही स्थान पर सभी बेहतरीन खिलाड़ी हैं, यात्रा और खेल के कारण यह काफी कठिन है। यह उन दिनों में से एक है, जब आप सब कुछ अलग-अलग करके अपना काम शुरू करते हैं। डीसी सेट-अप में अपनी भूमिका और इम्पैक्ट प्लेयर नियम के उपयोग के बारे में बात करते हुए, स्टार्क ने कहा कि हमलावर बनो - कई बार कई प्रारूपों में यही मेरी भूमिका रही है।



# आरसीबी प्ले ऑफ में स्थान बनाने से मात्र एक कदम दूर

■ लखनऊ की कोशिश आरसीबी के खिलाफ मैच सहित बाकी तीनों मैच जीतने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। विराट कोहली के दनादन क्रिकेट में नए अंदाज से बल्लेबाजी कर अब तक जड़े सात बेहतरीन अर्द्धशतकों की बदौलत अपने पिछले लगातार चार सहित 11 में से कुल आठ मैच जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) गुजरात टाइटंस की तरह 16 अंकों के बावजूद अपनी कमतर नेट रन रेट के चलते 2025 आईपीएल में दूसरे स्थान पर है और प्ले ऑफ से बस एक जीत दूर है। आरसीबी अब लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) से लखनऊ में शुक्रवार का मैच जीत लेती है तो उसके 12 मैचों में नौ जीत के साथ 18 अंकों हो जाएंगे और उसका प्ले ऑफ में स्थान पक्का हो जाएगा। आरसीबी के लिए एक अच्छी बात यह है कि उसे लखनऊ सुपर जायंटस के बाद अपने बाकी दो मैच अब बाहर हो चुकी सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से अपने घर बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलने है। आरसीबी की कोशिश 11 मैचों से मात्र 10 अंकों के साथ सातवें स्थान पर चल रही लखनउ सुपर जायंटस से शुक्रवार को और इससे अगले दो मैचों में से एक और जीत कर 20 अंकों के साथ शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का करने पर रहेगी। अब फिलहाल शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस (11 मैच, 16 अंक), दूसरे स्थान पर चल रही आरसीबी और पंजाब सुपर किंग्स (11 मैच, 15 अंक) कुल तीन टीमें ही 20 या इससे ज्यादा अंक पर लीग का समापन कर सकती हैं। आरसीबी ने अपने पिछले मैच में अपने घर बेंगलुरू में विराट और उनके सलामी जोड़ीदार 21 बरस के जैकब बैथल और रोमारियो शेफर्ड के अर्द्धशतकों की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट पर 213 रन बनाने के बाद नवोदित आयुष म्हात्रे (94) और रवींद्र जडेजा (77) के तेज अर्द्धशतकों के बावजूद सीएसके को 20ओवर में 5 विकेट पर 211 रन पर रोक कर दो रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी। वहीं लखनऊ सुपर जायंटस अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से उसके घर धर्मशाला में 37 रन से हार गई थी। लखनऊ सुपर जायंटस की टीम अपने पिछले लगातार तीन और पांच में से कुल चार मैच हार प्ले ऑफ की होड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। लखनऊ सुपर जायंटस यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो उसके अधिकतम 16 अंक हो सकते है और वह यही आस कर सकती है बाकी टीमें अचानक लय खो दें। लखनउ सुपर जायंटस की नेट रन -0.469 बेहद कमजोर है। लखनऊ सुपर जायंटस की कोशिश आरसीबी के खिलाफ मैच सहित बाकी तीनों मैच की होगी।

### हमारे लिए अब बाकी तीनों मैच अहम : पाटीदार

सीएसके खिलाफ हमारा मैच खासा करीबी रहा। हमारे लिए अब बाकी तीनों मैच अहम हैं। हमारी जीत का श्रेय हमारे बल्लेबाजों की बढ़िया बल्लेबाजी को है। साथ ही हमारे गेंदबाजों ने बहुत सूझबूझ और पूरी शिद्दत से गेंदबाजी की। यश दयाल आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों के लिए हमारे मुख्य गेंदबाज हैं। हम पहले ही तय कर चुके थे कि आखिर ओवर यश दयाल से ही कराना है और वह सीएसके खिलाफ मैच में खरे उतरे। मुझे लेग स्पिनर सुयश शर्मा पर भरोसा है और वह हमारी आरसीबी टीम के लिए बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं। क्रीज पर उतरते ही जिस तरह शेफर्ड ने छक्के जड़े वह कतई आसान नहीं था। शेफर्ड के पास छक्के जड़ने की ताकत और कौशल है और हम सभी ने डगआउट में बैठ कर उनके छक्कों का आनंद लिया। लुंगी एंगिडी बहुत अनुभवी गेंदबाज हैं और मुझे उन पर भरोसा है।

### गलत समय कैच टपकाना बहुत अखरता है : पंत

पंजाब किंग्स ने हमारे सामने जीत के लिए बड़ा लक्ष्य रखा। गलत समय कैच टपकाना बहुत अखरता है। हमने शुरू में सही लेंग्थ नहीं पकड़ी। यह खेल का हिस्सा ह। हमारी कम ही सही पर उम्मीद बरकरार है। हम यदि बाकी तीनों मैच जीतते हैं तो हम तस्वीर बदल सकते हैं। हमें मैच को आखिर तक ले जाने की जरूरत है।

# मैंने अभी अपने भविष्य पर कोई निर्णय नहीं लिया है : धोनी

**कोलकाता,** 8 मई (एजेंसियां)। इस जुलाई में 44 साल का होने जा रहे एमएस धोनी ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि आईपीएल 2025 उनका आखिरी आईपीएल होगा या नहीं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली जीत के बाद धोनी ने कहा कि मैं साल में केवल दो महीने ही खेलता हूं। जब यह आईपीएल खत्म होगा, तो मुझे फिर से छह से आठ महीने में कड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि मैं देख सकूं कि मेरा शरीर इस तरह का दबाव झेलने के लिए फिट है या नहीं। तो अभी मेरे लिए कुछ तय करने जैसा नहीं है, लेकिन जहां भी मैं गया हूं, वहां मुझे प्यार और अपनापन मिला है। धोनी अभी सीमित क्षमता के साथ बल्लेबाजी कर रहे हैं। सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी कहा है कि उनके घुटने उन्हें ज्यादा देर बल्लेबाजी करने नहीं देते। बुधवार को, धोनी 13वें ओवर में मैदान पर आए, जब डेवाल्ड ब्रेविस एक आतिशी अर्धशतकीय पारी के बाद आउट हुए। उन्होंने शिवम दुबे का साथ निभाया और आखिरी ओवर में आंद्रे रसेल पर जरूरी छक्का लगाकर सीएसके को जीत दिलाई। इस जीत का आधार ब्रेविस और उनकी टीम के नए खिलाड़ी उर्विल पटेल ने रखा, जिन्होंने बुधवार को अपना आईपीएल डेब्यू किया। उर्विल ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा और फिर अपनी 11 गेंदों की 31 रन की पारी में तीन और छक्के लगाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 281.81 रहा।



मैं साल में केवल दो महीने ही खेलता हूं। जब यह आईपीएल खत्म होगा, तो मुझे फिर से छह से आठ महीने में कड़ी मेहनत करनी होगी : महेन्द्र सिंह धोनी

### धोनी अभी भी सीएसके के अहम खिलाड़ी : बांगड़

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संजय बांगड़ ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर दो विकेट से मिली रोमांचक जीत में एमएस धोनी के शांत स्वभाव और समझदारी की जमकर तारीफ की। बांगड़ ने कहा कि धोनी अब भी टीम के लिए मैच खत्म करने वाले सबसे अहम खिलाड़ी बने हुए हैं और कठिन हालात में भी उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल है। हाल के मैचों में उनका प्रदर्शन खासा असरदार रहा है। ईडन गार्डन्स में हुए इस मैच में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179/6 रन बनाए। जवाब में सीएसके के लिए डेवाल्ड ब्रेविस, ने 25 गेंदों में तेज 52 रन ठोककर टीम को मजबूत शुरुआत दी। इसके बाद शिवम दुबे और धोनी ने मिलकर आखिरी पलों में रन बनाते हुए मैच को रोमांचक मोड़ पर पहुंचाया। जब चेन्नई को 12 गेंदों में 18 रन चाहिए थे, तब केकेआर ने तेजी से वापसी की और दुबे (45 रन, 40 गेंद) और नूर अहमद को जल्दी-जल्दी आउट कर दिया। अब सीएसके को आखिरी ओवर में 8 रन चाहिए थे और सिर्फ दो विकेट बाकी थे। तभी धोनी ने पहली गेंद पर छक्का लगाकर दर्शकों को उनका पुराना रूप याद दिला दिया और टीम को जीत दिलाई।

# सचिन ने रोहित के टेस्ट करियर की सराहना की



| कुल मैच | रन | औसम | 50/100 |
|---|---|---|---|
| 67 | 4301 | 40.57 | 18/12 |

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रोहित शर्मा के शानदार टेस्ट करियर की सराहना की और उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने 2013 में ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ रोहित को टेस्ट कैप नंबर 280 प्रदान करने की याद भी ताजा की। रोहित ने अपने डेब्यू मैच में 177 रन बनाए और इसके बाद सीरीज के दूसरे टेस्ट में नाबाद 111 रन बनाए। दोनों ही मैच भारत ने एक पारी से जीते। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। यह तेंदुलकर का भारत के लिए आखिरी टेस्ट मैच भी था। तेंदुलकर ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, मुझे याद है कि 2013 में ईडन गार्डन्स में मैंने तुम्हें टेस्ट कैप दी थी और फिर दूसरे मैच में वानखेड़े स्टेडियम की बालकनी में तुम्हारे साथ खड़ा था-तुम्हारा सफर शानदार रहा है। तब से लेकर अब तक तुमने एक खिलाड़ी और एक कप्तान के तौर पर भारतीय क्रिकेट को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। रोहित, तुम्हारे टेस्ट करियर के लिए बधाई और आगे के लिए शुभकामनाएं। रोहित के बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले ने सभी को चौंका दिया, क्योंकि भारत की इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली है। हाल के मैचों में खराब फॉर्म के बावजूद उन्होंने 67 मैचों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाकर अपने टेस्ट करियर का अंत किया। पिछले कुछ सालों में उन्होंने 12 शतक और 18 अर्द्धशतक लगाए हैं, जिसमें अक्टूबर 2019 में रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 212 रन का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। रोहित ने खुद को वनडे फॉर्मेट में खेलने के लिए प्रतिबद्ध किया है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने पिछले साल टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20आई प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। उनके नेतृत्व में, भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती और टूर्नामेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। 2022 से भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में, रोहित ने बदलाव और चोटों के एक महत्वपूर्ण चरण के माध्यम से भारत का मार्गदर्शन किया।

### लाल गेंद से रोहित शर्मा का सफर शानदार रहा: बीसीसीआई



**मुंबई।** क्रिकेट में मध्यक्रम से लेकर भारत के सबसे बेहतरीन टेस्ट ओपनर तक रोहित शर्मा का लाल गेंद का सफर शानदार रहा। उन्होंने क्रिकेट के तीनों प्रारूप में टीम का नेतृत्व कर अपनी क्षमता का लौहा मनवाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को रोहित शर्मा को 'शानदार और प्रेरणादायक' टेस्ट करियर के लिए हार्दिक बधाई दी। जबकि वह अंतरराष्ट्रीय खेल में सबसे लंबे और सबसे छोटे प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखेंगे। रोहित टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके है। रोहित ने न केवल 4,301 टेस्ट रन, बल्कि एक ऐसी विरासत तय की जिसने देर से सफल होने के बावजूद और बड़ी सफलता का मतलब फिर से परिभाषित किया। रोहित ने 2013 में पर्दापण करने के बाद टेस्ट टीम में कई साल बिताए। वह इस धारणा से जूझते हुए कि वह केवल सफेद गेंद के विशेषज्ञ हैं। यह 2019 में निर्णायक रूप से बदल गया, जब उन्हें शीर्ष क्रम में पदोन्नत किया गया। इसके बाद जो हुआ वह एक शानदार दौर था जिसमें घरेलू मैदान पर शतक, इंग्लैंड में मास्टरक्लास और ऑस्ट्रेलिया में दमदार प्रदर्शन शामिल थे।

### गिल टेस्ट कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे



**मुंबई।** रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल भारतीय टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हो गए हैं। इंग्लैंड का दौरा एक पूर्णकालिक कप्तान के रूप में उनकी पहली सीरीज हो सकता है। यह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होगी। गिल की कप्तानी अब लगभग तय मानी जा रही है क्योंकि जसप्रीत बुमराह आगामी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के दौरान वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण कुछ मैचों से बाहर भी रह सकते हैं। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान थे और रोहित के न खेलने पर दो टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी भी की थी। इंग्लैड दौरे के लिए भारतीय टीम का चयन इस महीने के अंत में हो सकता है। यह सीरीज भारत के लिए अगले डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत होगी और ऐसे में चयनकर्ता दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ एक कप्तान चुनना चाहते हैं।

## सार संक्षेप

### 27 मई से इंदौर में शुरू होगी मध्य प्रदेश लीग

**इंदौर (मध्य प्रदेश)।** 27 मई से इंदौर के होलकर स्टेडियम में मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) का नवीनतम सीजन अपने नए कलेवर के साथ दर्शकों को रिझाने के लिए तैयार है। पूरे राज्य में जमीनी स्तर पर क्रिकेट प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही यह लीग इस बार पहले से भी ज्यादा भव्य और शानदार होने वाली है। क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऐसी लीग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दर्शक पुरुषों के मैचों के साथ ही महिला क्रिकेट क्रिकेट का भी लुत्फ ले पाएंगे। महिला प्रतियोगिता में तीन टीमें भाग लेंगी, जिनमें एक टीम राजधानी भोपाल की भी होगी। ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (जीडीसीए) द्वारा मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित पुरुषों की प्रतियोगिता में इस बार पिछले सीजन की पांच टीमों के मुकाबलों में बुंदेलखंड और चंबल क्षेत्र की दो और टीमों को जोड़ा गया है। लीग के बारे में बोलते हुए ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष महानारयमन राव सिंधिया ने कहा कि एमपीएल के साथ एक और शानदार वर्ष की शुरुआत होने जा रही है।

### लुआन-ड्रे प्रिटोरियस हुए आरआर में शामिल

**जयपुर।** दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को चोटिल नितीश राणा की जगह राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अपने दल में शामिल किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज प्रिटोरियस को 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर टीम में जगह दी गई। 19 वर्षीय प्रिटोरियस ने अभी तक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण नहीं किया है, लेकिन उन्होंने इस वर्ष के एसए-20 लीग के दौरान 12 मैचों में 166.80 की स्ट्राइक रेट के साथ सर्वाधिक 397 रन बनाए थे। पिछले वर्ष प्रिटोरियस अंडर-19 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। आरआर इस टूर्नामेंट से सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

## राजस्थान रॉयल्स ने चोटिल संदीप शर्मा की जगह नांद्रे बर्गर को चुना

**जयपुर,** 8 मई (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए संदीप शर्मा की चोट के कारण जगह लेने के लिए नांद्रे बर्गर को चुना है, फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। बाएं हाथ के दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज बर्गर, जिन्होंने पहले आईपीएल 2024 में आरआर के लिए खेला था और छह मैचों में सात विकेट लिए थे, 3.5 करोड़ रुपये में आरआर में शामिल हुए। इस सीजन में आरआर के लिए 10 मैच खेलने वाले संदीप को उंगली में फ्रैक्चर के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों से बाहर कर दिया गया है। पिछले महीने सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ आरआर के मुकाबले के दौरान संदीप को चोट लगी थी, जिसे उन्होंने आठ विकेट से जीता था। चोट लगने के बावजूद, तेज गेंदबाज ने अपना चार ओवर का स्पेल पूरा किया, जिसमें उनके आंकड़े 1-33 रहे। उस दिन किसी भी आरआर गेंदबाज के लिए उनका इकॉनमी रेट सबसे अच्छा था - 8.25 - और उन्होंने ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का विकेट भी लिया। फ्रेंचाइजी ने कहा कि उन्होंने पिछले मैच में इस चोट के साथ गेंदबाजी जारी रखने के लिए बहुत बहादुरी दिखाई और फ्रेंचाइजी में हर कोई उनके पूरी तरह से और जल्दी ठीक होने की कामना करता है।

## मानसिकता में बदलाव कोहली के लिए बहुत कारगर साबित हो रहा है : गावस्कर

■ कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की

**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां) भारतीय बल्लेबाजी लीजेंड सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मुंबई इंडियंस पर 12 रन की जीत में विराट कोहली की 67 रन की पारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि पारी की शुरुआत में ही लॉफ्टेड शॉट खेलने की दाएं हाथ के बल्लेबाज की मंशा उनके लिए बहुत कारगर साबित हुई। कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की, जो



इस सीजन का उनका दूसरा अर्द्धशतक है, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने 32 गेंदों पर 64 रन और जितेश शर्मा ने 21 गेंदों पर 40 रन की तेज पारी खेलकर मेहमान टीम को एमआई के खिलाफ 221/5 का मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। कोहली ने शानदार खेल दिखाते हुए जसप्रीत बुमराह का स्वागत मिड-विकेट पर छक्का लगाकर किया और फिर विग्नेश पुथुर पर छक्का मारकर सीजन का अपना दूसरा अर्द्धशतक पूरा किया। उनकी सनसनीखेज पारी का अंत तब हुआ जब वे 15वें ओवर में हार्दिक पांड्या का शिकार हो गए। गावस्कर ने कहा कि पिछले डेढ़ सत्र में सबसे बड़ा अंतर यह रहा है कि वे बहुत पहले ही लॉफ्टेड शॉट खेलने लगे हैं। पहले, लॉफ्टेड शॉट पारी के आखिर में आते थे, लेकिन अब वे पहली गेंद से ही जोखिम उठाने की कोशिश कर रहे हैं और इससे बहुत फर्क पड़ रहा है। गेंदबाज जो उनके ड्राइव और फ्लिक के लिए तैयार थे, अब गेंद को इनफील्ड से बाहर जाकर बाउंड्री के लिए जाते हुए देख रहे हैं।

## रायुडू ने पाटीदार का समर्थन किया

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का जोरदार समर्थन किया है, उन्होंने 10 साल बाद मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हराने के बाद उन्हें आईपीएल 2025 खिताब का गंभीर दावेदार बताया है। रायुडू को लगता है कि यह आखिरकार वह साल हो सकता है जब यह फ्रेंचाइजी अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करेगी और 18 साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी उठाएगी। उन्होंने कहा कि अगर आप उनकी टीम को देखें, तो उनके पास एक बहुत ही बढ़िया संयोजन है। अगर आप उन टीमों को देखें जो आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं, तो वे अभी भी अपने संयोजन आजमा रही हैं।

## पीएसजी ने आर्सेनल को हराकर चैम्पियंस लीग के फाइनल में प्रवेश किया

■ सातवें मिनट में इतालवी खिलाड़ी ने और भी बेहतर स्टॉप बनाया

**पेरिस,** 8 मई (एजेंसियां)। पेरिस सेंट-जर्मेन यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में इंटर मिलान से खेलेगा, आर्सेनल के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 की जीत के बाद वे कुल मिलाकर 3-1 से विजयी हुए। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार आर्सेनल के पास फिर से प्रतिस्पर्धा में आने और यहां तक कि टाई को पलटने के मौके थे, लेकिन पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने उन्हें बार-बार निराश किया। हालांकि आर्सेनल ने पिछले हफ्ते पीएसजी के तीन-मैन मिडफील्ड के खिलाफ पहले चरण को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष किया था, लेकिन मिकेल आर्टेटा के खिलाड़ियों ने जल्दी ही दिखा दिया कि वे पहले चरण की हार को पलटने के लिए पेरिस आए थे। खेल शुरू हुए एक मिनट भी नहीं हुआ था जब जुरियन टिम्बर ने डेक्लान राइस के लिए क्रॉस किया, लेकिन हेडर से गेंद वाइड चली गई। मेहमान टीम ने मैदान में पीएसजी को पछाड़ने की कोशिश की, जिसमें बुकायो साका और गेब्रियल मार्टिनेली दोनों सक्रिय थे और मार्टिनेली ने रात में डोनारुम्मा के बेहतरीन बचावों में से पहला बचाव किया, जब उन्होंने थॉमस पार्टी के लंबे थ्रो को लगभग रोक दिया। सातवें मिनट में इतालवी खिलाड़ी ने और भी बेहतर स्टॉप बनाया, जब पार्टी का एक और लंबा थ्रो मार्टिन ओडेगार्ड के पास गिरा, जिसका लो ड्राइव नेट में जाने के लिए नियत था, जब तक कि डोनारुम्मा ने एक बढ़िया ब्लॉक बनाने के लिए नीचे नहीं आ गए। आर्सेनल ने आगे बढ़कर होम साइड को ब्रेक पर विकल्प दिए, जिसमें खविचा क्वारत्सखेलिया ने पोस्ट पर हिट किया, इससे पहले कि फैबियन रुइज ने 27वें मिनट में स्कोरिंग खोली। मिडफील्डर ने फ्री किक से पार्टी के हेडर क्लीयरेंस को अपने सीने पर नियंत्रित करने के लिए लपका और एक शक्तिशाली वॉली को घर में मारा, जो विलियम सलीबा से टकराया।



पेरिस सेंट-जर्मेन यूईएफए चैंपियंस लीग

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 12 | 5 | 6 | 11 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.992 |